कश्मीरी स्तोत्रपरम्परा एवं दीनाक्रन्दन स्तोत्र

केदार नाथ शर्मा

भारत का मुकुट भूत कश्मीर प्रदेश प्रत्यभिज्ञा-दर्शन, काव्य शास्त्र एवं इतिहास ग्रन्थों के लेखन के लिए तो प्रसिद्ध है ही, यहाँ के भक्त कवियों ने अनेक उत्कृष्ट स्तोत्र काव्यों की रचना भी की है। ये स्तोत्र इतने भावपूर्ण हैं कि सहृदय पाठक के हृदय को भक्ति में लीन करने में नितान्त सक्षम हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थ में कश्मीरी कवियों द्वारा लिखित बारह स्तुति काव्यों–1. स्रग्धरा स्तोत्र, 2. देवीशतक, 3. शिव स्तोत्रावली, 4. भैरव स्तोत्र, 5. क्रम स्तोत्र, 6. देहस्थदेवताचक्रस्तोत्र, 7. अनुभव निवेदन स्तोत्र, 8. स्तवचिन्तामणि, 9. दीनाक्रन्दन स्तोत्र, 10. अर्धनारीश्वरस्तोत्र, 11. स्तुतिकुसुमाञ्जलि एवं 12. ईश्वरशतक-का समीक्षात्मक विवरण के साथ लोष्टक कृत **दीनाक्रन्दन स्तोत्र का दार्शनिक एवं साहित्यिक** दोनों दृष्टियों से अध्ययन किया गया है।

भक्तिमय स्तुति काव्यों में रुचि रखनेवाले पाठकों के लिए प्रस्तुत पुस्तक अत्यन्त उपयोगी है।

ISBN : 81-7854-048-7 मूल्य : 350.00

कश्मीरी स्तोत्रपरम्परा
एवं
दीनाक्रन्दन स्तोत्र

नान्दीवाक् :

कुलपति प्रो० राजेन्द्र मिश्र

डॉ० केदार नाथ शर्मा

ईस्टर्न बुक लिंकर्स
दिल्ली : : (भारत)

प्रकाशक :
ईस्टर्न बुक लिंकर्स
5825, न्यू चन्द्रावल, जवाहरनगर,
दिल्ली–110007
फोन : 23850287, 30919869
ई-मेल : easternbook@mantraonline.com

प्रथम संस्करण : 2004

© लेखक

मूल्य : 350.00

ISBN : 81-7854-048-7

टाईप सेटिंग
क्रियेटिव ग्राफिक्स
फोन० 55290641

मुद्रक
शाम प्रिंटिंग एजेन्सी, दिल्ली

समर्पण

शिष्यानुरागिभ्यां ताभ्यां गुरुभ्यां श्रद्धया मया।
वेदरामप्रतापाभ्यां कृतिरेषा समर्प्यते।।

[illegible]

[illegible]
[illegible]

नान्दीवाक्

महाकवि लोष्टक-प्रणीत दीनाक्रन्दनस्तोत्र का अध्ययन मैंने 1965 ई० में अपने डी० फिल्० शोधकार्य की अवधि में किया था। यह लघुकाव्य निर्णयसागर प्रेस ने काव्यमाला की चतुर्दश गुच्छक सीरीज़ में किया था जिनमें कुल 144 लघुग्रन्थों का प्रकाशन हुआ था। अपनी मञ्जुल पदशय्या, हृद्यानवद्य संवेदना तथा सरल-मधुर शैली के कारण तभी यह ललित काव्य हृदय में रच-बस गया था।

काश्मीर की सारस्वतविभा-मण्डित भूमि में जहाँ आनन्दवर्धन, अभिनव गुप्त, कुन्तक, क्षेमेन्द्र, वामन एवं उद्भट जैसे चूडान्त अलङ्कारशास्त्री आचार्य हुए, वसुगुप्त, उत्पल, लक्ष्मणगुप्त, अभिनव गुप्त, क्षेमराज एवं शितिकण्ठ-सरीखे साधनाप्रवण प्रत्यभिज्ञाशास्त्री हुए, वहीं मंखक, विल्हण एवं लोष्टक जैसे रसपेशल कवि भी हुए। क्षेमेन्द्र को तो मैं संस्कृत का प्रथम जनकवि मानता हूँ जिन्होंने काव्य की पुरानी लीक से अलग हट कर, स्वयुगीन लोक प्रवृत्तियों को कविता का वर्ण्यविषय बनाया। इसके प्रमाण हैं उनकी कलाविलास एवं दर्प-दलन सरीखी कृतियाँ।

श्रीकण्ठचरितकार मंखक ने महाकाव्य के 25 वें सर्ग में एक ऐसी सुकविसमज्या का वर्णन किया है जिसका प्रवर्तन स्वयं कवि के अग्रज अलङ्कार एवं महाराज जयसिंह के अमात्य लङ्कक—समवेतरूप से किया करते थे। इसी गोष्ठी में काव्यपाठ करने वाले कवियों में महाकवि लोष्टक एवं उनके यशस्वी पिताश्री रम्यदेव भी थे। मंखक के इस प्रामाण्य से लोष्टक का, जयसिंह का समसामयिक होना (1125-1175 ई०) सिद्ध हो जाता है।

महाकवि लोष्टक अपने यशोऽवदात पिता रम्यदेव की ही भाँति उच्चकोटि के विद्वान् एवं प्रतिभाधुरीण कवि थे। वह देववाणी संस्कृत के साथ ही साथ, प्राकृत, शौरसेनी, मागधी, पैशाची एवं देशजा (संभवतः अपनी मातृभाषा) में भी पारंगत थे। श्रीकण्ठचरितकार मंखक की एक प्रशस्ति से इसका प्रामाण्य मिलता है—

वाग्देवतालिनीलीलाधूतपक्षतिचातुरीम्।
वदनाम्बुरुहे यस्य भाषा षड्धिशेरते।।

महाकवि लोष्टक ने जीवन का सन्ध्याकाल भूतभावन शिव की पुरी वाराणसी में व्यतीत किया और यहीं उन्होंने अपनी कालजयी काव्यकृति 'दीनाक्रन्दनस्तोत्र' का प्रणयन भी किया जिसमें भगवान्-पार्वतीश्वर के प्रति अर्पित कवि के 54 श्लोक हैं। इन श्लोकों में, स्तोत्रकाव्यों की प्रकृति के ही अनुसार, कवि ने आत्मोद्धारार्थ नानाविध भाव अभिव्यक्त किये हैं भगवान् विश्वेश्वर के प्रति। इन्हीं भावों में विद्यमान है कवि की निरभिमानिता, आर्ति, विनयशीलता, भक्तजनोचित निर्बन्धपरायणता तथा वाक्चातुर्य। आत्मोद्धार के लिये प्रस्तुत किये गये तर्क तो सहृदय पाठक को अश्रुविगलित कर देते हैं। परवर्ती युग में वैसी भावच्छटा एकमात्र पण्डितराज जगन्नाथ के ही स्तोत्रों में मिल पाती है। जगन्नाथ के 'सुरधुनि! समुद्धार समयः' की ही शैली में लोष्टक भी अपने पापों को गिनाते हुए भगवान् चन्द्रमौलि से उद्धार की प्रार्थना करते हैं—

कृत्वा पापमसावप्रोष्यत निजः कायो न दीनो जनो
वैवश्याल्लुठितं चिरं चरणयोः स्त्रीणां गुरूणां न तु।
लोभोऽकारि धने मया, न सुकृते तेनाऽनुतप्ये महत्।
किं शक्यं मम तत्र कर्तुमधुना नाथ! त्वमेका गतिः।।

मेरे परमप्रिय अनुजरत्न डॉ० केदारनाथ शर्मा जी ने वस्तुतः संस्कृतजगत् को अतिशय उपकृत किया है इस कालजयी कृति का राष्ट्रभाषा हिन्दी में रूपान्तर करके। डॉ० शर्मा की कविविषयक साङ्गोपाङ्ग भूमिका के साथ यह ललितोचितसन्निवेश-चारु स्तोत्रकाव्य अब प्रकाशित हो रहा है—यह सहृदय पाठकों के लिये सौभाग्य का विषय है। अनुवाद के साथ टिप्पणी भी दी गई है, जिसमें स्तोत्रगंत पद्यों की रस, भाव, अलङ्कार आदि की दृष्टि से समीक्षा की गई है। 'कश्मीरी स्तोत्र परम्परा में दीनाक्रन्दन स्तोत्र का स्थान' शीर्षक के अन्तर्गत द्वादश स्तोत्र काव्यों का परिचय दिया गया है। परिशिष्ट में काश्मीरक स्तोत्र काव्यों का सङ्ग्रह है, जो बहुत उपयोगी है।

डॉ० केदारनाथ शर्मा जी अर्वाचीन संस्कृत-समाज के नित्यप्रबुद्ध प्रहरी हैं। एक कर्तव्यनिष्ठ, नित्याध्यवसायी प्राध्यापक होने के साथ ही साथ वह अत्यन्त गहन अध्येता अनुसन्धाता तथा आर्जवशील विद्वान् हैं। वह व्याकरण, सहित्य एवं दर्शन की त्रिपुटी में तो निष्णात हैं ही, आधुनिक भाषा विज्ञान एवं संस्कृत के संगणकीय प्रयोग (Computational Sanskrit) में भी अत्यन्त पारंगत है। उनकी इसी विशिष्टता के कारण जम्मू विश्वविद्यालय का संस्कृत-विभाग संस्कृत की संगणकीय शिक्षा का केन्द्र बनता जा रहा है।

ऐसे मनीषी युवा विद्वान् द्वारा महाकवि लोष्टक की यशस्विनी कृति का प्रकाशित किया जाना गौरव की बात है। मैं श्री शर्मा जी को एतदर्थ भूरिशः आशीः वितरित करता हूँ तथा संस्कृत-जगत् की ओर से उनके सारस्वतोपायन का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

कुलपति-निवास
5 मई 2003 ई०

सस्नेह
अभिराज राजेन्द्र मिश्र
कुलपति
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी (उ० प्र०)

प्रस्तावना

अस्ति कश्मीरभूमिः सा भारतमूर्ध्नि संस्थिता।
शारदापरनाम्नी या कुङ्कुमकवितयोः स्थली।।1।।
वेद-वेदाङ्गमर्मज्ञा नानाशास्त्रविचक्षणाः।
दार्शनिका महीयांसो बहुभाषाविदो बुधाः।।2।।
ज्ञान-विज्ञाननिष्णाता आचार्याः काव्यशास्त्रिणः।
अत्र जाता असङ्ख्याकाः कवयः क्रान्तदर्शिनः।।3।।
काव्यं स्फुरच्चमत्कारं ध्वन्यलङ्कारमण्डितम्।
रसान्वितं सशब्दार्थं सर्वमोदकरं भवेत्।।4।।
तस्य कवेः कवित्वं नो नापि काव्यस्य काव्यता।
नास्ति यत्र चमत्कारो रसालङ्कारमध्यगः।।5।।
कविभिः काव्यशास्त्रज्ञैः प्रत्यक्षतः परोक्षतः।
चमत्कारस्थितिः काव्ये प्राधान्येन निगद्यते।।6।।
कवित्वशक्तिसम्पन्नो नैपुण्याभ्याससंयुतः।
चमत्कारसमाहर्ता चमत्कारस्य साधकः।।7।।
षड्भाषाणां विशेषज्ञो योगी भक्तः स लोष्टकः।
साक्षात्सरस्वतीपुत्रः शिवध्यानपरायणः।।8।।
चमत्कारसमाकीर्णं रसभावादिपेशलम्।
निरमाय्यद्भुतं स्तोत्रं दीनाक्रन्दननामकम्।।9।।
वस्तुशब्दार्थसार्थं तत् काव्यं कुर्वन्महामतिः।
काव्यस्य प्रतिमां काञ्चित् प्रददर्श स्थले स्थले।।10।।

नृपाणाञ्च जनानाञ्च समासु कविगोष्ठिषु ।
अवाप धवलां कीर्तिं सम्मानञ्च महाकविः ।।11।।
अधुनापि प्रसिद्धं तद्भक्तिभावसमन्वितम् ।
कुतूहलसमाविष्टं चमत्कारेण सम्प्लुतम् ।।12।।
छन्दोभि र्ललितै र्बद्धं भाषासौन्दर्यपूरितम् ।
काव्यं तदुत्तमं सर्वैः स्वैरैक्येन प्रशस्यते ।।13।।
वेदज्ञानगभस्तिमुज्ज्वलतमां पश्यन्ति वै वैदिकाः
ज्ञाता निर्मलबुद्धिनैव मुनिभि र्वेदान्तविद्या परा ।
शान्त्यानन्दकरो रसः स सुलभो येनाकृत क्रीडया
सोऽयं भातु महेशभक्तिनिरतः श्रीलोष्टकाख्यः कविः ।।14।।
कविः करोति सत्काव्यं तद् व्याख्याति समीक्षकः ।
काव्यार्थस्तद्गता भावा बुध्यन्ते ते समीक्षया ।।15।।
व्याख्याभावे तु काव्यस्य महत्त्वं केन वेद्यते ।
सदसच्छंशये जाते विद्वन्मतमपेक्ष्यते ।।16।।
दीनाक्रन्दनकाव्यस्य सरलभाषया कृता ।
मर्मप्रकाशिनी टीका केदारनाथेन शास्त्रिणा ।।17।।
ग्लानिनिर्वेदभावाश्च गुणालंकाररीतयः ।
भक्तिभयानकौ शान्त इमे रसाः प्रदर्शिताः ।।18।।
देहलीदीपकन्याये स्थित्वा स कविगुणान् ।
प्रकटयति बुद्धिं स्वां नीरक्षीरविवेकिनीम् ।।19।।
त्यक्त्वोद्वेगकरं जगत्तु यतते मोक्षाय कश्चिज्जनः
कश्चित् कामयते धनञ्च विपुलं राज्यञ्च कोऽपि परः ।
कामांस्तान् परिहाय सैष मनसः केदारनाथः सुधी
र्वाग्देव्याः परिचारकस्तु भवताद् भक्तिं परां प्राप्नुयात् ।।20।।

2/15, त्रिकुटा नगर, जम्मू — वेदकुमारीरामप्रतापी
25-5-2003

प्राक्कथन

संस्कृत वाङ्मय की समृद्धि में कश्मीर का महनीय योगदान है। प्राकृतिक सुषमाओं से मण्डित इस भूमि में पुराण, काव्य, नाटक, दर्शन, व्याकरण, आयुर्वेद, इतिहास, तन्त्र, अलङ्कार शास्त्र इन सभी विधाओं पर अनेक मौलिक रचनायें लिखी गई। दर्शन के क्षेत्र में यहाँ का मौलिक देन काश्मीर शैव दर्शन के नाम से प्रसिद्ध है, जिसे प्रत्यभिज्ञा दर्शन तथा त्रिक दर्शन भी कहा जाता है।

अलंकार शास्त्र पर तो कश्मीर का योगदान अत्यंत गौरव पूर्ण है। कश्मीर में लिखे गये अलकार शास्त्र के ग्रन्थ गुण एवं परिमाण दोनों दृष्टियों से महत्त्व पूर्ण हैं। अलंकार शास्त्र के प्रचलित सभी छः सिद्धान्तों के प्रवर्तक यहीं के आचार्य हैं। कश्मीर की भूमि पर लिखे गये महाकाव्यों, ऐतिहासिक काव्यों, मुक्तककाव्यों, स्तोत्रकाव्यों तथा लघुकाव्यों की भी बड़ी संख्या है। पाँचवीं शताब्दी ईस्वी से लेकर आज तक प्रवाहित होने वाली साहित्य-सरित् में अंशदान करने वाले रचनाकारों में कल्हण, विल्हण, अभिनवगुप्त, मम्मट, वसुगुप्त, उत्पल देव जैसे कई मनीषी तो अपनी-अपनी कालजयी रचनाओं के कारण अत्यंत प्रसिद्ध हैं, परन्तु उनमें कई ऐसे लेखक भी हैं जो अपेक्षाकृत छोटी तथा अल्पगुणी रचनाओं के कारण अपेक्षाकृत कम विख्यात हैं। संस्कृत साहित्य के प्रति कश्मीर के योगदान के सन्दर्भ में इन अल्प प्रसिद्ध लेखकों की रचनाओं का अंशदान भी अविस्मरणीय है।

बारहवीं शताब्दी ईस्वी के आस-पास के कवि लोष्टक इसी श्रेणी के कवि हैं। लोष्टक के नाम से दो रचनायें उपलब्ध हैं, जिनमें से एक **'दीनाक्रन्दन स्तोत्रम्'** नाम से लघु स्तोत्रकाव्य है। यह कवि की स्वतन्त्र रचना है। दूसरी कृति **"रघुवंश टीका"** है, जो महाकवि कालिदास के रघुवंशमहाकाव्य पर संस्कृत टीका है। प्रस्तुत पुस्तक **"कश्मीरी स्तोत्र-परम्परा एवं दीनाक्रन्दन स्तोत्र"** कश्मीर में लिखित स्तोत्र काव्यों—विशेषतः लोष्टक कृत दीनाक्रन्दन स्तोत्र को संस्कृत जगत् के सामने लाने का प्रयास है। पुस्तक में कश्मीर में लिखे गये स्तोत्र काव्यों का समीक्षात्मक विवरण प्रस्तुत कर दीनाक्रन्दन स्तोत्र का दार्शनिक एवं साहित्यिक दोनों दृष्टियों से अध्ययन किया गया है। पुस्तक के तीन भाग हैं। प्रथम भाग को

भी चार अध्यायों में बाँटा गया है। **प्रथम अध्याय** में कश्मीरी कवियों द्वारा लिखे गये बारह स्तोत्रों का समीक्षात्मक विवरण देकर उनमें दीनाक्रन्दन स्तोत्र का स्थान निर्धारित किया गया है। **द्वितीय अध्याय** दीनाक्रन्दनस्तोत्र के रचयिता कवि लोष्टक का वंश, पाण्डित्य एवं साहित्य की जानकारी देता है। धार्मिक एवं कुलीन वंश में उत्पन्न कवि लोष्टक संस्कृत, शौरसेनी, मागधी, पैशाची, प्राकृत और देशजा इन छः भाषाओं के ज्ञाता एवं दर्शन, व्याकरण तथा साहित्य के प्रकाण्ड विद्वान् थे। विषय विवेचन नामक **तृतीय अध्याय** में दीनाक्रन्दन स्तोत्र में निहित दार्शनिक विचारसंकेतों का भारतीय दर्शन के प्रकाश में विस्तार से विचार किया गया है। स्तोत्र में संकेतित विचार-बिन्दुओं का अध्ययन इन शीर्षकों के अन्तर्गत किया गया है—अज्ञान, कर्म तथा कर्मफल, मन की चञ्चलता, विषयों का कटुविपाक, संतान-बंधन, सांसारिक सम्बन्धियों की असारता, जन्म का कष्ट, प्राण-त्याग के समय की भयावह दशा, नरक वर्णन, यमराज के अनुचर, भव बन्धन से छूटने का मार्ग आदि। यहीं पर भक्त की शिव के प्रति अभिव्यक्त दीनता, करुणक्रन्दन और उपालम्भ का भी उल्लेख है। प्रथम भाग के ही अन्तिम, **चतुर्थ अध्याय** में दीनाक्रन्दन स्तोत्र का साहित्यिक अध्ययन किया गया है। मूलतः दार्शनिक विचारों से पूर्ण स्तुति काव्य होते हुए भी लोष्टक का यह लघु काव्य साहित्यिक सुषमा की दृष्टि से महनीय है। दीन कवि के आत्म निवेदन में दास्यभक्ति रस की समुचित अभिव्यक्ति हुई है। इस अध्याय के प्रथमार्ध में स्तोत्र के भाव पक्ष की विवेचना है, जहाँ भक्ति रस को परिभाषित विश्लेषित कर दीनाक्रन्दन में भक्तिरस सिद्ध किया गया है। अध्याय का द्वितीयार्ध कलापक्ष से संबद्ध है, जिसमें स्तोत्र की भाषा शैली एवं अलंकार प्रदर्शित किये गये हैं। अलंकारों में कवि ने अनुप्रास, उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक, काव्यलिङ्ग अर्थान्तरन्यास, स्वभावोक्ति, परिकर एवं भाविक अलंकारों का भावानुकूल वर्णन किया है। इस प्रकार लोष्टक ने दीनाक्रन्दन स्तोत्र के रूप में कविता कामिनी के माध्यम से दार्शनिक विचारों का जिस कौशल से प्रतिपादन दिया है, वह स्तुत्य है। पुस्तक के **द्वितीय भाग** में दीनाक्रन्दन स्तोत्र के मूलपाठ एवं उसका सटिप्पण हिन्दी अनुवाद दिया गया है। अनुवाद की भाषा अत्यंत सरल है। टिप्पणी में रस, भाव, अलंकार एवं पौराणिक आख्यानों का निर्देश किया गया है।

तृतीय भाग में कश्मीर में लिखे गये दस स्तोत्रों का मूल पाठ दिया गया है। इनमें से कई स्तोत्र दुर्लभ हैं, और अन्य स्वतन्त्र रूप से प्रकाशित हैं। कश्मीरी स्तोत्र काव्यों में रुचि रखने वाले सुधी पाठकों को ये सहज उपलब्ध हो सकें इस

उद्देश्य से इन्हें यहाँ एकत्र प्रकाशित कर दिया गया है। इस स्तोत्र संग्रह में स्तुति-कुसुमाञ्जलि, शिवस्तोत्रावली एवं स्तवचिन्तामणि को पुस्तक के आकार वृद्धि के भय से नहीं दिया गया है। आनन्दवर्धनकृत देवीशतक एवं अवतारकवि रचित ईश्वरशतक चित्र काव्य की शैली में लिखे गये स्तोत्र हैं। इनके दुरूह अर्थ को ध्यान में रखते हुए मूलपाठ के साथ संस्कृत टीका भी साथ दी गई है। ये दोनों काव्य काव्यामाला में प्रकाशित हैं।

इस पुस्तक का अधिकांश भाग 1978 ई० में ही लिखकर तैयार हो चुका था, परन्तु कुछ परिस्थिति जन्य बाधाओं एवं कुछ प्रमाद वश पुस्तक के प्रकाशन में बाधा आती गई। लम्बी अवधि के पश्चात् आज पुस्तको विद्वत् समाज के समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अपार सन्तोष का अनुभव हो रहा है।

इस पुस्तक के लेखन सहित मेरे समग्र शैक्षणिक विकास में गुरुद्वय आदरणीय प्रो० वेदकुमारी घई एवं प्रो० राम प्रताप जी की प्रेरणा एवं आशीर्वाद का बहुत बड़ा हाथ है। ईश्वर मुझे सदा इनके आशीर्वाद का पात्र बनाये रखें। पुस्तक लेखन के समय स्वर्गस्थ पिताजी एवं ममतामयी माता जी का आशीर्वाद, अग्रजों एवं अनुजों के निस्स्वार्थ स्नेह का सम्बल लगातार मिलता रहा, इन सबको मेरा नमन।

मुझे लिखते-पढ़ते देखकर मेरा पुत्र वर्चस् 'पापा वर्चस लिखना' 'पापा वर्चस पढ़ना' कहकर बार-बार बाधित करता, कभी अपने साथ खेलने को हठ करता, जिससे कई बार उसे मुझसे ताड़ना मिलती, डाँट पड़ती, मैं जानते हुए भी उसकी भावना का अनादर करता। मैं उसका अपराधी हूँ। ईश्वर इसे आयुष्मान् बनाये।

हर हाल में मेरे सुख को ध्यान रखने वाली पत्नी उमा को साधुवाद मात्र देकर ऋणमुक्त नहीं हो सकता।

पुस्तक के प्रूफ रीडिंग में सहयोग के लिए बड़े साले श्री सुरेन्द्र पाण्डे को धन्यवाद। पुस्तक सूची निर्माण एवं प्रुफ रीडिङ्ग में प्रिय विद्याधरसिंह का सहयोग प्राप्त हुआ है। उन्हें मेरा आशीर्वाद।

पुस्तक लेखन में जिन रचनाकारो के ग्रन्थों से प्रत्यक्षाप्रत्यक्ष सहायता मिली है, उन सब के प्रति मैं आभारी हूँ।

अन्तः में पुस्तक को इस सुन्दर आकार में प्रकाशित कर 'ईस्टर्न बुक लिंकर्स, दिल्ली के श्री शाम लाल मल्होत्रा ने मुझे अनुगृहीत किया है, ईश्वर सदा उन्हें उन्नति-पथ पर ले जायें।

विद्वच्चरणरेणुकांक्षी

जम्मू 30 मई, 2003. डा० केदारनाथ शर्मा

संकेतसूची

अग्नि पु०	अग्निपुराण
अ०	अध्याय
अर्ध-ना०	अर्धनारीश्वर स्तोत्र
क०सं०सा०यो०	कश्मीर का संस्कृत साहित्य को योगदान
का०प्र०	काव्य प्रकाश
काव्याद०	काव्यादर्श
काव्याल०	काव्यालङ्कार,
कुवल०	कुवलयानन्द
गीता	श्रीमद्भगवद्गीता
द०प०	दशम परिच्छेद
दीनाक्रं०	दीनाक्रन्दन स्तोत्र
भग०भक्तिरसा०	भगवद् भक्तिरसायनम्
भक्तिरसा०	भक्तिरसामृतसिन्धु
शिव पु०	शिव पुराण
शु०नी०	शुक्रनीति
सं०सा०इ०	संस्कृत साहित्य का इतिहास
सा०द०	साहित्यदर्पण
स्तुति कु०	स्तुतिकुसुमाञ्जलि

विषय सूची

नान्दीवाक् v-vii
प्रस्तावना ix-x
प्राक्कथन xi-xiii
सङ्केत सूची xiv

प्रथम भाग

प्रथम अध्याय : कश्मीरी स्तोत्र काव्य-परम्परा में दीनाक्रन्दन स्तोत्र का स्थान 3-33
स्रग्धरा स्तोत्र 4
देवीशतक 5
शिवस्तोत्रावली 7
भैरवस्तोत्र 10
क्रमस्तोत्र 12
देहस्थ देवताचक्रस्तोत्र 13
अनुभवनिवेदन स्तोत्र 14
स्तवचिन्तामणि 15
दीनाक्रन्दनस्तोत्र 18
अर्धनारीश्वर स्तोत्र 21
स्तुति कुसुमाञ्जलि 23
ईश्वर शतक 28

द्वितीय अध्याय : कवि लोष्टक–समय, वंश, पाण्डित्य 34-39
साहित्य–रघुवंशटीका, 38
दीनाक्रन्दन स्तोत्र, 38
अन्य रचनायें। 39
तृतीय अध्याय : विषय विवेचन 40-58
(1) सांसारिक दुःखों का चित्रण 40-43
विषयों का कटु विपाक, सन्तान-
बन्धन, जन्म का कष्ट,
प्राण त्याग के समय की
भयावह दशा,
(2) नरक का वर्णन–नरक का कष्ट, यमराज के अनुचर 44-45
(3) अज्ञान 45
(4) कर्म तथा कर्मफल 47
(5) मन की चञ्चलता 48
(6) भव-बन्धन से छूटने का मार्ग 49
(7) कवि का इष्ट देव शिव 51
(8) कवि द्वारा शिव के लिए प्रयुक्त अन्यान्य सम्बोधन तथा विशेषण 52
(9) शिव के विशेषण 53
(10) कवि की दीनता, करुण क्रन्दन और शिव को उपालम्भ 53-56
(11) कवि द्वारा अपने लिए प्रयुक्त विशेषण 57
चतुर्थ अध्याय : भाव एवं कला पक्ष 59-73
(क) भाव पक्ष 59
भक्ति रस तथा दीनाक्रन्दन
स्तोत्र में इसका स्थान 59
भक्ति रस के भेद, मुख्य भेद, 60-61
गौण भेद

(ख) कलापक्ष 63

भाषाशैली 63

शब्दचयन 64

अलंकारों का समावेश 65

उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक,

काव्यलिङ्ग, अनुप्रास,

अर्थान्तरन्यास, स्वाभावोक्ति,

परिकर, भाविक,

छन्दो-रचना 72

वसन्ततिलका

शार्दूलविक्रीडितम्

शिखरिणी

मन्दाक्रान्ता

स्रग्धरा

द्वितीय भाग

दीनाक्रन्दन स्तोत्र का मूलपाठ एवं उसका सटिप्पण अनुवाद 77-108

तृतीय भाग

काश्मीरक स्तोत्रकाव्यानि 109-217

1. स्रग्धरा स्तोत्रम्। 111-120
2. देवी शतकम् (कय्यटकृतटीका सहितम्)। 121-153
3. भैरव स्तोत्रम्। 154-155
4. क्रमस्तोत्रम् 156-160
5. देहस्थदेवताचक्रस्तोत्रम्। 161-162
6. अनुभवनिवेदनस्तोत्रम्। 163
7. अनुत्तराष्टिका। 164-165

8. परमार्थ द्वादशिका। 166-168
9. दीनाक्रन्दनस्तोत्रम्। 169-179
10. अर्धनारीश्वर-स्तोत्रम्। 180-182
11. ईश्वर शतकम् (सटीकम्)। 183-217
सन्दर्भ ग्रन्थ सूची 218-221

प्रथम भाग

1. कश्मीरी स्तोत्रकाव्य परम्परा में दीना क्रन्दन स्तोत्र का स्थान
2. कवि लोष्टक
3. विषय विवेचन—दार्शनिक अध्ययन
4. साहित्यिक अध्ययन

[illegible]

---

1. [illegible]
2. [illegible]
3. [illegible]
4. [illegible]

कश्मीरी स्तोत्रकाव्य परम्परा में दीनाक्रन्दन का स्थान

कश्मीर प्रदेश यद्यपि काव्यशास्त्र एवं अद्वैत शैवदर्शन के लिए विशेष रूप से जाना जाता है, परन्तु भक्ति रस से पूर्ण स्तोत्र काव्यों की रचना में भी यहाँ के लेखक अग्रणी हैं।

स्तोत्र काव्यों में भक्त कवि अपने हृदय के उद्गारों को स्तुति के माध्यम से अपने इष्ट देव के समक्ष प्रकट करता है। स्तुति का अर्थ है—श्लाघा अर्थात् स्तुत्य के गुणों का वर्णन। सकाम या निष्काम भाव से, अपने इष्ट देव, उपास्य देव की आराधना करने वाले भक्त कवियों को अपनी अभीष्ट सिद्धि में स्तुति का एक बड़ा आधार मिल जाता है। इष्ट देव को अपने अनुकूल बनाने के लिए यज्ञ, दान, तप, व्रत, योग आदि शास्त्र सम्मत अन्य साधनों में से स्तुति सर्व सुलभ, सर्वोत्कृष्ट एवं अत्यावश्यक साधन है। स्तुति के बिना यज्ञ, दान, व्रत, तप आदि साधनों की पूर्णता ही नहीं हो सकती, बल्कि यज्ञ, दान, व्रत, तप आदि प्रत्येक विधि की परिपूर्णता स्तुति के बिना होती ही नहीं। कितना ही बड़ा धर्मानुष्ठान, यज्ञादि कर्म क्यों न किया जाय, उसमें थोड़ी बहुत स्तुति का सम्मिश्रण होता ही है।

मनुष्यों से लेकर देवताओं तक सभी को स्तुति अति प्रिय लगती है, जैसा कि शुक्राचार्य का कथन है—स्तुति से देवता भी वश में आ जाते हैं, फिर मनुष्यों की तो बात ही क्या है—स्तुत्या वशं यान्ति देवा ह्यसा किं पुनर्नराः।[1] क्रूर एवं निर्दयी व्यक्ति भी अपनी स्तुति सुनकर थोड़ा द्रवित अवश्य होता है, स्तुति से सभी वश में आ जाते हैं।

स्तोत्र काव्यों में भक्त कवि अपने आराध्य देव को अनुकूल बनाने के लिए स्तुति का आश्रय लेता है। ये काव्य मानवीय कोमल भावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति की दृष्टि से महनीय स्थान रखते हैं। स्तोत्र काव्य में भक्त कवि अपने

---

1. शुक्रनीति, अध्याय 4

अभीष्ट देव की उदारता, महिमा का स्तुति गान करते हुए अपनी दीनता, तुच्छता, दुःख, दर्द आदि को प्रकट करता है। स्तुति काव्यों का कवि कभी भगवान् के दिव्य स्वरूप के दर्शन से अचम्भित हो उठता है, कभी उसकी असीम् अनुकम्पा, अलौकिक सामर्थ्य, दीनजनों के प्रति स्नेह आदि को देखकर उसकी महिमा का गान करते हुए मुग्ध हो जाता है, कभी अपना असामर्थ्य, अवगुण, हीनता आदि का स्मरण कर व्यथित हो उठता है। इन काव्यों में सर्व सामर्थ्य सम्पन्न अपने इष्ट देव के समक्ष भक्त कवियों की दीनता की अभिव्यक्ति जिन कोमल शब्दों में हुई है, वह बड़ी मार्मिक, रसपेशल एवं रोचक है।

कश्मीर में लिखे गये स्तोत्र काव्यों में सर्वज्ञमित्र का **स्रग्धरा स्तोत्र**, आनन्दवर्धन का **देवीशतक**, उत्पल देव की **शिव स्तोत्रावली**, अभिनवगुप्त का **भैरव स्तोत्र** एवं **क्रम स्तोत्र**, भट्ट नारायण की **स्तवचिन्तामणि**, लोष्टक का **दीनाक्रन्दन स्तोत्र**, कल्हण का **अर्धनारीश्वर स्तोत्र**, जगद्धरभट्ट कृत **स्तुतिकुसमाञ्जलि** एवं अवतार कवि रचित **ईश्वर शतक** उल्लेखनीय हैं। यहाँ इन स्तोत्र काव्यों का संक्षिप्त परिचय देकर उनमें **दीनाक्रन्दन स्तोत्र** का स्थान निर्धारित करने का प्रयास किया जायेगा।

स्रग्धरा स्तोत्र

स्रग्धरा-स्तोत्र या आर्यतारा-स्रग्धरा स्तोत्र[1] आठवीं शताब्दी पूर्वार्द्ध[2] के बौद्ध कवि सर्वज्ञमित्र की रचना है। बौद्ध देवी तारा की स्तुति में लिखे गये इस लघु स्तोत्र में स्रग्धरा छन्दो बद्ध 37 रोचक पद्य हैं। बौद्धधर्म के महायान सम्प्रदाय में तारा देवी अवलोकितेश्वर बुद्ध की प्रतिमूर्ति मानी गई हैं। वह स्रग्धरा नाम से भी विख्यात हैं। तारा देवी महायान सम्प्रदाय में मातृदेवी तथा त्राणकारिणी देवी के रूप में अत्यन्त लोक-प्रिय हो गई थीं।

इस स्तोत्र की रचना के विषय में एक किंवदन्ती प्रचलित है कि सर्वज्ञमित्र कश्मीर के महाराजा का जमाता था और बौद्धधर्म का आश्रय ग्रहण करने से पूर्व धनवान् था परन्तु उसने अपना समग्र-धन दान दे दिया और निर्धन हो गया। एक ब्राह्मण ने अपनी कन्या के विवाहार्थ उससे धन की याचना की। तदर्थ धन संग्रह के लिए उसने अपने आप को एक ऐसे राजा के हाथों बेच डाला जो नरमेध यज्ञ

1. आ० नरेन्द्र देव : बौद्ध धर्म-दर्शन, पृ० 176
2. डॉ० वेद कुमारी : कश्मीर का संस्कृत साहित्य को योगदान, पृ० 148; विण्टरनित्ज़ ने इनका समय 800-850 ई० माना है। देखिए Winter Nitz's History of Indian Literature, p. 320
3. M. Winternitz's History of Indian Literature, (Bhaskar Jha's Tr.) Vol: II, Part I, pp. 320-21

में सौ मनुष्यों की बलि देना चाहता था। परन्तु वध करने के लिए लाये गये अन्य मनुष्यों के दुःखों से द्रवित होकर उसने प्रस्तुत स्तोत्र की रचना की और तारा देवी की कृपा से अपने और सब मनुष्यों के प्राणों को बचा लिया। आर्य तारा के प्रति हठपूर्ण कवि की स्तुति का एक नमूना देखें :

पापी यद्यस्मि कस्मात् त्वयि मम महती वर्द्धते भक्तिरेषा
श्रुत्या स्मृत्या च नाम्नाप्यपहरसि हठात् पापमेका त्वमेव।
त्यक्तव्यापारभारा तदसि मयि कथं कथ्यतां तथ्यकथ्ये
पथ्यं ग्लाने मरिष्यत्यपि विपुलकृपः किं भिषग् रोरुधीति।। -स्रग्धरा स्तोत्र, 8

यह स्तोत्र महायान सम्प्रदाय की उस प्रवृत्ति का परिचायक है, जब बौद्ध धर्मानुयायी पुराणों से प्रभावित होकर अवतारवाद को मान्यता देने लगे। वस्तुतः महायान सूत्र और पुराणों में बड़ा साम्य है।[1]

यह स्तोत्र 'बुद्ध स्तोत्र संग्रह' के प्रथम भाग में प्रकाशित है,[2] और सुन्दर काव्य शैली का नमूना है।

देवीशतक

ध्वन्यालोक के रचयिता आनन्दवर्धन (850 ई० के लगभग) के द्वारा भगवती दुर्गा की स्तुति में लिखे गये इस स्तोत्र में कुल 104 पद्य हैं। यह स्तोत्र काव्य माला नवम गुच्छक में प्रकाशित है।[3] स्तोत्र के अन्तिम पद्य से ज्ञात होता है कि कवि ने आनन्द कथा तथा त्रिदशानन्द नामक दो अन्य ग्रन्थों की भी रचना की थी। स्तोत्र के 101 वें पद्य के अनुसार देवी ने स्वप्न में प्रकट के होकर कवि को यह स्तोत्र रचने की आज्ञा दी थी,[4] और उनके पिता का नाम 'नोण' था। आनन्दवर्धन के इस काव्य में हृदयपक्ष कलापक्ष के आडम्बर से दब-सा गया है। यह पूरा शतक चित्रकाव्य की शैली में रचा गया है। जिससे काव्य बड़ा नीरस एवं दुरूह बना गया है। उदाहरण के लिए एक पद्य प्रस्तुत है—

सर स्वति प्रसादं मे स्थितिं चित्तसरस्वति।
सरस्वति कुरु क्षेत्रकुरुक्षेत्रसरस्वति।।[5]

श्लोक का भाव यह है—हे सरस्वति, आप अतिशय (=स्वति) प्रसाद को

1. आचार्य नरेन्द्र देव : बौद्ध धर्म दर्शन, पृ० 176
2- Buddhastotrasamgraha, Vol. I, ed. by S.Ch. Vidyabhushana, Calcutta, 1908.
3. काव्यमाला, नवम गुच्छक, पृ० 1-31 (प्रकाशक: चौखम्बा भारती अकादमी, वाराणसी, 1987)।
4. देव्या स्वप्नोद्गमादिष्टदेवीशतकसंज्ञया।
देशितानुपमामाधादतो नोणसुतो नुतिम्।। —देवीशतक, पद्य 101
5. वही, पद्य-50

धारण कीजिए और मेरा चित्तरूपी समुद्र (सरस्वान्) में स्थिति कीजिए। आप शरीर (=क्षेत्र) रूपी कुरुक्षेत्र में सरस्वती नदी के समान सदा निवास करने वाली हैं।

यहाँ "सरस्वती" पद के चार भिन्न-भिन्न प्रयोगों से यमकालङ्कार की सृष्टि हो रही है। ध्वनि को काव्य की आत्मा मानने वाले आचार्य की इस कृति में शब्दालङ्कार के प्रदर्शन को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि देवीशतक की रचना इन्होंने ध्वन्यालोक से काफी पहले की होगी। देवीशतक भक्तिभाव की अभिव्यञ्जना की दृष्टि से तो नहीं पर यमक, श्लेष एवं चित्रालंकारों के नियोजन के दृष्टि से पाठकों को चमत्कृत अवश्य करता है। केवल दो व्यञ्जनों सकार एवं तकार के प्रयोग से निम्न पद्य की रचना में कवि का शब्दचातुर्य के प्रति रुचि प्रकट होती है—

सिता संसत्सु सत्तास्ते स्तुतेस्ते सततं सतः।
ततास्ति तैति तस्तेति सूतिः सूति स्ततोऽसि सः।।[1]

हे देवी! आपकी स्तुति के कारण सज्जन व्यक्ति की सभाओं में निरन्तर प्रशंसा एवं विद्यमानता होती है, जिसमें व्याधियों का नाश होता है।

शतक के 25वें पद्य में सर्वतोभद्रचित्रालङ्कार का प्रयोग भी दर्शनीय है, जिसमें वर्णों की योजना इस प्रकार से की गई है कि किसी श्लोक के एक-एक पादों को किसी भी ओर से पढ़ने पर समान पद प्राप्त होते हैं।[2]

विरोधाभास के निम्न पद्य में भी कवि का अलङ्कार प्रेम देखा जा सकता है—

दुर्गापि मातः सुलभासि भक्त्या भावानुकूलापि भवं क्षिणोषि।
अध्येयतां यासि सदैव देवि ध्येयासि चित्रं चरितं तवैतत्।।[3]

प्रभातसन्ध्या के साथ देवी की यह उपमा भी सुन्दर है—

वन्द्या प्रभातसन्ध्येव सूर्यालोकप्रवर्तिनी।
निवर्तयसि देवि त्वं महामोहमयीं निशाम्।।[4]

हे देवी! आप उस प्रभात सन्ध्या के समान वन्दनीया ही, जो सूर्य के प्रकाश

---

1. देवीशतक, पद्य 93
2. जितानया या नताजितारसाततसारता।
न सावना नावसानयातनारिरिना तया।।वही पद्य 25
3. देवी शतक, पद्य 75
4. वही, पद्य 77

को लाती है और महामोहमयी रात्रि को दूर करती है। तुम भी भक्तों को ज्ञान का प्रकाश देती हो और उनके अज्ञानान्धकार को मिटाती हो।

कुल मिलाकर आनन्दवर्धन के इस काव्य में भाव पक्ष शब्दालङ्कार के भार से बाधित हो गया है। कई पद्य इतने दुर्बोध हो गये हैं कि उनका अर्थ समझना पण्डितों के लिए भी बड़ा दुष्कर है। काव्य की दुर्बोधता को ध्यान में रखकर ही कश्मीरी आचार्य कय्यट ने इस पर एक विशद टीका लिखी है। देवीशतक के टीकाकार कय्यट महाभाष्य की प्रदीप टीका के लेखक वैयाकरण कैयट से नितान्त भिन्न हैं। ये शिशुपालबन्ध आदि काव्यों के विश्रुत टीकाकार वल्लभी के पौत्र तथा चन्द्रादित्य के पुत्र थे।[1] टीका का समय 4078 कलिसंवत् (=978 ई०) दिया गया है।[2]

"काव्य स्यात्मा ध्वनिः"[3] लिखकर ध्वनि या व्यङ्गार्थ को काव्य की आत्मा मानने वाले आलोचक के द्वारा अत्यंत अलंकृत शैली का यह काव्य लिखा जाना अपने आप में महान् आश्चर्य है।

शिव स्तोत्रावली

कश्मीर प्रत्यभिज्ञादर्शन, जिसे शैवदर्शन तथा त्रिकदर्शन भी कहा जाता है, का उद्भव स्थल है। यहाँ के शैवाचार्यों ने प्रत्यभिज्ञादर्शन का ही निर्माण नहीं किया अपितु भक्ति रस पूर्ण स्तुति काव्यों की रचनाकर भगवान् शंकर के प्रति अपार भक्तिभावना का परिचय भी दिया है। भगवान् शंकर के उपासक यहाँ के अनेक भक्त कवियों ने शिव की स्तुति मं कई उत्कृष्ट काव्यों की रचना की है, इन शिवभक्त कवियों में उत्पलदेव प्रमुख हैं। इनकी रचना शिव स्तोत्रावली को कश्मीर के शैवस्तोत्र साहित्य का प्रथम स्तोत्र काव्य होने का गौरव प्राप्त है। उत्पलदेव आचार्य सोमदेव के शिष्य थे और इनका समय नवम शताब्दी ई० का उत्तरार्ध है।[4] शिवस्तोत्रावली के अतिरिक्त इनकी (1) ईश्वर प्रत्यभिज्ञा, (2) ईश्वर प्रत्यभिज्ञा वृत्ति (3) ईश्वर प्रत्यभिज्ञा टीका (4) सम्बन्ध सिद्धि, (5) अजड प्रमातृ सिद्धि, (6) ईश्वर सिद्धि, (7) शिव दृष्टि वृत्ति आदि रचनायें प्रसिद्ध हैं।[5] ये सभी ग्रन्थ शैवदर्शनपरक हैं। शिव स्तोत्रावली भगवान् शंकर की स्तुति में लिखे गये 20 स्तोत्रों का संग्रह है, जिसमें कुल 450 भक्तिपूरित पद्य हैं। इन स्तोत्रों में कवि ने

1. द्रष्टव्य, सं०सा०इ० (बलदेव), पृ० 370
2. वही, पृ० 371
3. ध्वन्यालोक 1.1.
4. सं०सा०इ० (आचार्य बलदेव), पृ० 364
5. शिव स्तोत्रावली की भूमिका, पृ० 4

भगवान् शंकर के अनन्त गुणों का मनोरम वर्णन किया है। अद्वैत शैव दर्शन के मूल सिद्धातों को आधार बनाकर लिखे गये इस काव्य में समावेशमयी भक्ति और उस की सफलता से प्राप्त होने वाले परमानन्द का सुन्दर चित्रण हुआ है। भाव सौन्दर्य की दृष्टि से यह काव्य बड़े उच्च कोटि का है। भक्त कवि को अपने उपास्य देव शंकर से सम्पर्क रखने वाली हर वस्तु से प्रेम है, परन्तु यदि कोई उत्तम से उत्तम भी वस्तु भगवान् शंकर के सम्पर्क से रहित है तो उसे प्रिय नहीं है—

कण्ठकोणविनिविष्टमीश ते कालकूटमपि मे महामृतम्।
अप्युपात्तममृतं भवद् वपुर्भेदवृत्ति यदि न मे रोचते।।[1]

हे प्रभो! आपके कण्ठ के कोने में विद्यमान कालकूट विष भी (आप से अभिन्न होने के कारण) मेरे लिए महान् अमृत के समान है, परन्तु यदि आपके शरीर से पृथक् होकर रहने वाला अनायास प्राप्त हुआ अमृत भी हो तो मेरे लिए रुचिकर नहीं है। भावुक भक्त कवि की कोमल भावनाओं की कितनी सुन्दर अभिव्यक्ति है।

भक्त कवि सदा शिव की पूजा में ही मग्न रहना चाहता है, क्योंकि उसके सुख एवं दुःख शिव के सान्निध्य एवं वियोग के साथ जुड़े हुये हैं।

संग्रहेण सुखदुःखलक्षणं मां प्रति स्थितमिदं शृणु प्रभो।
सौख्यमेष भवता समागमः स्वामिना विरह एव दुःखिता।।[2]

कवि के विचारों में जगत् का आश्रय एवं स्वामी भगवान् शिव ही हैं। अतः वही एक सब का शरण्य हैं।[3]

वह इन्द्रिय रूपी मुख से सभी भाव रूपी प्यालों में शिवार्चन के रसायन रूपी मदिरा को भरकर पीते हुए निरन्तर मस्त रहना चाहता है।[4]

दुःखों से व्याकुल कवि की यह प्रार्थना कितनी मार्मिक है—

"जीवन यात्रा का मार्ग बहुत लम्बा है अर्थात् जन्म-मरण के चक्र का अन्त नहीं, शरीर अनेक विध रोगों से दग्ध है, (पारमार्थिक चिदानन्दमय) भोगों का आस्वादन तो मैंने किया नहीं और मुझे जो कुछ भी अल्प सुख का अनुभव हुआ

1. शिवस्तोत्रावली, स्तोत्र 13, पद्य 17
2. वही, 13.1
3. जय देव नमो नमोऽस्तुते सकलं विश्वमिदं तवाश्रितम्।
   जगतां परमेश्वरो भवान् परमेकः शरणागतोऽस्मि ते।। —वही, 2.29
4. तत्तदिन्द्रियमुखेन सन्ततं युष्मदर्चनरसायनासवम्।
   सर्वभावचषकेषु पूरितेष्वापिबन्नपि भवेयमुन्मदः।। —वही, 13.8

वह भी क्षणिक निकला, अतः मेरा जीवन व्यर्थ है। आपके चरणों में पड़ा मेरा यह सिर अवश्य सुन्दर हो गया है। मैं आपका भक्त हूँ, मुझे निरन्तर रहने वाली अद्वयानन्दरूपिणी सम्पत्ति प्रदान कीजिए।"[1]

भक्त कवि की कोमल भावनाओं की अभिव्यक्ति में काव्य सौन्दर्य के दर्शन भी होते हैं। निदर्शनार्थ, अर्थान्तरन्यास अलंकार की शैली में की गई कवि की यह स्तुति कितनी रोचक बन पड़ी है—

हे शिव! मेरी अति तुच्छ करुण पुकारें आपके कानों के पास पहुँचकर उसी प्रकार बहुमूल्य हो जाती हैं, जिस प्रकार (स्वाति नक्षत्र में) छोटी-छोटी जल की बूँदे बाँस के अन्तराल में पड़कर वंशलोचन मणियाँ बन जाती हैं।[2]

कवि के विचार में शिव के प्रति समावेशमयी भक्ति ही श्रेष्ठ सुख है।[3]

इस प्रकार शिवस्तोत्रावली में संग्रहीत सभी स्तोत्रों में कवि ने सरल एवं मधुर शैली में भगवान् शिव के उच्च गुणों का वर्णन और कमनीय रूपों का चित्रण किया है। सभी स्तोत्रों के भाव बड़े उच्च कोटि के हैं।

शिव स्तोत्रावली के टीकाकार आचार्य क्षेमराज के अनुसार उत्पलदेव ने इन स्तुत्यात्मक पद्यों की रचना मुक्तक के रूप में की थी। बाद में उनके शिष्यों श्रीराम तथा श्री आदित्यराज ने उन्हें विषयानुसार स्तोत्रों में व्यवस्थित कर उन्हें पृथक्-पृथक् नाम भी दे दिए।"[4] चौखम्बा संस्कृत ग्रन्थमाला, ग्रन्थाङ्क 15 में 1964 में प्रकाशित शिव स्तोत्रावली के 20 स्तोत्रों के नाम एवं उनके पद्यों की संख्या इस प्रकार है—

(1) भक्ति-विलास—26 पद्य,

(2) सर्वात्मपरिभावन—29 पद्य,

(3) प्रणयप्रसाद—21 पद्य,

---

1. संसाराध्वा सुदूरः खरतरविविधव्याधिदग्धाङ्गयष्टिः।
भोगा नैवोपभुक्ता यदपि सुखमभूज्जातु तन्नो चिराय।
इत्थं व्यर्थोऽस्मि जातः शशिधर-चरणाक्रान्ति कान्तोत्तमाङ्गः
स्त्वद्भक्तश्चेति तन्मे कुरु सपदि महासम्पदो दीर्घदीर्घाः।। —वही, 15.19

2. त्वत्कर्णदेशमधिशय्य महार्घभावमाक्रन्दितानि मम तुच्छतराणि यान्ति।
वंशान्तरालपतितानि जलैकदेशखण्डानि मौक्तिकमणित्वमिवोद्वहन्ति।।
—शिवस्तोत्रावली, 11.9

3. किमियं न सिद्धिरतुला किं वा मुख्यं न सौख्यमाश्रवति।।
भक्तिरुपचीयमाना येयं शम्भोः सदातनी भवति।। —वही, 15.13

4. कश्मीर का संस्कृत साहित्य को योगदान, पृ० 144

(4) सुरसोद्‌बल—25 पद्य,

(5) स्वबलनिदेशन—26 पद्य,

(6) अध्वविस्फुरण—11 पद्य,

(7) विधुरविजय—9 पद्य,

(8) अलौकिकोद्‌बलन—13 पद्य,

(9) स्वातन्त्र्य विजय—20 पद्य,

(10) अविच्छेदभङ्ग—26 पद्य,

(11) औत्सुक्य विश्वासित—15 पद्य,

(12) रहस्य निदेश—29 पद्य,

(13) संग्रहस्तोत्र—20 पद्य,

(14) जयस्तोत्र—24 पद्य,

(15) भक्तिस्तोत्र—19 पद्य,

(16) पाशानुद्‌भेद—30 पद्य,

(17) दिव्यक्रीडाबहुमान—48 पद्य,

(18) आविष्कार—21 पद्य,

(19) उद्योतन—17 पद्य,

(20) चर्वणा—21 पद्य,

सामान्यतः इन सभी स्तोत्रों में भगवान् शंकर की स्तुति ही मुख्य है, परन्तु वर्णन शैली की भिन्नता के कारण प्रत्येक स्तोत्र एक दूसरे से नवीन लगते हैं। स्तोत्रों की भाषा सरल एवं मनोरम है।[1] शिव स्तोत्रवली पर, आचार्य अभिनवगुप्त के शिष्य क्षेमराज ने विवृति (संस्कृत टीका) लिखी है, जिसका पूरा नाम 'शिवस्तोत्रावली विवृति' है।

4. भैरव स्तोत्र

दशमी शताब्दी ई० के उत्तरार्द्ध में हुए परम मनीषी अभिनवगुप्त[2] का भैरव

1. द्रष्टव्य शिवास्तोत्रावली 1.7, 8, 9; 15, 19; 2.3, 4, 9; 5.4, 9, 18; 15.3 आदि।
2. द्रष्टव्य : पोद्दारः सं०सा०इति०, खण्ड 1, पृ० 152; डॉ० नागेन्द्र : भारतीय काव्यशास्त्र की परम्परा, पृ० 69

स्तोत्र (ईश्वर स्तोत्र) भी स्तोत्र काव्यों में अत्यन्त प्रसिद्ध है। इस स्तोत्र का रचना काल 991 ई० है। सरल सरस पदों के द्वारा प्रत्यभिज्ञादर्शन के सिद्धान्तों के आधार पर लिखा गया यह नौ पद्यों का अत्यन्त लघु स्तोत्र काव्य है।[2] शिव के प्रति अनन्य भक्ति भाव रखने वाले कवि के साहस का एक नमूना देखिए, जिसमें वह क्रोध से विकराल नेत्रों वाले मृत्यु के देवता अन्तक (यमराज) को भी ललकार रहा है:

अन्तक मां प्रति मा दृशमेनां क्रोधकरालतमां विनिधेहि।
शंकर-चिन्तन-सेवनधीरो भीषण-भैरवशक्तिमयोऽस्मि।।[3]

हे अन्तक (यमराज)! मुझ पर क्रोध से अत्यंत विकराल दीखने वाली अपनी इस सृष्टि को मत डालो, क्योंकि शंकर के चिन्तन-सेवन से धीर हुआ मैं भीषण-भैरव शक्तिसम्पन्न हो गया हूँ। अर्थात् हे यमदेव! तुम चाहे कितनी ही क्रोध भरी दृष्टि क्यों न डालो, शिवभक्ति के कारण शक्तिमय बने मुझ पर उसका कोई प्रभाव पड़ने वाला नहीं है।

जिन्हें सर्वकल्याणकारी शंकर की शक्ति का सम्बल मिल गया हो वे भला मरने से क्यों डरने लगें?

---

1. ब्यूलर : कश्मीर रिपोर्ट, पृ० 159, अभिनवगुप्त ने अपने 'विवृति विमर्शिनी', 'क्रमस्तोत्र', तथा 'भैरवस्तोत्र' इन तीन ग्रन्थों का रचना काल कश्मीर के प्रसिद्ध सप्तर्षि संवत्सर और उसके साथ कलि संवत्सर का सम्बन्ध दिखलाते हुए दिया है। उसके अनुसार 'क्रम स्तोत्र' की रचना 990 ई० में, 'भैरवस्तोत्र' की रचना 992 ई० में और 'विवृतिविमर्शिनी' की रचना 1014 ई० में की गई है। 'विवृतिविमर्शिनी' में उसके रचनाकाल का निर्देश इस प्रकार दिया है—

   'इति नवतितमेऽस्मिन् वत्सरान्त्ये युगांशे
   तिथि शशिजलधिस्थे मार्गशीर्षावसाने।
   जगति विहितबोधामीश्वरप्रत्यभिज्ञां
   व्यवृणुत परिपूर्णं प्रेरितः शम्भुपादैः।।

   कलि संवत्सर और सप्तर्षिसंवत्सर को ई० संवत्सर में बदलने पर यह सिद्ध होता है कि 'विवृति विमर्शिनी की रचना 1014 ई० में हुई।' —काव्य प्रकाश, आचार्य विश्वेश्वर कृत हिन्दी टीका भूमिका, पृ० 51 पर उद्धृत।
2. डॉ० के०सी० पाण्डे की पुस्तक 'Abhinavagupta : An Historical and Philosophical Study' के परिशिष्ट III में प्रकाशित भैरवस्तव की पुष्पिका इस प्रकार है :—"समाप्तं स्तवमिदं अभिनवाख्यं पद्यनवकम्।"
3. भैरवस्तोत्र, पद्य-4

शिव अपनी अनुग्रह शक्ति से विश्वमय रूप में भासित होता है, जो शिवमय हो गया उसके लिए सारा विश्व उसका अपना ही रूप भासित होता है—

त्वन्मयमेतदशेषमिदानीं भाति मम त्वदनुग्रहशक्त्या।
त्वं च महेश सदैव ममात्मा स्वात्ममयं मम तेन समस्तम्।।[1]

डॉ०के०सी० पाण्डे की पुस्तक के परिशिष्ट में भैरवस्तोत्र प्रकाशित है।[2]

5. क्रम स्तोत्र

अभिनवगुप्तद्वारा क्रम सम्प्रदाय के मूल सिद्धान्तों के आधार पर रचित इस लघु स्तोत्र में 30 पद्य हैं। इस स्तोत्र में अनाख्य चक्र में पूजनीय द्वादश देवियों का वर्णन है। अभिनवगुप्त के पूर्ववर्ती किसी अज्ञात लेखक के द्वारा लिखित 'क्रम स्तोत्र' से यह अत्यधिक प्रभावित हैं। स्तोत्र के प्रायः सभी पद्य शिखरिणी छन्द में निबद्ध हैं। इस स्तोत्र की भाषा तो बड़ी सरल है पर भाव बड़े गूढ़ हैं। इसका अर्थ बोध तो क्रम सम्प्रदाय के पारम्परिक उपासकों के लिए ही सहज है, सम्भवतः यही कारण है कि अभिनवं गुप्त के भैरवस्तोत्र की तुलना में यह स्तोत्र कम प्रसिद्ध है।

इस स्तोत्र का एक पद्य यहाँ उद्धृत है :—

जगत्संहारेण प्रशमयितुकामः स्वरभसात्
स्वशंकातङ्काख्यं विधिमथ निषेधं प्रथयसि।
इमं सृष्ट्वेत्थं त्वं पुनरपि च शङ्कां विदलयन्
महादेवी सेयं मम भवभयं संदलयताम्।।[3]

क्रमस्तोत्र की पुष्पिका इस प्रकार है :—

"इति श्री अभिनवगुप्त पादाचार्यकृतं क्रमस्तोत्रं समाप्तम्।[4]

अभिनवगुप्ताचार्य ने भैरव स्तोत्र एवं क्रमस्तोत्र के अतिरिक्त जो स्तोत्रकाव्य लिखे थे, उनमें मुख्य ये है :—

---

1. भैरवस्तोत्र, पद्य-2
2. द्रष्टव्य—K.C. Pandey; Abhinavagupta An Historical and Philosophical Study, pp. 951-2.
3. क्रमस्तोत्र, पद्य-18
4. द्रष्टव्य, K.C. Pandey : Abhinavagupta : An Historical and Philosophical Study Appendix-C, pp. 948-51.

अनुभवनिवेदनस्तोत्र, अनुत्तराष्टिका स्तोत्र
और देहस्थदेवताचक्रस्तोत्र।[1]

इस स्तोत्र को प्रस्तुत पुस्तक के परिशिष्ट में उद्धृत किया गया है।

अनुत्तराष्टिका एवं परमार्थद्वादशिका अभिनव गुप्त के दो अन्य स्तोत्र हैं।[2]

देहस्थ-देवता चक्र स्तोत्र

अभिनव गुप्त द्वारा लिखित इस स्तोत्र में कुल 15 श्लोक हैं। यह स्तोत्र क्रम सम्प्रदाय अथवा दर्शन से सम्बद्ध है। इस साधना पद्धति के अनुसार साधक का शरीर देव पीठ की भाँति पूजा योग्य है और शरीर के विभिन्न अंगों में विभिन्न देवताओं का वास समझना चाहिए, जैसे—गणपति और वटुक।[3] देहस्थ देवता चक्र स्तोत्र में अभिनवगुप्त ने इन देवताओं को प्रणाम किया है। इस मत के अनुसार प्राण को गणपति के रूप में,[4] अपान को वटुक के रूप में,[5] चित् को आनन्द भैरव के रूप में,[6] विमर्श को आनन्दभैरवी के रूप में,[7] बुद्धि को ब्रह्माणी के रूप में,[8] अहंकृति को शाम्भवी के रूप में,[9] मनस् को कुमारी के रूप में,[10] शब्द को वैष्णवी के रूप में,[11] त्वक् को वाराही के रूप में,[12] दृक् (नेत्र) को इन्द्राणी के रूप में,[13]

---

1. द्रष्टव्य, बलजिन्नाथ पण्डित: 'काश्मीर शैव दर्शन', पृ० 30; K.C. Pandey : Abhinavagupta An Historical and Philosophical Study, Appendix-C, pp. 948-51, 991-92, 953.
2. द्रष्टव्य : के०सी० पाण्डेय की उपर्युक्त पुस्तक, पृ० 943-945.
3. द्रष्टव्य : के०सी० पाण्डेय : Abhinay Gupta An Historical and Philosophical Study, पृ० 485.
4. देहस्थदेवताचक्रस्तोत्र, श्लोक-1
5. वही, श्लोक-2
6. वही, श्लोक-3
7. वही, श्लोक-5
8. वही, श्लोक-6
9. वही, श्लोक-7
10. वही, श्लोक-8
11. वही, श्लोक-9
12. वही, श्लोक-10
13. वही, श्लोक-11

जिह्वा को चामुण्डा के रूप में[1] और प्राण को महालक्ष्मी[2] के रूप में माना गया है। देहस्थ देवता चक्र स्तोत्र के प्रथम तेरह श्लोकों में गणपति आदि तेरह देवताओं को अभिनवगुप्त ने प्रणाम किया है। स्तोत्र के चौदहवें पद्य में षट्त्रिंशत् तत्त्वों से संवलित षड्दर्शनों में पूज्य, सिद्धिदायक आत्मभिधान क्षेत्रपति को प्रणाम किया गया है।[3] अन्तिम पन्द्रहवें पद्य में देहस्थ देवता चक्र से प्रति नमस्कार अर्पित किया गया है। स्तोत्र के चतुर्थ पद्य में सद्गुरु का अभिवादन किया गया है–

> **यद्धीबलेन विश्वं भक्तानां शिवपथं भाति।**
> **तमहमवधानरूपं सद्गुरुममलं वन्दे।।**[4]

इस प्रकार क्रम सम्प्रदाय के अनुसार साधक को शरीर के विविध अंगों का विविध देवताओं के साथ एकात्म्य का अनुभव होता है। देहस्थ देवता चक्र में क्रम सम्प्रदाय के इसी विचार का प्रतिपादन हुआ है।

इस स्तोत्र के अन्त में पुष्पिका यह दी गई है–

> **"इति देहस्थदेवताचक्रस्तोत्रम्"।**

इस स्तोत्र को डॉ० के०सी० पाण्डेय ने अपनी पुस्तक Abhinav Guptata: An Historical and Philosophical Study के परिशिष्ट 'C' में उद्धृत किया है।

7. अनुभव निवेदन स्तोत्र

यह अभिनव गुप्त का चार पद्यों का अत्यंत लघुकाय स्तोत्र है। यह स्तोत्र योगी अभिनवगुप्त के अनुभवपरक सुन्दर विचारों से परिपूर्ण है। शार्दूल विक्रीडित छन्द में निबद्ध स्तोत्र के चारों पद्य तो बड़े सरल हैं, पर भाव अत्यन्त गम्भीर हैं। इस स्तोत्र से जान पड़ता है कि अभिनवगुप्त को गुरु कृपा से शाक्त धाम का सदेह अनुभव हो गया था। तभी तो वे इस में होने वाले अनुभव का उल्लेख कर रहे हैं–

> **शब्दः कश्चन यो मुखादुदयते मन्त्रः स लोकोत्तरः**
> **संस्थानं सुखदुःखजन्मवपुषो यत्का मुद्रैव सा।**

---

1. देहस्थदेवताचक्रस्तोत्र, श्लोक-12
2. वही, श्लोक-13
3. षड्दर्शनेषु पूज्यं षट्त्रिंशत् तत्त्व संवलितम्।
   आत्माभिख्यं सततं क्षेत्रपतिं सिद्धिदं वन्दे।। –दे०दे०च०स्तो०, श्लोक 14
4. वही, श्लोक-4

प्राणस्य स्वरसेन यत्प्रवहणं योगः स एवाद्भुतः

शाक्तं धाम परं ममानुभवतः किन्नाम न भ्राजते।।[1]

इस पुस्तक के परिशिष्ट में संम्पूर्ण स्तोत्र मुद्रित है।

8. स्तवचिन्तामणि

दशमी शताब्दी ई० के उत्तरार्द्ध[2] के कवि भट्टनारायण द्वारा रचित 'स्तवचिन्तामणि' भक्ति से ओत प्रोत स्तोत्र काव्य है। इसमें शिव स्तुति परक 120 पद्य हैं। शिव स्तोत्रावली की भाँति स्तवचिन्तामणि भी कश्मीर शैवदर्शन के मूलसिद्धान्तों के आधार पर रचित है। इसमें स्तुति के परिवेश में कश्मीर शैवदर्शन के परम तत्त्व, आत्मा, जगत्, माया आदि से सम्बन्धित सिद्धान्तों का भी प्रतिपादन किया गया है। वस्तुतः यह मूलतः दर्शन ग्रन्थ होने पर भी एक सुन्दर भक्ति काव्य भी है। राजानक क्षेमराज कृत विवृति सहित स्तवचिन्तामणि का प्रकाशन कश्मीर नरेश महाराजा प्रतापसिंह के द्वारा 1918 ई० में कश्मीर संस्कृत ग्रन्थावली (दशम खण्ड) के अन्तर्गत श्रीनगर से हुआ था। इस मुद्रित ग्रंथ का संशोधन पण्डित मुकुन्द राम शास्त्री द्वारा किया गया था। राजानक क्षेमराज के अनुसार भट्टनारायण के पितामह का नाम परमेश्वर, पिता का अपराजित, माता का श्रीदया तथा ज्येष्ठ भ्राता का नाम शंकर था।[3] स्तवचिन्तामणि पर आज दो विवृतियाँ उपलब्ध हैं। इस पर प्रथम विवृति कश्मीरी शैवाचार्य श्रीराम द्वारा लिखित है।[4] दूसरी विवृति आचार्य क्षेमराज द्वारा रचित है, जो **स्तवचिन्तामणि विवृति** के नाम से प्रसिद्ध हैं। क्षेमराज के अनुसार उन्होंने स्तवचिन्तामणि पर विवृति अपने शिष्य गुणादित्य के पुत्र शूरादित्य की भक्तिपूर्ण प्रार्थना पर केवल तीन-चार दिनों में ही लिख डाली थी।[5]

आत्म दर्शन की प्राप्ति प्रत्येक आत्मवादी दर्शन का चरम उद्देश्य है। प्रत्येक भारतीय दर्शन आत्मदर्शन का साधन है। परमात्मा अथवा आत्मा के दर्शन के

1. अनुभवनिवेदनस्तोत्र, श्लोक० 3
2. द्रष्टव्य, Contribution of Kashmir to Sanskrit Literature, pp. 49-50.
3. स्तोत्रकारस्य पितामहः परमेश्वराख्यः, अपराजितः पिता।
श्रीदयाख्या माता, शंकराभिधानो ज्येष्ठो भ्राता अभवत्।। —स्तवचिन्तामणि, पृ० 10
4. "स्तवचिन्तामणि का एक अध्ययन और काश्मीर शैवदर्शन में उसका स्थान" (Ph.D. शोधप्रबन्ध), पृ० 37
5. तेनार्थिप्रणयाद् दिनैस्त्रिचतुरै र्यां क्षेम राजो व्यधात्।।
—स्तवचिन्तामणि विवृति, पद्य-2

लिए भक्ति का स्थान उच्च है—आत्मदर्शन की प्राप्ति तभी हो सकती है, जब परमात्मा अथवा आत्मा के प्रति अनन्य भक्ति हो। कश्मीर की शैवी साधना में भक्ति की प्रत्येक पग पर आवश्यकता रहती है। भट्टनारायण की स्तवचिन्तामणि भी मुख्यतया भक्तिप्लावित स्तोत्र काव्य है।

भक्ति के महत्त्व को स्पष्ट करते हुए भट्टनारायण कहते हैं कि भगवद् भक्ति ऐसा अञ्जन है, जिससे न केवल भक्त के अज्ञानमलावृत चक्षु निर्मल हो जाते हैं, अपितु वे ज्ञान चक्षु बन जाते हैं।[1]

शिव के प्रति अनन्य भक्ति की क्या कहें, शिव के प्रति कृत्रिम भक्ति (अर्थात् बाह्य पूजा, ध्यान, जप आदि रूप) भी परम शिव प्राप्ति रूप अकृत्रिम फल को देने वाली है तो पूजा, ध्यान, जप की अपेक्षा शिव के प्रति अनन्य अनुराग से युक्त भक्ति हो तो कहना ही क्या?[2]

शिव भक्ति वह कल्पवृक्ष है, जिससे अणिमा आदि सिद्धियों, सदैश्वर्य, भवक्षय आदि की प्राप्ति होती है।[3] परमेश्वर शिव की भक्ति का यह चमत्कार है कि भक्त की भक्ति जितनी प्रबल होती जाती है, आनन्द का प्रवाह भी बढ़ता चला जाता है। आत्मदर्शन की प्राप्ति करने वाली भगवद् भक्ति परमानन्दमयी होने से अमृत तुल्य है।[4]

शिव ही मन्त्र भी हैं, मन्त्रणीय भी हैं और मन्त्री भी हैं।[5]

भक्त कवि के लिए परम शिव ही बन्धु, मित्र और स्वामी, सब कुछ हैं, क्योंकि वही संसार समुद्र से पार लगाने में सक्षम हैं—

किमन्यैर्बन्धुभिः किंच सुहृद्भिः स्वामिभिस्तथा।
सर्वस्थाने ममेश त्वं य उद्धर्ता भवार्णवात्।।[6]

1. मायामयमलान्धस्य दिव्यस्य ज्ञानचक्षुषः।
   निर्मलीकरणे नाथ त्वद्भक्तिः परमाञ्जनम्।।—स्तवचिन्तामणि, पद्य 88
2. कृत्रिमापि भवद्भक्तिरकृत्रिमफलोदया।
   निश्छद्मा चेद् भवेदेषा किं फलेति त्वयोच्यताम्।। —वही, पद्य 108
3. अणिमादि गुणावाप्तिः सदैश्वर्यं भवक्षयः।
   अमी भव भवद्भक्तिकल्पपादपपल्लवाः।। —वही, पद्य 55
4. यावदुत्तरमास्वादसहस्रगुणविस्तरः।
   त्वद्भक्तिरसपीयूषान्नाथ नान्यत्र दृश्यते।। —वही, पद्य-50
5. मन्त्रोऽसि मन्त्रणीयोऽसि मन्त्री त्वत्तः कुतोऽपरः।
   स मह्यं देहि तं मन्त्रं त्वन्मन्त्रः स्यां यथाप्रभो।। —वही, पद्य-84
6. वही, पद्य-75

भट्टनारायण के अनुसार भगवद्भक्ति दीपशिखा है, जिस से तम का नाश होता है—"त्वद्भक्तिरेव प्रकाशकत्वात् दीपशिखा।।"[1] भक्तजनों के वल्लभ परमशिव बड़ी से बड़ी आपत्ति को दूर करने में तथा बड़ी से बड़ी संपत्ति को देने में समर्थ हैं।[2] स्तवचिन्तामणि का आदि से अन्त तक भगवान् शिव की स्तुति ही प्रधानतया प्रतिपाद्य है। भट्टनारायण के द्वारा स्तवचिन्तामणि का प्रणयन मनोवांछित फल प्राप्ति का एकमात्र लक्ष्य सामने रखकर ही नहीं किया गया है, अपितु सुन्दर तथा सरल शैली के द्वारा सामान्य जनों के लिए अद्वैत शैव दर्शन के रहस्यों को सुलझाकर बोधगम्य बनाने के लक्ष्य से भी किया गया है। ग्रन्थ में कवि का भक्ति भाव चरम सीमा तक पहुँचा हुआ है। कवि की समस्त भावनायें भक्ति एवं धर्म की भावनाओं से ओत प्रोत हैं। भगवान् शिव के गुणगान करने में कवि थकता नहीं। कभी वह परमशिव को सकल गुण सम्पन्न कहता है तो कभी निर्गुण,[3] कभी उपकारी तो कभी निरूपकारी, कभी सूक्ष्म तो कभी स्थूल।[4]

मलों की परिपक्वता से मलिन मन वाला भक्त कवि कभी अपने आपको असहाय तथा दीन समझ कर यह सोचता है कि उसके मन में परमेश्वर का निवास करना संदेह युक्त है। इस प्रकार की उस की आत्मदीनता मर्मस्पर्शी है।[5] कभी वह परमशिव से उसकी भक्ति का वरदान माँगता है तो कभी परमेश्वर के सम्मुख होने की प्रार्थना करता है। उसे जीवन भर परमशिव के प्रति एकाग्र मन होकर उसका ध्यान करना है।[6] परमशिव ही सभी कार्यों के आरम्भ हैं, और वही सब कर्मों के अन्त भी।[7]

इस प्रकार यह ग्रन्थ जहाँ एक ओर धार्मिक भावनाओं से गुम्फित है, वहीं दूसरी ओर यह परमशिव के गुणगान, आत्मकल्याण तथा आत्म दैन्य की भावनाओं से भी पूरित है।

स्तवचिन्तामणि में स्तुति के परिवेश में कश्मीर शिवाद्वय के जिन सिद्धान्तों

1. स्तवचिन्तामणिवृत्ति (क्षेमराजकृत)।
2. क्षमः कां नापदं हन्तुं कां दातुं संपदं न वा।
   योऽसौ स दयितोऽस्माकं देवदेवो वृषध्वजः।। —स्त०चि०, पद्य-87
3. को गुणैरधिकस्त्वत्तः त्वत्तः को निर्गुणोऽधिकः। —स्त०चि०, पद्य-97
4. वही, पद्य-42
5. वही, पद्य-39
6. यावज्जीवं जगन्नाथ कर्तव्यमिदमस्तु नः।
   त्वत्प्रसादात्त्वदेकाग्रमनस्कत्वेन या स्थितिः।। —वही, पद्य 15
7. वही, पद्य-49

का प्रतिपादन किया गया है, उसमें मुख्य रूप से परम तत्त्व परमशिव के स्वरूप, शक्ति, शिव-शक्ति का अभेद, सम्बन्ध, माया, शुद्ध तथा अशुद्ध सृष्टि, जगत् लीला, मलत्रय, शैवयोग, षट्त्रिंशत् तत्त्वों का संक्षिप्त किन्तु सुस्पष्ट रीति से प्रतिपादन किया गया है। कुछ एक पद्यों को छोड़कर शेष पद्यों की भाषा अत्यंत सरल है।

9. दीनाक्रन्दन स्तोत्र

दीनाक्रन्दन स्तोत्र भक्ति पूरित हृदय के भावों की मधुर अभिव्यक्ति करने वाला नितान्त रोचक स्तोत्र है। इसके लेखक कश्मीर के राजा जयसिंह (12 वीं शताब्दी) के सभारत्न कवि लोष्टक हैं। मंखक कवि द्वारा रचित 'श्रीकण्ठ चरित' के पच्चीसवें सर्ग में इनकी तथा इनके पिता रम्य देव की प्रशंसा में लिखित छः पद्य उपलब्ध होते हैं।[1] इन पद्यों से सूचना मिलती है कि लोष्टक (लोष्टक देव) एक सुशिक्षित परिवार से सम्बन्ध रखते थे। राजा जयसिंह के मंत्री लंकक द्वारा आयोजित साहित्य गोष्ठियों में इनके पिता रम्यदेव को एक दार्शनिक विद्वान् के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त हुई थी। ये एक योग्य वेदान्ती थे, जो छात्रों के शिक्षण एवं संरक्षण के लिए कल्पद्रुम के समान थे।[2] टीकाकार जोनराज के अनुसार इन्होंने वेदान्तग्रन्थ 'इष्टसिद्धि' पर विवरण भी लिखा है।[3] इन के सुयोग्य पुत्र लोष्टक भी अपने पिता रम्यदेव क समान उच्चकोटि के विद्वान थे। इनके मुख में वाणी का चातुर्य उसी प्रकार रहता था, जिस प्रकार कमलों पर भ्रमर समूह। ये संस्कृत, प्राकृत, शौरसेनी, मागधी, पैशाची और देशजा इन छः भाषाओं के ज्ञाता थे। इनकी दृढ़ व्युत्पत्ति युक्त रचनाओं के सामने प्रतिवादी कवियों के प्रश्न उसी प्रकार कुण्ठित हो जाते थे, जिस प्रकार बाण दृढ़ कवचों से टकरा कर टूट जाते हैं।[4] दीनाक्रन्दन स्तोत्र में इनकी प्रतिभा के दर्शन बखूबी हो जाते हैं। इस स्तोत्र में, जैसा कि स्तोत्र के नाम से ही सूचित होता है, शिव भक्त दीन कवि का अपने आराध्य देव शिव के प्रति आत्मनिवेदन है। 54 पद्यों वाले इस स्तोत्र में कवि ने आत्मोद्धार के लिए जो तर्क, विनय, हठ, दीनता एवं चतुरता दिखाई है, वह

---

1. श्रीकण्ठचरित, सर्ग 25, श्लोक 31-36
2. वही, सर्ग 25, श्लोक 32
3. 'इष्टसिद्धिं वेदान्तार्थप्रतिपादकशास्त्रविशेषं विवृण्वता विवरणेन प्रकाशयता।' वही, 25. 32 की जोन राजकृत टीका।
4. श्रीकण्ठचरित (मङ्खककृत), 25.34-35—कवि परिचयविषयक विस्तृत विवरण के लिए देखिए—प्रस्तुत ग्रन्थ, प्रथम भाग, कविलोष्टक प्रसङ्ग।

हृदयावर्जक है। काव्यशैली में लिखा गया यह स्तोत्र दार्शनिक विचारों से पूर्ण है। अपने इष्टदेव के प्रति कवि की हठभरी प्रार्थना कितनी मार्मिक है—

अहं पापी पापक्षपणनिपुणः शंकर भवा-
नहं भीतो भीताभयवितरणे ते व्यसनिता।
अहं दीनो दीनोद्धरणविधिसंज्जस्त्वमितर-
न्नजानेऽहं वक्तुं कुरु सकलशोच्ये मयिदयाम्।।[1]

हे शङ्कर! मैं पापी हूँ, आप पाप का विनाश करने में निपुण हैं। मैं भीत हूँ, भीतों को अभय प्रदान करना आपका व्यसन है। मैं दीन हूँ, आप दीनों के उद्धार के लिए तत्पर रहते हैं—इसके अतिरिक्त मैं और कुछ नहीं जानता, सब प्रकार से शोचनीय मुझ पर दया कीजिए।

अपनी दीनता एवं हीनता व्यक्त करते हुए कवि कहता है कि—इस निःसार सांसारिक विषयों को सारवान् समझकर सारा जीवन उन्हीं के उपार्जन एवं आस्वादन में व्यतीत कर दिया, हे शरणागत वत्सल! अब मेरे शिर पर अपने चरण रख दीजिए—

इत्थं न किं व्यवहृतं न किमुक्तमात्तं
किं वा न किं न कलितं ललितं न वापि।
सर्वत्र तत्र शरणं कृपणस्य मे त्व-
मेह्येहि देहि चरणं शिरसीन्दुमौले।।[2]

इस प्रकार मैंने क्या नहीं किया? क्या नहीं कहा? क्या नहीं (अपने लिए) लिया? (स्वार्थ सिद्धि के लिए) क्या नहीं सोचा? क्या नहीं चाहा? उन सब में मुझ कृपण का आप ही रक्षक हो। सिर पर चन्द्रमा को धारण करने वाले हे शिव! आइये और मेरे सिर पर अपना चरण रखिए।

यहाँ भक्त कवि का समर्पण भाव दर्शनीय है।

मृत्यु की अनिश्चितता से व्याकुल कवि शिव से शरण दान की याचना करते हुए कहता है—

"हे सर्वेश्वर महादेव! आज ही रक्षक आपके पास आ रहा हूँ—अर्थात्

1. दीना क्र०, पद्य-49
2. वही, पद्य-15

आपकी शरण आ रहा हूँ, क्योंकि अन्धे व्यक्ति के मुहँ पर पड़े चाँटे के समान मृत्यु जब अचानक मेरे भय के लिए आ गिरेगी, तब नष्ट हुई सम्पूर्ण शक्ति वाला मैं क्या कर सकूँगा।"[1] अपने पापों को गिनाते हुए कवि शिव से कृपादान की प्रार्थना करते हुए कहता है—"पाप करके मैंने अपने इस तुच्छ शरीर का ही पोषण किया, दीन जनों का नहीं। विवशतावश चिरकाल तक स्त्रियों के पैरों पर तो गिरा रहा पर गुरुओं के पैरों में नहीं। धन के विषय में तो मैंने लोभ किया, पर अच्छे कार्य में नहीं। इसलिए अत्यधिक सन्ताप कर रहा हूँ। अब मेरे द्वारा क्या किया जा सकता है।"[2]

54 पद्यों के लघुकाय इस स्तोत्र में कवि ने अज्ञान, कर्म तथा कर्मफल, मन की चञ्चलता, विषयों का कटुविपाक, सन्तान बन्धन, सांसारिक सम्बन्धियों की असारता, जन्म का कष्ट, प्राणत्याग के समय की भयावह दशा, नरक वर्णन, यमराज के अनुचर, भव बंधन से छूटने का मार्ग आदि विषयों को समाहित कर सरल एवं स्पष्ट शैली में शिव स्तुति की है, जिसमें कवि की दीनता, करुण क्रन्दन एवं इष्ट देव शिव के प्रति उपलम्भ बड़ा रोचक है।

मूलतः दार्शनिक विचारों से पूर्ण स्तुतिकाव्य होते हुए भी लोष्टक का यह लघुकाव्य साहित्यिक सुषमा से भी मण्डित है। कवि के आत्म निवेदन में दास्य भक्ति रस की समुचित अभिव्यक्ति हुई है। भाषा सरल तथा माधुर्य गुणोपेत है। अलंकारों में कवि ने अनुप्रास, उपमा, उत्प्रेक्षा, रूपक, काव्यलिङ्ग, अर्थान्तरन्यास स्वभावोक्ति, परिकर एवं भाविक अलंकारों का भावानुकूल प्रयोग किया है। स्तोत्र के 47 पद्य वसन्त तिलका छन्द में निबद्ध हैं। शेष पद्यों में शार्दूलविक्रीडित, शिखरिणी, मन्दाक्रान्ता तथा स्रग्धरा छंन्दों का प्रयोग हुआ है।

कश्मीरी स्तोत्र काव्य–परम्परा में दीनाक्रन्दन का स्थान—कश्मीरी स्तोत्र काव्य परम्परा में दीनाक्रन्दन स्तोत्र का स्थान निर्धारित करते हुए यह कहा जा सकता है कि लोष्टक का यह काव्य आकार में लघु होते हुए भी गुरु गुणोपेत हैं। ऊपर जिन तेरह कश्मीरी स्तोत्र काव्यों का विवरण प्रस्तुत किया है, उन्हें भावपक्ष, कलापक्ष एवं रोचकता की दृष्टि से विचार करें तो यह काव्य जगद्धर भट्ट की स्तुति कुसुमाञ्जलि की कोटि का काव्य सिद्ध होता है। इस का भक्तिभाव सर्वग्राह्य एवं हृद्य है। शैली सरल, मधुर तथा प्रसादपूर्ण है। इसमें अपने इष्टदेव को सर्वशक्ति सम्पन्न एवं स्वयं को दीन, हीन बताकर दास्य भक्ति भाव से जो स्तुति गाई गई है वह सहृदय हृदयावर्जकहै। देवीशतक एवं ईश्वर शतक की भाँति इस स्तोत्र में अंलकारों के बोझ से भाव पक्ष दब नहीं गया है, न ही शिव स्तोत्रावली

1. दीनाक्र. स्तो., पद्य-32
2. वही, पद्य-48

की भाँति यह प्रत्यभिज्ञादर्शन के गूढ़ सिद्धान्तों का प्रतिपादक ही है, न ही अभिनव गुप्त के भैरव-स्तोत्र एवं क्रमस्तोत्र की भाँति किसी पाठक विशेष के द्वारा ही ग्राह्य है। यह तो भक्त हृदय सभी सहृदय पाठकों के लिए रुचिकर है।

संक्षेप में, लोष्टक कृत दीनाक्रन्दन स्तोत्र के सभी पद्य भक्ति के उत्कृष्टतम भावों से युक्त तथा उच्चकोटि की काव्यात्मक गुणों से समाहित शिवस्तुति परक काव्य है,–इसमें संदेह नहीं।

10. अर्धनारीश्वर स्तोत्र

अर्धनारीश्वर स्तोत्र बारहवीं शताब्दी ई० में कश्मीर में हुए राजतरंगिणी के प्रसिद्ध लेखक कल्हण की कृति हैं। कल्हण के नाम से **राज तरंगिणी, अर्धनारीश्वर स्तोत्र** तथा **जयसिंहाभ्युदय** ये तीन रचनायें सम्बद्ध की जाती हैं। राजतरंगिणी निःसंदेह कल्हण की रचना है। अर्धनारीश्वर के अट्ठारह श्लोकों में से सात श्लोक राजतरंगिणी के सात तरंगों के मंगलाचरणों से लिये गये हैं। अर्धनारीश्वर कल्हण की स्वतन्त्र रचना है, अथवा राजतरंगिणी के श्लोकों का संग्रहमात्र है, अथवा किसी ने उसके पद्यों का संकलन कर उसे अर्धनारीश्वर स्तोत्र की संज्ञा दे दी है, यह विचारणीय विषय है। जयसिंहाभ्युदय काव्य अभी तक प्रकाश में नहीं आया है। अर्धनारीश्वर स्तोत्र हृद्य एवं मञ्जुल पदावली में निबद्ध कुल 18 श्लोकों की एक लघुकाय रचना होने पर भी महत्त्वपूर्ण है। यह स्तोत्र चौखम्बा भारती अकादमी, वाराणसी द्वारा मुद्रित 'काव्यमाला' के चतुर्दश गुच्छक में प्रकाशित है। जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, इसमें भगवान् शंकर तथा भगवती पार्वती के मिश्रित शरीर अर्धनारीश्वर (शिव)" की स्तुति की गई है। अर्धनारीश्वर का दक्षिण अङ्ग शिव का तथा वाम अंग पार्वती का माना जाता है। निम्नलिखित पद्य अर्धनारीश्वर शिव के कल्याणकारी रूपच्छटा का सुन्दर निदर्शन है–

भालं वह्निशिखाङ्कितदधदधिश्रोतं वहन् संभृत-
क्रीडत्कुण्डलिजृम्भितं जलधिजच्छायाऽच्छकण्ठच्छविः।
वक्षो बिभ्रदहीनृकञ्चुकचितं बद्धाङ्गनाऽर्धस्य वो
भागः पुङ्गवलक्ष्मणोऽस्तु यशसे वामोऽथवा दक्षिणः।।[1]

जिनका वामाङ्ग नारी (पार्वती का) है। जिनका ललाट केसर तिलक से सुशोभित है। जिनके कानों में दोलायमान कुण्डल क्रीड़ा करते हैं। जिनका कण्ठ शङ्ख वर्ण उज्जवल है। जिनके वक्षस्थल का दक्षिणाङ्ग नर (शिव का) है। जिनके

1. अर्धनारीश्वर स्तोत्र, पद्य-1

भाल पर वह्नि शिखा अंकित है। जिनके कानों के निकट खेलते हुए सर्पवृंद मुख खोलते रहते हैं। जिनके कण्ठ की छवि विषपान करने के कारण मलिन न होकर कान्तिपूर्ण है। जिनका वक्षस्थल शेषनाग कवच से वेष्टित है। वे अर्धनारीश्वर वृषभध्वज, चाहे दक्षिण अङ्ग हो अथवा वाम अङ्ग हो, आपका कल्याण करें। स्पष्ट है यहाँ कवि ने शिव की वन्दना अर्धनारीश्वर के रूप में की है।

देहार्धद्वय मिलन के अवसर पर पार्वती एवं शिव के मध्य घटित यह संवाद भी बड़ा रोचक बन पड़ा है–

मुञ्चेभाजिनमस्य कुम्भकुहरे मुक्ताः कुचाग्रोचिताः
किं भालज्वलनेन कज्जलमतः कार्यं तवाक्ष्णोः कृते।
संधाने वपुरर्धयोर्भगवतोरित्थं निषेधेऽप्यहेः
कर्तव्ये प्रिययोत्तरानुसरणोद्युक्तो हरः पातु वः।।[1]

देहार्ध द्वय मिलन के समय पार्वती ने जिज्ञासा की–"गजचर्म का परित्याग कर दीजिए।" महादेव ने उत्तर दिया–"इसके कुम्भ के मध्य में तुम्हारे पयोधर के लिए भूषण के उपयुक्त मुक्ता निहित है।" पार्वती ने पुनः जिज्ञासा की–"ललाट स्थित अग्नि का प्रयोजन क्या है?" महादेव ने उत्तर दिया–"इससे तुम्हारे नेत्रों के लिए कज्जल प्राप्त होते हैं।" अर्धाङ्ग विषयक प्रश्नों का उत्तर देकर, इसी प्रकार प्रिया के सर्प (अहि) का निषेध करने पर, उत्तर ढूँढने में उद्यत, महादेव आप लोगों की रक्षा करें।

देहार्धद्वय मिलन के परिणाम स्वरूप अर्धनारीश्वर के नारी वाले अर्धाङ्ग से सर्प, बैल एवं चन्द्रमा को बहिष्कृत होना पड़ा–

प्रौढाः कञ्चुकिनो जरद्वृषवरः कुब्जस्तुषारद्युति-
र्नित्याप्तोऽपि बहिष्कृतः परिकरः सोऽयं समस्तोऽप्यहो।
अर्धाद् यद्वसतीकृताद् भगवता चारित्रचर्याविदा
सा भिद्याद् दुरितं चराचरगुरोरन्तःपुरं पार्वती।।[2]

सदाचरण को जानने वाले भगवान् शंकर ने प्रौढ़ कञ्चुकी (सर्प), वृद्ध श्रेष्ठ वृषभ एवं वक्र चन्द्रमा इन सारे विश्वस्त परिकरों को भी जिस अर्धाङ्ग से बहिष्कृत कर दिया, चराचर के स्वामी महादेव की अर्धाङ्गिनी वह पार्वती पाप को नष्ट करें।

---

1. अर्धनारीश्वर स्तोत्र, पद्य-3
2. अर्धनारीश्वर स्तोत्र, पद्य-11

भाव यह है कि अर्धनारीश्वर की प्रतिमा में दक्षिणाङ्ग में नर वेश-भूषा एवं अलंकार आदि तथा वामाङ्ग में नारी वेश-भूषा एवं अलंकार बनाया जाता है। अर्धनारीश्वर के वामाङ्ग पार्वती के स्वरूप की दिशा में शिव के किसी भी पुरुष प्रतीक का चिह्न नहीं बनाया जाता। 'कञ्चुकी' पद के यहाँ दो अर्थ हैं—(1) शिव का अनुचर सर्प तथा (2) सेवक। प्राचीन काल में कञ्चुकी का राजा के अन्तःपुर तक प्रवेश होता था। सर्प जिस प्रकार केंचल से ढका रहता है, उसी प्रकार कञ्चुकी पुराकाल में श्वेत लवादा या अङ्गराखा जैसे परिधान से ढका रहता था।[1]

कश्मीरी स्तोत्र काव्यों में अर्धनारीश्वर एकमात्र स्तोत्र काव्य है, जो देवता या शिव के अर्धनारीश्वर (=नर-नारीमय) रूप की स्तुति से सम्बद्ध है। इस दृष्टि से कश्मीरी स्तोत्र काव्यों में 'अर्धनारीश्वर' की अपनी अलग पहचान है।

देवता या शिव के अर्धनारीश्वर (नरनारीमय) रूप की कल्पना भारतीय प्रतीक विद्या की एक अनोखी थाती है। ऋग्वेद (1.164.16; 5.61.6) में स्त्री-पुरुष के इस मूलभूत मनोवैज्ञानिक आधार की स्पष्ट पहचान कही गई है—प्रत्येक स्त्री में अर्धभाग पुरुष और प्रत्येक पुरुष में अर्धभाग स्त्री का है। एक ही देवता स्वरूप को अथर्ववेद (10.8.27) में पुरुष और स्त्री अथवा कुमार-कुमारी कहकर सम्बोधित किया गया है, यही मान्यता पत्नी को पति का अर्धभाग या उसके अर्धाङ्गिणी होने के सिद्धान्त में निहित ज्ञात होती है। दार्शनिक एवं काल्पनिक परम्परा में 'नर-नारीमय' वपु के इसी दृष्टिकोण का पल्लवन बहुधा दिखाई देता है।[2]

(11) स्तुति कुसुमाञ्जलि

कश्मीर शैव स्तोत्रों में जगद्धरभट्ट (1350 ई०) द्वारा रचित स्तुति कुसुमाञ्जलि का विशेष स्थान है। भगवान् शंकर की स्तुति में लिखे गये इस ग्रन्थ में उनचालीस स्तोत्र हैं, तथा 1439 पद्य हैं। सोलह पद्यों वाले अन्तिम 'वंशवर्णन' नामक स्तोत्र में कवि ने मुख्यतः अपने वंशावली का परिचय दिया है। जिसके अनुसार जगद्धरभट्ट के पितामह का नाम 'गौरधर' था। वे शिव के अनन्य भक्त थे और सकल शास्त्रों में पारङ्गत थे। इन्होंने यजुर्वेद पर 'वेदविलास' नामक भाष्य लिखा था।[3] जगद्धर के पिता 'रत्नधर' भी विद्वज्जन शिरोमणि और गुणनिधान थे। वाग्देवी सरस्वती इनका आश्रय पाकर विष्णु पत्नी महालक्ष्मी के

1. राजतरङ्गिणी (भाष्यकार-रघुनाथ सिह), प्राक्कथन, पृ० 1
2. डॉ० पृथ्वीकुमार अग्रवाल : प्राचीन भारतीय कला एवं वास्तु, (2002), पृ० 63-64
3. अनन्तसिद्धान्तपथान्तगामिनः समस्तशास्त्रार्णवपारदृश्वनः।
ऋजु यजुर्वेद पदार्थवर्णना व्यनक्ति यस्याद्भुतविश्रुतं श्रुतम्।। —स्तुति कु० 39.3

साथ ईर्ष्या करती थी। उनकी प्रौढ़ सूक्तियों को सुनकर प्रतिवादी आश्चर्य चकित हो जाते थे।[1]

महाकवि जगद्धर भट्ट पर भी सरस्वती की बड़ी कृपा थी। ये एक कुशल कवि होने के साथ-साथ निपुण तर्कशास्त्री भी थे। ये अपने तर्कों से अन्य वादियों को मौन रहने के लिए बाध्य कर देते थे।[2] सरस्वती ने इनके मुख और बुद्धि को स्वेच्छा विहार का स्थल बना लिया था।[3] जगद्धर अतीव विमत्सर, सहृदय, विविधाशास्त्रज्ञ, अतिशय विनीत, मधुरभाषी और सुशील थे। काव्य रचना में तो इतने प्रौढ़ थे कि सरस उक्तियों ने केवल उन्हीं का आश्रय ले रखा था।[4] इनका स्थिति काल सन् 1350 ई० के लगभग माना जाता है।[5] इन्होंने अपने पुत्र 'यशोधा' के पढ़ने के लिए बाल बोधिनी नामक कातन्त्र व्याकरण की वृत्ति लिखी थी, जिसका उल्लेख उन्होंने इस ग्रन्थ के आदि और अन्तिम श्लोकों में किया है।[6] एकत्र उन्होंने यह भी लिखा है कि उन पर किसी सुयोग्य गुरु की कृपादृष्टि से शक्तिपात हुआ था, इसी से इनमें ऐसी अपूर्व प्रतिमा एवं कवित्व शक्ति का उदय हुआ।[7]

स्तुति कुसुमाञ्जलि के अठतीस स्तोत्रों के नाम, इनके श्लोकों की संख्या इस प्रकार है :—

1. स्तुति प्रस्तावना (31 पद्य)
2. नमस्कारात्मक (30 पद्य)
3. आशीर्वाद स्तोत्र (60 पद्य)
4. मङ्गलाष्टक (8 पद्य)

---

1. स्तुति कु० 39.4, 5, 6
2. वही, 39.7
3. वही, 39.8; 33.2
4. वही, 39.9
5. द्रष्टव्य, स्तुतिकुसुमाञ्जलि (पन्त, त्रिपाठी, वैजापुरकर) प्राक्कथन, पृ० 24-25
6. "स्वसुतस्य शिशोर्यशोधरस्य स्मरणार्थं विहितो मया श्रमोऽयम्।
उपयोगमियाद्यदि प्रसङ्गादपरत्रापि ततो भवेदवन्ध्यः।"
"इति मितमतिबालबोधनार्थं परिहृतवक्रपथैर्मया वचोभिः।
लघुललितपदा व्यधायि वृत्तिर्मृदु सरला खलु बालबोधिनीयम्"
7. किन्तु क्वापि कदापि काऽपि पतिता सा साधुदृष्टिर्यतः।
प्राप्तः सूक्ति वपुर्जितोर्जितसुधास्वादः प्रसादः प्रभोः।। —स्तुति कु०, 39.15

5. कवि काव्य प्रशंसा (36 पद्य)
6. हराष्टक (8 पद्य)
7. सेवाभिनन्दन (42 पद्य)
8. शरणाश्रयण (52 पद्य)
9. कृपणाक्रन्दन (82 पद्य)
10. करुणाक्रन्दन (91 पद्य)
11. दीनाक्रन्दन (143 पद्य)
12. तमः शमन (32 पद्य)
13. प्रभुप्रसादन (43 पद्य)
14. हितस्तोत्र (28 पद्य)
15. करुणाराधन (40 पद्य)
16. उपदेशन (27 पद्य)
17. भक्तिस्तोत्र (30 पद्य)
18. सिद्धिस्तोत्र (25 पद्य)
19. भगवद्रूपवर्णन (31 पद्य)
20. हसितस्तोत्र (41 पद्य)
21. अर्धनारीश्वर (24 पद्य)
22. कंदिपदबन्धस्तोत्र (12 पद्य)
23. श्रृङ्खलाबन्ध (27 पद्य)
24. द्विपदयमक (28 पद्य)
25. रुचिरञ्जन (27 पद्य)
26. पादादियमक (35 पद्य)
27. पादमध्य यमक (34 पद्य)
28. पादान्त यमक (27 पद्य)
29. एकान्तर यमक (36 पद्य)
30. महायमक (81 पद्य)

31. नतोपदेश (30 पद्य)
32. शरणागतोद्धरण (8 पद्य)
33. कर्णपूर (45 पद्य)
34. अग्र्यवर्ण (13 पद्य)
35. ईश्वरप्रशंसा (25 पद्य)
36. स्तुतिफलप्राप्ति (41 पद्य)
37. स्तुति प्रशंसा (20 पद्य)
38. पुण्यपरिणाम स्तोत्र (30 पद्य)
39. वंशवर्णन स्तोत्र (16 पद्य)

इस प्रकार स्तुति कुसुमाञ्जलि के 39 स्तोत्रों के श्लोकों की कुल संख्या 1439 है।

स्तुतिकुसुमाञ्जलि जगद्धरभट्ट के काव्यकौशल एवं भाव सौन्दर्य का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह महाकाव्य स्तोत्रात्मक है। भक्त कवि जगद्धर भट्ट ने काव्य के प्रत्येक स्तोत्र को कुसुम मानकर उनकी अञ्जलि अपने इष्ट देव भगवान् शङ्कर को समर्पण की है। इसमें कवि की दीनता, इष्ट देव के प्रति उपालम्भ और करुण आक्रन्दन सहृदयों के हृदय को बलात् आकृष्ट करते हैं। वैसे तो इस महाकाव्य के सभी स्तोत्र एक से बढ़कर एक और अलग-अलग विशेषतासम्पन्न हैं तथापि 'कृपणाक्रन्दन', 'दीनाक्रन्दन' और करुणाक्रन्दन नामक नवम, दशम तथा ग्यारहवाँ स्तोत्र तो करुणमय भक्ति रस से परिपूर्ण हैं। अपनी दीन अवस्था का निवेदन करते हुए कहता है :—

> **दीर्घाण्यधान्यधिशुचीव भवन्त्यहानि**
> **हानिर्बलस्य शरदीव नदीजलस्य।**
> **दुःखान्यसत्परिभवा इव दुःसहानि**
> **हा निःसहोऽस्मि कुरु निःशरणेऽनुकम्पाम्।।**[1]

हे शिव! मेरे पाप ग्रीष्म काल में दिनों की भाँति अहर्निश बढ़ते जा रहे हैं। मेरा शारीरिक बल शरत्काल के नदी जल के समान प्रतिदिन क्षीण होता जा रहा है। मेरे दुःख दुर्जनों के द्वारा किये गये तिरस्कारों के समान दुःसह्य हो गये हैं।

1. स्तुति कु० 9.36

हाय, अब मैं इन कष्टों को नहीं सहन कर सकता। इसलिए हे नाथ! मुझ अनाथ पर शीघ्र अनुकम्पा कीजिये। स्वयं को शिव की कृपा का पात्र सिद्ध करने लिए दिया गया कवि का तर्क तो देखिये :—

स्वैरेव यद्यपि गतोऽहमधः कुकृत्यै-
स्तत्रापि नाथ तव नास्म्यवलेपपात्रम्।
दृप्तः पशुः पतति यः स्वयमन्धकूपे
नोपेक्षते तमपि कारुणिको हि लोकः।।[1]

हे नाथ! यद्यपि मैं अपने ही किये कुकर्मों से इस अधोगति को प्राप्त हुआ हूँ, तथापि अत्यंत कारुणिक आप के तिरस्कार का पात्र नहीं हूँ। क्योंकि यदि यौवन के गर्व से मदोन्मत्त कोई पशु किसी अन्ध कूप (गड्ढे) में गिर जाता है, तो उसे भी दयालु लोग उपेक्षित नहीं करते अर्थात् अन्धकूप से निकाल ही लेते हैं। अतः आप मेरा उद्धार करें।

स्तुति कुसुमाञ्जलि जगद्धर भट्ट की कवित्व-शक्ति का सुन्दर उदाहरण है। प्रायः सारे पद्य अतीव सरल, सरस और प्रसाद गुण युक्त हैं। काव्य के अधिकांश पद्य भक्ति रस से भरे पड़े हैं। कवि ने ऐसी प्रभावोत्पादक एवं हृदयावर्जक शैली में शिव के प्रति आत्म निवेदन किया है कि कोमल हृदय पाठकों का हृदय भक्तिभाव से भर उठता है।

रस, भाव, गुण, अलङ्कार सभी दृष्टियों से यह एक उत्कृष्ट काव्य है। शब्दों में माधुर्य और अर्थों में व्यङ्ग्यत्व दोनों का मञ्जुल सन्निवेश इस काव्य में है। काव्य के इन्हीं गुणों को देखते हुए कवि की अपनी कविता की प्रशंसा में भी अत्युक्ति नहीं लगती। उदाहरणार्थ :—

सूक्तिव्याजान् मम च वदनात् कर्णपेया सुधेयं
निर्गच्छन्ती जनयति न कं विस्मयस्मेरवक्त्रम्।[2]
मृगेन्द्रशावा इव कन्दरोदरात्, करीन्द्रकुम्भादिव मौक्तिकोत्कराः।
विनिःसरन्तः कवितुर्मुखादमी, मनोज्ञतां बिभ्रति कस्य न स्तवाः।।[3]

---

1. स्तुतिकु० 11.38; तथा देखिये, वही 10.59
2. स्तुतिकु० 17.2
3. वही, 38.14

मनस्विनीनामिव साचि वीक्षितं, स्तनन्धयानामिव मुग्धजल्पितम्।
अवश्यमासां मधु सूक्तिवीरुधां, मनीषिणां मानसमार्द्रयिष्यति।।[1]

प्रेमाणं मणिकर्णिकां प्रति बुधा मन्दीकुरुध्वं मतिं
मुक्तादाम्नि मा कृत स्पृशत मा ताम्बूलहेवाकिताम्।
भूषार्थं प्रभवन्ति कर्णपुलिने कण्ठे मुखाम्भोरुहे
देवस्य स्मरशासनस्य यदिमाः स्तोत्रावली सूक्तयः।।[2]

वैसे तो इस काव्य के सभी स्तोत्र सरल और सरस हैं, तथापि कृपणाक्रन्दन, दीनाक्रन्दन और करुणाक्रन्दन नामक नवम, दशम और ग्यारहवें स्तोत्र में तो करुणाश्रित भक्तिरस का सागर ही है।

अलंकारों में श्लेष[3] और यमक[4] के उपनिबन्धन में कवि ने विशेष रुचि दिखाई है। काव्य के बाइसवें स्तोत्र से लेकर तीसवें स्तोत्र पर्यन्त नौ स्तोत्रों की रचनाओं में कवि ने 'कादिपदबन्ध', 'श्रृङ्खलाबन्धन', 'द्विपद यमक', 'पादादि यमक', 'पादान्त यमक' और महायमक के गुम्फन के माध्यम से चित्र काव्य का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह उसके काव्यकौशल एवं शब्द पाण्डित्य को प्रकट करता है।

जगद्धरभट्ट की यह कृति शिव-स्तुति विषयक ग्रन्थों में सर्वोत्कृष्ट है। संस्कृत साहित्य में स्तुति कुसुमाञ्जलि जैसा दूसरा ग्रन्थ दुर्लभ है।

राजानक श्रीरत्नकण्ठ कृत 'लघुपञ्चिका' नामक टीका के कारण यह रचना और उपयोगी बन गई है।

12. ईश्वर शतक

ईश्वरशतक कश्मीरी कवि अवतार द्वारा अत्यधिक अलंकृत शैली में लिखित 113 पद्यों का स्तोत्र काव्य है। यह स्तोत्र काव्यमाला के नवम गुच्छक में प्रकाशित है। इस शतक में संस्कृत तथा काश्मीरी अपभ्रंश के भाषासमक[5] का उदाहरण

1. स्तुति कु., 38.18
2. वही, 39.13
3. वही, 1.14; 29.1
4. वही, 9.39
5. कुखे काले साव यमारेऽरस सुकुमार सदानव देव।
अनवदयाचित भव मदनारेऽचल मामुक्तियते मयि हेव।। ईश्वर शतक (काव्यमाला नवम गुच्छक), पद्य 46; तथा पद्य-105

उपलब्ध है, जिससे इनके कश्मीर देशीय होने की पुष्टि होती है। अवतार कवि के समय के विषय में कोई निश्चित प्रमाण नहीं मिलता। 'स्तुति कुसुमाञ्जलि' के टीकाकार राजनकरत्नकण्ठ के पितामह का नाम भी 'अवतार' था। स्तुतिकुसुमाञ्जलि की टीका का रचनाकाल 1681 ई० (1738 विक्रम सं०) है। अतः इस टीका के लेखक का समय 1631 के आस-पास होना चाहिए।[2] टीकाकार अवतार एवं ईश्वर शतक के रचयिता अवतार कवि दोनों को अभिन्न मानने पर अवतार कवि का समय 17वीं शती ई० का पूर्वार्द्ध माना जा सकता है।[3] अवतार कवि की इस रचना पर आनन्दवर्धन के देवीशतक का प्रभाव स्पष्ट देखा जा सकता है, क्योंकि देवीशतक की भाँति यह काव्य भी चित्रालंकार की शैली में लिखा गया है। यह काव्य चित्र कावय के नाना प्रकारों से परिपूर्ण है। इसमें पद्यबन्ध,[4] डमरुबन्ध,[5] हलबन्ध,[6] गोमूत्रिकाबन्ध,[7] चक्रबन्ध,[8] तूणबन्ध,[9] त्रिशूलबन्ध[10] आदि नाना बन्धों में पद्य रचे गये हैं। कला पक्ष की प्रधानता के कारण काव्य का भाव पक्ष अत्यंत गौण हो गया है। इतना ही नहीं, कवि के शब्द-पाण्डित्य प्रदर्शन के मोह ने काव्य को इतना दुरूह बना दिया है कि काव्य को बोधगम्य बनाने के लिए स्वयं कवि को इस पर टीका लिखनी पड़ी।

1. इसका उल्लेख स्तुति कुसुमाञ्जलि की समाप्ति पर इन शब्दों में है :—
   सकलविपश्चिद्वर्यः प्रज्ञाजितवृत्रहामात्यः।
   अवतारोऽजनि तस्मात् पण्डितस्यावतार इवः।।
   तथा च द्रष्टव्य : ईश्वरशतक, पद्य-1 की काव्यमाला गुच्छक नवम पर टिप्पणी (प्रकाशकः चौखम्बा भारती अकादमी, वाराणसी-1, 1987, पृ० 31)
2. आ० बलदेवः सं०सा०इ०, पृ० 367
3. वही, पृ० 367
4. ईश्वरशतक, पद्य 9
5. वही, पद्य-60
6. वही, पद्य-61
7. वही, पद्य-12, 13
8. वही, पद्य-49
9. वही, पद्य-48
10. वही, पद्य-24, 38, 59, 80
    इसी प्रकार स्तोत्र में काञ्ची बन्ध (पद्य-13), वज्रबंध (पद्य-19), परशुबंध (पद्य-28), सर्वतोभद्र (पद्य-27), गदाबन्ध (पद्य-38, 40-41), तवर्गबन्ध (पद्य-42), अष्टदलपद्म बन्ध (पद्य-43, 81, 82, 104), क्षुरिकाबन्ध (पद्य-45), खड्गबन्ध (पद्य-54-55), मुसलबन्ध (पद्य-56) धनुर्बन्ध (पद्य-57), स्फुरबन्ध (पद्य-66), शरबन्ध (पद्य-58), गजपद बन्ध (पद्य-97) बन्धों में बद्ध पद्य भी दर्शनीय हैं।

कवि ने यमक अंलकार के निबन्धन में विशेष रुचि प्रदर्शित की है, जिसके कारण यह काव्य इतना जटिल हो गया है कि पाठकों की सम्पूर्ण शक्ति इसके अर्थबोध में ही समाप्त हो जाती है, जिससे वह काव्य में से भक्ति भाव का आस्वाद नहीं ले पाता। अवतार कवि का यह स्तोत्र यमक अलंकार[1] और उसके विविध भेदों, जैसे महायमक (पद्य—52-53), आदि यमक (पद्य—3, 5, 6), पदान्त यमक (पद्य-93), पाद यमक (पद्य—4, 15, 36, 72, 93), सर्वपादान्तयमक (पद्य—7, 51), संपुट यमक (पद्य-8), समुद्रक यमक (पद्य—13) एवं पादाद्यन्त यमक (पद्य—33) के उदाहरणों से भरा पड़ा है।

निम्न पद्य में कवि का यमक अंलकार का मोह देखा जा सकता है—

भवोत्सुकानामसमाधिभिन्नः कश्चिद् यदन्यो न समधिभिन्नः।
ये त्वां प्रशंसन्ति सदा सभार्यास्त एव जीवन्ति सदा सभार्याः।[2]

हे ईश्वर! तुम हम उत्सुकों की विषम पीड़ाओं को दूर करने वाले बनो, क्योंकि कोई दूसरा हमारे समान समाधि भिन्न अस्थिरचित्त नहीं है। जो श्रेष्ठ जन सभा में तुम्हारी प्रशंसा करते हैं, वे ही दासों और भार्यायों के साथ जीवित रहते हैं।

यहाँ कवि का 'समाधिभिंद्' और 'सदासभार्याः' इन दो पदों के सहारे यमक की सृष्टि पर ही विशेष बल है। ईश स्तुति का भाव यमक के प्रभाव से आच्छन्न-सा हो गया है।

तीन अर्थों[3] का वाचक निम्नांकित पद्य भी दर्शनीय है—

सुखदो नवमत्वेन सुवर्णाकृतिविग्रहः।
नाग राग प्रथात्यक्तो गिरीशो जयतादसौ।।[4]

पद्य में 'गिरीशः' पद (1) महादेव, (2) मेरु पर्वत, (3) और वाणी के स्वामी वृहस्पति इन तीन अर्थों का वाचक है। जिससे शेष पदों के भी तीन-तीन अर्थ निकलते हैं—

(1) महादेव परक प्रथम अर्थ

सुन्दर स्वर्ग अथवा आनन्दों को देने वाला (-सु=शोभनानि खानि ददाति

1. ईश्वर शतक, पद्य-3, 70
2. वही, पद्य-6
3. ईश्वरशतक पद्य-39 की टिप्पणी—'अर्थत्रयवाचकोऽयम्'।
4. वही, पद्य-39

इति सुखदः), उत्कृष्ट होने से (अनवत्वेनोत्कृष्टत्वेन) सुन्दरवर्णों ब्राह्मणादियों अथवा अ-आ-आदि वर्णों की सृष्टि जिससे होती हैं, ऐसे शरीर संनिवेश वाले (सु=शोभनानां वर्णानां ब्राह्मणादीनामक्षराणां वा आ समन्तात् कृतिः=सृष्टिर्यस्मात् स सुवर्णाकृतिस्तादृशो विग्रहः शरीरसंनिवेशो यस्य), सर्वाङ्गभूषण होने के कारण नागराजदियों की प्रसिद्धि से विरहित (नागराजादीनां प्रथया प्रसिद्ध्या त्यक्तो विरहितः सर्वाङ्गभूषणत्वात् । तत्सहितः)। महादेव (गिरीश) की जय हो।

(2) मेरु पर्वत-परक द्वितीय अर्थ

सुन्दर गह्वरों वाला (सु=शोभनाः, खदाः=गह्वराणि यस्य सः सुखदः), उत्कृष्ट लक्ष्मी के भाव से उपलक्षित (नवा=उत्कृष्टा, मा=लक्ष्मीर्यस्य तद्भावेनोपलक्षित), सवर्णमयी आकृति वाले तथा विविध वस्तुओं को ग्रहण करने वाले (विविधानां वस्तूनां ग्रहो ग्रहणं यस्य च) अगराज की प्रसिद्धि से अविमुख पर्वतराज मेरु पर्वत की जय हो।

(3) वृहस्पति वाचक तृतीया अर्थ

नवम (ग्रह) होने के कारण सुखद (नवमत्वेन सुखदः), सुन्दर वर्ण की आकृति से युक्त शरीर वाली (सुवर्णा=शोभनवर्णा आकृति यस्य, तथा विधो विग्रहः=सन्निवेशो यस्य) अथवा विशिष्ट ग्रह, गजवाहन होने के कारण हाथी की प्रथा से विरहित वृहस्पति (गिरि=वाचि, ईशः=गिरीशः) की जय हो।

ऐसे दुर्बोध काव्य से कोई दुर्लभ पाठक ही भक्तिभाव का आनन्द ले सकते हैं। अलंकार रचना की दृष्टि से सुन्दर पुनरुक्तवदाभास का यह उदाहरण भी भावपक्ष की दृष्टि से अवर कोटि का ही है :—

रक्षावतारं गम्भीरं भवमुग्रं हरेश्वरं।
नय नीतिगुणं तं तु ममता प्रियतामिमाम्।।[1]

यहाँ रक्ष अवं, तारं गम्भीरम्, भवं उग्रम्, हर ईश्वर, नय नीति, गुणं तन्तुम्, अमत अप्रियः इन दो-दो पदों के अर्थों में आपाततः पुनरुक्ति दोष का आभास मिलता है। परन्तु वस्तुतः ये पद भिन्नार्थक होने के कारण यहाँ पुनरुक्तवदाभास है।

अवतार कवि पाण्डित्य प्रदर्शन एवं क्लिष्ट रचना के इतने आग्रही हैं कि

---

1. ईश्वरशतक, पद्य-2

इनके कई पद्य एकाक्षर,[1] द्वयक्षर,[2] त्र्यक्षर,[3] अकारैक स्वर,[4] एवं इकारैक[5] स्वर वाले हैं। एकाक्षर का एक पद्य प्रस्तुत है :–

न नानान्नानि नूनं नो न ना नीनानना न नः।
नानु नानेन नुन्नेना ननु नेनाननेन नौः।।[6]

कुल मिलाकर अवतार कवि का ईश्वर शतक यमकालंकार के विविध भेदों के उदाहरणों, विविध चित्रालंकारों एवं एकादि अक्षर वाले काव्यों में रुचि रखने वाले पाठकों के मन को आकृष्ट करने में भले ही समर्थ हो परन्तु भगवद्भक्ति रसामृत का आनन्द उठाने के इच्छुक सहृदय पाठकों को इस स्तोत्र काव्य से घोर निराशा ही होगी।

हाँ, जहाँ तक अवतार कवि के पाण्डित्य का प्रश्न है, वे संस्कृत भाषा के प्रकाण्ड विद्वान् एवं चित्र काव्य रचना के उत्कृष्ट कवि हैं। यह बात ईश्वर शतक इस एक रचना से ही सिद्ध होती है, परन्तु काव्य की रसवत्ता की दृष्टि से विचार करने पर उनका यह काव्य 'अवर' कोटि का ही माना जायेगा।

कश्मीरी स्तोत्रकाव्य-परम्परा में दीनाक्रन्दन का स्थान–

कश्मीरी स्तोत्रकाव्य-परम्परा में दीनाक्रन्दन स्तोत्र का स्थान निर्धारित करते हुए यह कहा जा सकता है कि लोष्टक का यह काव्य आकार में लघु होते हुए भी गुरुगुणोपेत है। ऊपर जिन तेरह कश्मीरी स्तोत्रकाव्यों का विवरण प्रस्तुत किया गया है उनके विषय में भावपक्ष, कलापक्ष एवं रोचकता की दृष्टि से विचार करें तो यह काव्य जगद्धर भट्ट की **स्तुति कुसुमाञ्जलि** की कोटि का काव्य सिद्ध होता है। दीनाक्रन्दन स्तोत्र का भक्तिभाव सर्वग्राह्य एवं हृद्य है। शैली सरल, मधुर तथा प्रसादपूर्ण है। इसमें भक्त कवि द्वारा अपने इष्टदेव को सर्वशक्तिसम्पन्न एवं स्वयं को दीन, हीन बताकर दास्य भक्तिभाव से जो स्तुति गायी गयी है वह सहृदय हृदयावर्जक है। **देवीशतक** एवं **ईश्वरशतक** की भांति इस स्तोत्र में भावपक्ष अलङ्कारों के बोझ से दब नहीं गया है, न ही **शिवस्तोत्रावली** की भांति यह

---

1. वही, पद्य-35
2. वही, पद्य-22, 25, 29, 76, 92, 9, 101
3. वही, पद्य-17
4. वही, पद्य-75
5. वही, पद्य-65
6. वही, पद्य-35

प्रत्यभिज्ञा दर्शन के गूढ़ सिद्धान्तों का प्रतिपादक ही है, न ही अभिनव गुप्त के **भैरवस्तोत्र, क्रम स्तोत्र, देहस्थदेवताचक्रस्तोत्र** एवं **अनुभव निवेदन स्तोत्र** की भांति किसी पाठक/साधक विशेष के द्वारा ही ग्राह्य है। यह तो भक्त हृदय सभी सहृदय पाठकों के लिए रुचिकर है।

संक्षेप में, लोष्टककृत दीनाक्रन्दन स्तोत्र के सभी पद्य भक्ति के उत्कृष्टतम भावों से युक्त तथा उच्च कोटि की काव्यात्मक गुणों से समाहित शिव-स्तुति परक काव्य है – इसमें सन्देह नहीं।

द्वितीय अध्याय
कवि लोष्टक (1125-1175 ई०)

कश्मीरी भक्त कवियों में लोष्टक या लोष्देव का स्थान महत्त्वपूर्ण है। इनका जन्म कश्मीर की सुरम्य भूमि में हुआ था। इनके कश्मीरी होने में निर्भ्रान्त प्रमाण यह है कि कश्मीर के राजा जयसिंह के मन्त्री, लङ्कक की प्रशंसा में निर्मित इनके 11 पद्य 'श्रीकण्ठचरित' में उपलब्ध होते हैं[1]। इससे यह भी स्पष्ट है कि कवि ने शिक्षाग्रहण एवं यौवनयापन वहीं किया होगा। इनके जीवन की सन्ध्या वाराणसी में बीती थी-जहाँ इन्होंने इस स्तोत्र की रचना की–

एतत्तीव्रं व्रतमुपचितं सैकते सिद्धसिन्धो-
र्वाराणस्यां शमदमदृशोरेष गाढोऽनुबन्धः[2]।

समय

मङ्खक ने "श्रीकण्ठचरित" के 25 वें सर्ग में विद्वानों के एक ऐसे सम्मेलन का वर्णन किया है, जिस में अनेक कवि अपनी रचनाएँ पढ़कर सुनाते हैं। यह सभा तत्कालीन राजा जयसिंह के मन्त्री लङ्कक और स्वयं मङ्खक के ज्येष्ठ भ्राता अलङ्कार ने आयोजित की थी। इस सभा में उपस्थित कवियों के वर्णन के प्रसङ्ग में मङ्खक ने लोष्टक और उनके पिता रम्यदेव का आदरपूर्वक उल्लेख किया है। इसप्रकार रम्यदेव तथा लोष्टक दोनों पिता-पुत्र राजा जयसिंह के समकालीन थे। सम्भवतः लोष्टक उस समय किशोर कवि थे, जो जयसिंह के मन्त्री लङ्कक के प्रेमपात्र बनने के इच्छुक थे। राजा जयसिंह का समय बारहवीं शताब्दी (1129–1150 ई॰) है।[3]

---

1. मङ्खक रचित श्री कण्ठचरित, सर्ग 25, श्लोक=37-47.
2. दीना क्र० स्तो०, पद्य=51.
3. संस्कृत साहित्य का इतिहास (कीथ) पृ॰ 170

वंश

कवि लोष्टक ने प्रस्तुत स्तोत्र के एक पद्य में अपने वंश की श्रेष्ठता का प्रतिपादन किया है। वहाँ वे अपने वंश के लिए अभ्रंश विशेषण प्रयोग करते हैं।[1] इससे प्रतीत होता है कि उनके कुल में सामाजिक तथा धार्मिक मर्यादाओं का पालन होता था। उन्हीं मर्यादाओं के अनुकूल लोष्टक ने दान, भोग आदि में प्रवृत्त होने के बाद संन्यास ग्रहण किया था। इसी स्तोत्र के एक अन्य पद्य में वे अपने पिता रम्यदेव का उल्लेख करते हैं।[2]

मङ्खक कवि द्वारा रचित 'श्रीकष्ठचरित' के पच्चीसवें सर्ग में इनकी तथा इनके पितारम्यदेव की प्रशंसा में लिखित छः पद्य उपलब्ध होते है।[3] इन पद्यों से सूचना मिलती है कि लोष्टक एक सुशिक्षित परिवार से सम्बन्ध रखते थे। लङ्कक द्वारा आयोजित साहित्यगोष्टियों में इनके पिता रम्यदेव को एक दार्शनिक विद्वान् के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त हुई थी। ये एक योग्य वेदान्ती थे, जो छात्रों के शिक्षण एवं संरक्षण के लिए कल्पवृक्ष के समान थे।[4] टीकाकार जोन राज के अनुसार उन्होंने वेदान्त ग्रन्थ 'इष्ट सिद्धि' पर विवरण भी लिखा है।[5] उनका वैदुष्य, अहङ्कार तथा ईर्ष्या से रहित होने के कारण निर्मल था। उच्च स्तर के विद्वान् होने पर भी वे विनम्रता से युक्त थे।

पाण्डित्य

महाकवि लोष्टक अपने पिता रम्यदेव के समान उच्च कोटि के विद्वान् थे। मङ्खक के वर्णन के अनुसार इन के मुख में वाणी का चातुर्य उसी प्रकार रहता था जिस प्रकार कमलों पर भ्रमर समूह। ये छः भाषाओं संस्कृत, प्राकृत,

---

1. दीनाक्र॰ स्तो॰, पद्य 52
2. इति परिहृतवान् स्वकाव्य शिल्प प्रकटनमाकुलितो भाव-व्यथाभिः।
   व्यधित गिरीश रम्यदेवजन्मा तव पुरतो हठदैन्यतः प्रलापान्।। —वही, पद्य 50
3. श्रीकण्ठचरित, 25, श्लोक 31-36
4. यस्य व्यनक्ति काषाय ग्रहमारक्तया रुचा।
   नित्योपन्याससंक्रान्त वेदान्तार्थ इवाधरः।।
   नीत्वा सफलतांवल्लीरिष्टसिद्धिं विवृण्वता।
   श्रुतीनां पथि शिष्येषु येन कल्पद्रुमायितम्।।
   निस्तुषीकृतवैदुष्यं स्मयमात्सर्य संहृतेः।
   धृतप्रणतिपारम्यं रम्यदेवं तमैक्षत।। श्रीकण्ठचरित, सर्ग, 25, श्लोक 31.32
5. वही, सर्ग 25, पद्य 32 पर जोनराजकृत टीका– (इष्टसिद्धिं वेदान्तार्थप्रतिपादक शास्त्र विशेषं विवृण्वता विवरणेन प्रकाशपता)

शौरसेनी, मागधी, पैशाची और देशजा के ज्ञाता थे। इनकी दृढव्युत्पत्तियुक्त रचनाओं के सामने प्रतिवादी कवियों के प्रश्न उसी प्रकार कुण्ठित हो जाते थे, जिस प्रकार बाण दृढ़ कवचों से टकरा कर टूट जाते हैं[1]।

मङ्खक के इस वर्णन से निम्न तीन बातों का सङ्केत मिलता है

(क) कवि लोष्टक का अनेक भाषाओं पर अधिकार था। ये संस्कृत के अतिरिक्त प्राकृत आदि अन्य पाँच भाषाओं से भी सुपरिचित थे।

(ख) इन्होंने अनेक रचनाएँ लिखी होंगी किन्तु आज वे अनुपलब्ध हैं।

(ग) साहित्यजगत् में प्रतिष्ठा पाने के लिए इन्हें सङ्घर्ष का भी सामना करना पड़ा होगा। जहाँ एक ओर तो इन की कविता को मन्त्री लङ्कक की विद्वद्गोष्ठी में सम्मान प्राप्त था, दूसरी ओर इनके अनेक कटु आलोचक भी रहे होंगे। परन्तु अपने पाण्डित्य के बल पर अपने प्रतिद्वन्दियों को परास्त करने में समर्थ हुए थे।

कुछ अन्य कवि लोष्ठक से ईर्ष्या रखते थे। इस बात की ओर सङ्केत स्वयं कवि ने दीनाक्रन्दनस्तोत्र के एक पद्य में इस प्रकार दिया है कि काव्यकला रूपी कामिनी अन्य कवियों को चिढ़ाने के लिए उनका चुम्बन करती है–

ईर्ष्यायै परवादिनां कविकलाकान्ता यतिं मामियं
यच्चुम्बत्यधुनापि तन्मयि भवत्यब्रह्मचर्यं न किम्।
एतावत्स्खलितं क्षमस्व भगवन् भूयोऽपि तुभ्यं शपे।।
श्रीविश्वेश्वरदेव नैव भवितास्म्यस्या रहस्यातिथिः[2]।

कवि का ज्ञानक्षेत्र विस्तृत था, इस में सन्देह नहीं है। साहित्यशास्त्र विषयक अपने विशाल ज्ञान के सम्बन्ध में कवि ने एक अन्य पद्य में स्पष्ट शब्दों में इस प्रकार कहा है–

---

1. वाग्देवतालिनीलीलाधूतपक्षतिचातुरीम्।
वदनाम्बुरुहे यस्य भाषा षडधिशेरते।।
खलानां यत्प्रबन्धेषु दृढव्युपत्तिवर्मसु।
प्रोद्यच्चोद्यमया दूरे कुण्ठिता इव पत्रिणः।।
कतिचिल्लोष्टदेवस्य तस्येति मुखतोऽशृणोत्।
श्रीलङ्ककं प्रति प्रोतचारुचाटुरसाः गिरः।।–श्री कण्ठचरित, सर्ग-25, श्लोक = 34-36.

2. दीनाक्र० स्तो० पद्य = 53.

.......सुमहति विहितो वाङ्मयाब्धौ हनूमत्संरम्भ......[1]

इसके अतिरिक्त स्तोत्र की साहित्यिक सुषमा भी इनकी इस कथन को पुष्ट करती है।

साहित्यशास्त्र के अतिरिक्त पुराण, दर्शन और व्याकरण के भी ये ज्ञाता थे। स्तोत्र में उपलब्ध नरक वर्णन[2], यमदूत वर्णन[3], शिव स्वरूप वर्णन[4] आदि इनके पौराणिक ज्ञान की पुष्टि करते हैं। स्तोत्र के 23 वें पद्य में कवि ने एक साथ तीन पौराणिक आख्यानों की ओर सङ्केत किया है-

(क) शिव द्वारा श्वेतराजा को यमभय से छुड़ाना।

(ख) शिव द्वारा मरुत्त राजा के नगर में सात दिन तक सुवर्ण-वर्षा।

(ग) मुनिकुमार उपमन्यु के लिए शिव द्वारा दुग्ध प्रदान[5]।

इन आख्यानों से स्पष्ट है कि कवि ने पुराणों का भी गहन अध्ययन किया होगा।

इसके अतिरिक्त स्तोत्र में विद्यमान अज्ञान[6], विषय कटु विपाक[8], सन्तानबन्धन[8], कर्म तथा कर्मफल[9] आदि विषय उनके दर्शन शास्त्र सम्बन्धी ज्ञान के परिचायक हैं।

इसके अतिरिक्त वे व्याकरण के भी पण्डित थे। कवि कालिदास के रघुवंश पर उनके द्वारा रचित संस्कृत की टीका अभी तक अप्रकाशित है।[10] इसमें कवि ने समासों को तोड़कर संस्कृत व्याख्या लिखी है, जिससे निश्चित है कि उन्हें व्याकरण का असाधारण ज्ञान था।

---

1. दीनाक्र० स्तो० पद्य = 52
2. देखिए प्रस्तुत रचना, पृ = 12
3. वही, पृ० = 13
4. वही, मृ० 19
5. देखिए-काव्यमाला गुच्छक, षष्ठ भाग (नारायाण सागर प्रैस, बम्बई सन्- 1890 में प्रकाशित) दीनाक्रन्दन स्तोत्र के 23 वें पद्य पर टिप्पणी।
6. देखिए, प्रस्तुत रचना, पृ० = 13
7. वही, पृ० = 8
8. वही, पृ० = 9
9. वही, पृ० = 15
10. कश्मीर कैटलाग, नं० = 71

लोष्टक को अपने पाण्डित्य पर गर्व भी है। जल्हण ने अपनी सूक्ति मुक्तावली में लोष्टक के नाम से एक श्लोक उद्धृत किया है-जिस में ये अपने को गद्य कवि बाण से भी महान् बताते हैं[1]।

साहित्य

कवि लोष्टक के नाम से आज दो रचनायों उपलब्ध हैं–

(1) महाकवि कालिदास के रघुवंश पर संस्कृत टीका[3] और

(2) दीनाक्रन्दन स्तोत्र।

1. रघुवंश-टीका

इस ग्रन्थ की एक हस्तलिखित प्रति रघुनाथ अनुसन्धान पुस्तकालय में उपलब्ध है, जिस में 195 पत्र हैं। लिपि देवनागरी है। इस में कवि ने कालिदास रचित 'रघुवंश' पर सरल शैली में संस्कृत में टीका लिखी है। कठिन शब्दों के सरलार्थ दिये गये हैं तथा समासों का विग्रह करके तत्पश्चात् 'इत्यर्थः' कह कर अभिप्राय स्पष्ट किया गया है।

पण्डित, विद्वत् आदि विशेषणों के साथ प्रत्येक सर्ग की समाप्ति में लोष्टक नाम के व्यक्ति को इसका रचयिता कहा गया है।

2. दीनाक्रन्दनस्तोत्र

यह शिव की स्तुति में निर्मित एक लघु स्तोत्र काव्य है। जिसमें 54 रोचक पद्य हैं। इस में कवि ने आत्मोद्धार के लिए जो तर्क, विनय, हठ एवं चतुरता दिखाई है, वह हृदयावर्जक है। यह स्तोत्र काव्यमाला षष्ठ गुच्छक में प्रकाशित है। काव्यमाला का यह संस्करण कश्मीर की दो हस्तलिपियों पर आधारित है। एक हस्तलिखित प्रति देवनागरी लिपि में है और दूसरी शारदा लिपि में। संस्कृत की हस्तलिखित प्रति केवल चार पत्रों में है और शारदा में उपलब्ध हस्तलिखित प्रति 20 पत्रों में है। शारदा लिपि में लिखित स्तोत्र के 20 श्लोक तक संक्षिप्त टिप्पणी भी दी गई है। दोनों हस्तलिखित प्रतियों में परस्पर पाठभेद और अन्तिम

---

1. प्रवृत्त्यैवातिवक्रेण गुणदैर्घ्यं वितन्वता।
   मया शरासनेनेव बाणो दूरं निरस्यते।।
   -जल्हणकृत, सूक्तिमुक्तावली, पृ० = 49, श्लोक = 10.
2. कश्मीर कैटलाग नं० 71.

कुछ पद्यों में क्रमपरिवर्तन भी है। 50 वें पद्य और 51 वें पद्य का एवं 52 वें पद्य का तथा 53 वें पद्य का क्रम विपर्यय मिलता है।

(क) संस्कृत में प्राप्त हस्तलिखित प्रति की पुष्पिका इस प्रकार है--
"इति पण्डितभट्टलोष्टकविरचितं दीनाक्रन्दनस्तोत्रं समाप्तम्" तथा

(ख) शारदा लिपि में प्राप्त हस्तलिखित प्रति में–
"इतिलोष्टकभट्टविरचितं दीनाक्रन्दतस्तोत्रं समाप्तम्"।

3. अन्य रचनाएँ

इसके अतिरिक्त कवि की अन्य रचनाएँ भी रही होंगी, परन्तु अभी उनकी उपलब्धि के विषय में अन्तःसाक्ष्य के आधार पर यही कहा जा सकता है कि ये अनेक कृतियों के रचयिता रहे होंगे। इसके लिए तीन तर्क दिए जा सकते हैं:-

(1) मङ्खक ने लोष्टक के वर्णन के प्रसङ्ग में उक्त 'खलानां' यत्प्रबन्धेषु दृढव्युत्पत्तिवर्मसु' इस वाक्य से उनके अनेक कृतियों के रचयिता होने का सङ्केत मिलता है।

(2) लङ्कक द्वारा आयोजित गोष्ठी में लोष्टक का होना भी उनके महान् कवि होने की पुष्टि करता है।

(3) इसके अतिरिक्त जल्हण द्वारा सूक्तिमुक्तावली में उद्धृत श्लोक से भी उनकी अन्य महत्वपूर्ण रचनाओं की ओर सङ्केत मिलता है।

तृतीय अध्याय
विषय विवेचन

कश्मीर के कवि लोष्टक द्वारा रचित "दीनाक्रन्दनस्तोत्र" 54 श्लोकों का एक लघु स्तोत्र है, जिस में कवि ने भगवान् शङ्कर की स्तुति अत्यन्त मार्मिक ढँग से प्रस्तुत की है। यह स्तोत्र भक्ति रस से आप्लावित हृदय के भावों की अभिव्यञ्जना करने में पूर्ण सफल हुआ है। यद्यपि कवि का शिव के प्रति आत्मनिवेदन ही इस स्तोत्र का प्रधान विषय है तथापि कुछ अन्य ऐसे विषयों का भी इस में समावेश किया गया है, जिनके महत्व की उपेक्षा नहीं की जा सकतीं। इन विषयों का यहाँ सङ्क्षेप में वर्णन किया जा रहा हैः–

1. सांसारिक दुखों का चित्रण

संसार में सब कुछ दुःखात्मक है। यहाँ प्रारम्भ में जो सुखमय प्रतीत होता है, वह भी वस्तुतः दुःखमय ही होता है। इस तथ्य की पुष्ट करते हुए कवि ने स्तोत्र के कई स्थलों में सांसारिक दुःखों का वर्णन किया है। स्तोत्र में जिन सांसारिक दुःखों का उल्लेख है, उन में निम्न मुख्य हैंः–

(क) बिषयों का कटुविपाक

प्रारम्भ में सुखद प्रतीत होने वाले प्रेय विषयों का भोग परिणाम में दुःखमय एवं अश्रेयस्कर होता है। विषयों का प्यासा मानव जब इनका एक बार आस्वाद कर लेता है तो उन से मुक्त नहीं हो पाता। क्योंकि विषयतृष्णा ऐसी है कि इसे शान्त करने का प्रयास करने पर भी यह कम होने के बजाय बढ़ती ही जाती है और मानव को अन्त में भीषण दुःखदायक परिणाम भुगतना पड़ता है। इस तृष्णा से व्याकुल हुआ मानव कोई पुण्य नहीं कर पाता, जिस के कारण उसे जन्म-मरण के चक्र से छुटकारा नहीं मिलता। इस तथ्य को स्पष्ट करने के लिए कवि लोष्टक ने विषयतृष्णा की उपमा क्षुद्र जलाशय के उस जल से दी है जो

प्यास को तो नहीं मिटा पता, उलटा पीने वाले को रोगी बना देता है[1]।

सांसारिक विषयों में फँसकर पड़े मानव का मन केवल राग और द्वेष के अधीन रहता है। राग से जलता हुआ मनुष्य ऐसा कोई उपाय नहीं जान पाता जिससे उसे मृत्यु भय से छुटकारा मिल सके[2]।

सुख प्राप्ति की वाञ्छा से विषयों में डूबे हुए व्यक्ति की बुद्धि अज्ञान से आच्छन्न हो जाती है, जिस के कारण वह अप्रिय को प्रिय, असत्य को सत्य, अपवित्र को पवित्र तथ दुःख को सुख समझने लगता है। यहाँ तक कि उसकी बुद्धि मृत्यु का भी ध्यान नहीं कर पाती। जब मृत्यु अचानक उसके शिर पर आ जाती है, तब वह किंकर्त्तव्य मूढ हो जाता है, क्योंकि उसने संसार में आकर अबतक दुःख देने वाले विषयों का ही सेवन किया है[3]।

(ख) सन्तान- बन्धन

इस संसार में मानव अपनी सन्तान से प्राणों से भी अधिक प्रेम करता है इस संसार में प्राणों से प्यारी यदि कोई चीज है तो वह है- अपनी सन्तान। सन्तान के लिए धर्म को छोड़ कर अधर्म की शरण लेने वाले, सत्य की उपेक्षा कर असत्य का साथ देने वाले, पवित्र कर्मों को छोड़ कर कुमार्ग का अनुसरण करने वाले, कितने ही व्यक्तियों को यह पृथ्वी माता अपनी गोद में धारण किए हुए है।

शिशु एक निश्छल मन लेकर ही संसार में आता है, पर ज्यों- ज्यों वह बड़ा होता जाता है- त्यों- त्यों संसार के विभिन्न विषय उसे घेरते जाते हैं। यौवन आने पर वह विवाह- बन्धन में बंध जाता है। सन्तान उत्पन्न होने पर उसका मोह उसे जकड़ लेता है। सन्तान को सुख देने के लिए वह सभी प्रकार के कष्ट भी सहता है। जिसे वह पाप समझता है, उस काम को भी वह विवश होकर करता है, लेकिन जब उस पर कोई विपत्ति आती है तो माता-पिता भाई-बन्धु कोई उसकी विपत्ति दूर नहीं कर सकते।

कवि ने इस कटु सत्य को स्तोत्र में प्रभावशाली ढँग से प्रस्तुत किया है:- मोह के वश में किया गया विवाह संसार के सम्पूर्ण बन्धन का मूल कारण है, क्योंकि उससे उत्पन्न सन्तान के प्रेमपाश से जकड़ा हुआ मनुष्य सुगमता से छूट नहीं पाता। उसकी दशा भयङ्कर नागों के पाश से लिपटे व्यक्ति की तरह हो

1. चुण्ठीजलैरिव सुखैः परिणामदुःखैः। - दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 1.
2. रागद्वेषैकनिष्ठहृदयो भगवन्नभूवम्। - वही, पद्य = 14.
3. लीनेन भूरिविषयाध्वनि सौख्यलोभात्। - वही, 38.

जाती है। भयङ्कर नागपाश जितना खतरनाक होता है, सन्तान का मोह भी वैशा ही होता है[1]।

सन्तान के झूठे प्रेम से बंधे मनुष्य की दशा नागपाश से वेष्टित व्यक्ति से अधिक दयनीय होती है, क्योंकि सर्पों से घिरे व्यक्ति का कष्ट मृत्यु तक ही सीमित है। यदि वह व्यक्ति सांसारिक बन्धन के कारणभूत अज्ञान जाल से मुक्त रहा हो तो परलोक उसके लिए श्रेयस्कर ही होगा। परन्तु सन्तान के प्रेम-जाल में बंधा मनुष्य उसके पालन-पोष्ण के लिए न जाने क्या क्या कुकर्म करता है। जिस के फलस्वरूप उसे परलोक के सुख से वाञ्चित हो नरक का भीषण कष्ट भोगना पड़ता है। इसके साथ ही उसका सांसारिक जीवन भी मृत्यु से अधिक दुःखमय होता है, क्योंकि अपनी सन्तान के लिए उसे दूसरों के द्वार खट-खटाने पड़ते हैं। सन्तान के उत्कर्ष के लिए उसे सैकड़ों अपमान सहने पड़ते हैं। प्रायः वह कुछ पाने के बजाय दुष्टजनों के घर से अपमानित होकर लौटता है। कवि उसकी तुलना उस कुत्ते से करते हैं जो दाता की प्रसन्नता के लिए पूँछ हिलाता है, जूठन की याचना करता है, परन्तु कुछ पाने के बजाय दुत्कार पाकर लोटता है[2]।

प्राणों से भी प्यारे वे पुत्र-पुत्रियाँ जिन के लिए वह अच्छे मार्ग से भटक कर बुरे मार्ग पर चला, वे भी उस का साथ नहीं देते। मूर्ख मानव तब भी नहीं संभलता। मृत्यु, परदेशगमन आदि कारणों से उनका वियोग होने पर वह अबला नारी की भाँति विलाप करने लगता है। उसका जो वास्तविक कर्तव्य है– सज्जनोचित कर्म-उसे नहीं कर पाता[3]।

(ग) जन्म का कष्ट

माता एवं पिता के रज और वीर्य के संयोग से शिशु मातृ गर्भ में प्रवेश करता है और जब तक वह गर्भ में निवास करता है, तब तक उसे भीषण कुम्भीपाक सदृश कष्ट भोगना पड़ता है।

---

1. मोहात्कृतःपरिणयोऽप्यनयो महीयान्।

- दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 11.

2. तत्पोषणाय विदुषापि मया समस्त –
मौचित्यमुज्झतवतात्तवता कुकृत्यम्।। – वही, पद्य = 12.
3. स्त्रीवन् मया विलपितं विहितं न किञ्चि-
त्कृत्यं सतां समुचितं ह ह हा हतोऽस्मि।। -वही, पद्य = 13.

गर्भ में रहते हुए उसे अपने पूर्वजन्मों का स्मरण आता है। उन में भोगी हुई अनेक प्रकार की विपत्तियों का स्मरण कर वह अत्यन्त दुःखी जो जाता है और ईश्वर से यह प्रार्थना करता है कि अब की बार गर्भ से निकलने पर भगवत् स्मरण आदि ऐसे शुभ कर्मों में मन लगाऊँगा, जिससे पुनर्जन्म-ग्रहण करना न पड़े[1]।

ऐसी प्रतिज्ञा के बाद गर्भवास की अवधि पूर्ण हो जाने पर जब वह गर्भ के रास्ते निकलने लगता है, तब भी उसे तीव्र कष्ट का सामना करना पड़ता है। यह कष्ट इतना प्रखर होता है कि इस के केवल स्मरण से भीषण भय उत्पन्न होता है[2]।

(घ) प्राणत्याग के समय की भयावह दशा

शास्त्रों एव पुराणों में कहा गया है कि मनुष्य की आयु जब क्षीण हो जाती है तो वह किसी न किसी कारण मृत्यु को प्राप्त हो जाता है। अग्निपुराण में कहा गया है कि–

आयुषोऽन्ते नरः प्राणैरनिच्छन्नपि मुच्यते।।
जलमग्निर्विषं शस्त्रं क्षुद् व्याधि पतनं गिरेः।
निमित्तं किञ्चिदासाद्य देही प्राणै विमुच्यते।।[3]

अर्थात् अपनी आयु समाप्त होने पर शरीरी, पानी, आग, विष, शस्त्र, भूख, रोग एवं पर्वत से पतन आदि किसी कारण से, उसकी इच्छा के विपरीत ही, मर जाता है।

कवि लोष्टक ने स्तोत्र में मृत्यु समय की दशा का इस प्रकार वर्णन किया है।

मृत्यु के समय दशों इन्द्रियाँ अपने-अपने कर्मों से विरत हो जाती हैं, मन की गति रुक जाती है और प्राण टूट जाते हैं[4]।

मृत्यु अचानक आकर प्राण हरण कर लेती है। उसका आगमन अन्धे के मुख पर पड़े चाँटे की तरह होता है अर्थात् जिस प्रकार अन्धे व्यक्ति को यदि

---

1. .... तद् दुःखमन्वभवमीश गभीरकुम्भपाकम्।
   -दीनाक्र० स्तो०, पद्य –6
2. यस्मिन्निकाममभिमानधनास्त्रपन्ते। – वही, पद्य = 8.
3. अग्नि पु०, अ० = 103.
4. दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 30,

कोई चांटा मार दे तो आहत होने से पूर्व उसे कुछ ज्ञान नहीं होता, उसी प्रकार मृत्यु के आने का भी पता नहीं होता[1]।

विवेक्शून्य होकर दुष्कर्मों को करता हुआ मानव जब मृत्यु को स्मरण करता है तो वह इतना डर जाता है कि वह खाने-पीने में भी समर्थ नहीं होता-निश्चेष्ट हो जाता है[2]।

मृत्यु की तो बात ही क्या यमराज के सेवकों की हुङ्कार का स्मरण मात्र भी मनुष्य को मूर्च्छित कर देता है[3]।

इस प्रकार जगत् के सभी विषयों की दुःखात्मकता दिखाते हुए कवि ने पाठकों के हृदय को "सर्वं दुःखमयं जगत्" इस वाक्यार्थ की ओर आकृष्ट करने का प्रयास किया है। कवि ने इस स्थिति को" दुःस्वप्न एष विषमो भवदुःखानामा[4]" और "भवघोरविपत्"[5] आदि वाक्यों द्वारा प्रकट किया है।

2. नरक का वर्णन

(क) नरक का कष्ट : मरने के बाद पापी मनुष्य को यमदूत नरक में ले जाते हैं और वहाँ उन्हें अनेक प्रकार का कष्ट देते हैं। नरक में भीषण से भीषण कष्ट देने के लिए अनेक साधन होते है। चण्डाल, यमदूत कुछ पापियों को आपस में खींचते हुए, पीडित करते हुए, शिर नीचे लटका कर गड्ढों में गिरा देते हैं। कुछ को तलवार सदृश पत्रों वाले वन में घुमाते हैं, औरों को तीक्ष्ण दांत वाले कुत्ते खाते है।

नरक वर्णन के प्रसंग में भागवत में लिखा है

यन्त्रचक्रेषु तिलवत् पीड्यन्ते तत्र केचन।
अङ्गारेषु च दह्यन्ते तथा दुष्कृतकारिणः।।
कुम्भीपाकेषु पच्यन्ते पच्यन्ते सिकतासु वै।
पाट्यन्ते तरुवच्छस्त्रैः पापिनः क्रकचादिभिः।।

---

1. दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 32.
2. वही, पद्य = 34, 38.
3. वही, पद्य = 40.
4. वही, पद्य = 47.
5. वही, पद्य = 45.

भिद्यन्ते भागशः शूलै स्तुद्यन्ते सूक्ष्मसूचिभिः ।
एवं त्वया कृतो दोषस्तदर्थं दण्डनं त्विति ।।[1]

नरक के इन्हीं कष्टों की ओर कवि ने स्तोत्र में इस प्रकार सङ्केत किया है-

नरक अत्यन्त धोर है, उस में जो भीषण कष्ट हैं उनका सहन करना तो क्या स्मरण मात्र तीव्र भय को पैदा करने वाला है[2] ।

नरक-भूमि में हमेशा अन्धकार छाया रहता है और वहाँ हमेशा अग्नियां जलती रहती हैं[3] ।

(ख) यमराज के अनुचर

मृत्यु के बाद यमराज के दूत मनुष्य को यमराज के पास ले जाते हैं। ये अत्यन्त भरुङ्कर होते हैं:-

नीयते यमदूतैस्तु यमं प्राणिभयङ्करैः ।
कुपथे दक्षिणद्वारि धार्मिकः पश्चिमादिभिः ।।[4]

स्त्रोत में कवि ने यमदूतों का निम्न प्रकार से वर्णन किया है–

यमराज के सेवक अत्यन्त भयङ्कर होते हैं। उनकी भौहें इतनी डरावनी होती हैं कि उनके स्मरण मात्र से मनुष्य भयविह्वल हो जाता है[5] ।

उन की भयानक हुंकार के स्मरण मात्र से मानव मूर्च्छित हो जाता है और भय से व्याकुल होकर प्राणों को त्याग देता है। ये बड़े निर्दयी होते हैं। ये छोटा, बड़ा, कुछ नहीं देखते क्या बालक, क्या जवान, क्या वृद्ध सब को ले जाते हैं[6] ।

3. अज्ञान

शास्त्रो में अज्ञान को मानव के जन्म-मरण का कारण माना गया है। अज्ञान के वशीभूत होकर मानव दु:ख-सुखों में लिप्त रहता है। अज्ञान के विनष्ट हो जाने पर मनुष्य मोक्ष प्राप्त कर लेता है-

---

1. देखिए = श्रीमन्महाभागवत, चतुर्थ भाग, अ० = 145.
2. दीनाक्र० स्तो० पद्य = 4, 16.
3. वही, पद्य = 20.
4. अग्निपुराण, दश० अ० - 4.
5. दीनाक्र० स्तां०, पद्य = 16, 39.
6. वही, पद्य = 40, 42.

इह तावत् समस्तेषु शास्त्रेषु परिगीयते।
अज्ञानं संसृते मूलं ज्ञानं मोक्षैककारणम्।।[1]

अज्ञान से ग्रस्त मनुष्य क्षणिक, दुःख देने वाले एवं त्याज्य सांसारिक विषयों को स्थायी, सुखात्मक और ग्राह्य समझते हुए उनकी प्राप्ति की इच्छा करता है, जिस के कारण उसे बार-बार जन्म ग्रहण करना पड़ता है।

"क्षणिक, दुःखद, असार एवं हेय विषयों को स्थायी, सुखद, सार तथा उपादेय समझ लेना ही अविद्या या मिथ्या ज्ञान है। यह जन्म का कारण है[2]।

इस स्तोत्र के कई पद्यों में कवि ने अज्ञान का वर्णन किया है। अज्ञान को कवि ने अविद्या, मोह आदि शब्दों द्वारा अभिहित किया है।

अज्ञान जन्म-मरण का कारण है। यह अज्ञान ही मानव को जन्म-मरण के चक्र में फंसा कर जन्म- जन्मान्तर तक कष्ट देता है।

यह अविद्या ज्यों ही मनुष्य को वासनाओं से ग्रस्त पाती है, त्यों ही बलात् उसमें प्रवेश कर लेती है और दया शून्या दुष्टा राक्षसी की भांति अनेक जन्म-मरण रूपी गर्त्तों में धकेल कर कष्ट देती रहती है[3]।

इस अज्ञान के द्वारा जन्म-मरण के फेरे में पड़ा मानव कभी घोर नरक में दुःख भोगने के लिए भेज दिया जाता है और कभी अचानक देवताओं के पवित्र स्थान स्वर्ग में। इस प्रकार उसकी दशा उस गेंद की तरह हो जाती है जो एक बार खिलाड़ी के द्वारा फेंके जाने पर ऊपर जाती है, फिर नीचे गिरती है। पुनः पैर की ठोकर खाकर ऊपर उठती है। इस प्रकार अज्ञान में फँसे मानव को कितनी बार जन्म लेना पड़े और मरना पडे, इसकी कोई सीमा नहीं[4]।

अज्ञानी मनुष्य के मन में विवेक का सञ्चार उसी प्रकार नहीं होता, जिस प्रकार श्रेष्ठ द्विज चण्डाल के घर में स्वप्न में भी जाना पसन्द नहीं करता। और यदि कभी विवेक आ भी जाए तो शीशे पर पड़े मोती के समान रोकने पर भी नहीं रुकता[5]।

---

1. तन्त्रालोक = (जयरथकृत टीका सहित) 1.22.
2. भारतीय दर्शन- श्री सतीश चन्द्र एवं श्री धीरेन्द्र मोहन दत्त रचित (श्री हरिमोहन झा एवं श्री नित्यानन्द द्वारा अनुदित), पृ० 97.
3. मां राक्षसीव बहु नाथ तुदत्यविद्या। - दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 3.
4. मोहेन कन्दुकदशामिव नीयमानः, वही, पद्य = 4.
5. ....विशति नैव मनो विवेकः स्वप्नेऽपि पक्वणमिव प्रवरो द्विजानाम्। वही, पद्य = 5.

यह अज्ञाननिद्रा कुम्भकर्ण की नींद से भी गहरी है, जो निरन्तर प्रभूत शास्त्र श्रवणरूप तुरही (वाद्य यन्त्र विशेष) से भी शान्त नहीं होती[1]।

4. कर्म तथा कर्मफल

भारत के प्रायः सभी दर्शन कर्मवाद को स्वीकार करते हैं। कर्मवाद के अनुसार हमारा वर्तमान जीवन अतीत के कर्मों के अनुसार चलता है और हमारा भविष्य जीवन वर्तमान के कर्मों के अनुरूप होगा। मनुष्य जो कर्म करता है उसका फल नष्ट नहीं होता और बिना किये कर्म का उसे फल नहीं मिलता। डेनमार्क के प्रसिद्ध दार्शनिक 'हेराल्डहेफडिंग ने धर्म की परिभाषा करते हुए कहा है कि-"मनुष्य के अच्छे या बुरे कर्मों का फल नष्ट नहीं होता, ऐसे विधान में विश्वास का नाम ही धर्म है"[2]।

कवि लोष्टक भी कर्मवाद के इस सिद्धान्त के विरुद्ध नहीं हैं। उनका भी यही मत है कि यदि हम अच्छे कर्म करेंगे तो उनका अच्छा फल भी हमें ही मिलेगा और यदि बुरे कर्म करेंगे तो उसका फल भी हमें ही भोगना पड़ेगा। यही कारण है कि स्तोत्र में बुरे कर्मों के प्रति घृणा व्यक्त कर अपनी अनास्था दिखाकर पाठकों को इसे न करने की शिक्षा कवि ने दी है:—

मातृगर्भ में रहता हुआ बालक वहाँ के कष्ट से पीड़ित होकर भगवान् से यह प्रतिज्ञा करता है कि अब की बार गर्भ से निकलने पर वह पुनर्जन्म के विनाश के लिए ईश्वर भजन आदि शुभ कर्मों में मन लगाएगा; पर ज्यों ही वह गर्भ से निकलता है तो अनेक कुकर्मों के संयोग से अत्यन्त मूढ दशा को प्राप्त हो जाता है, जिस के कारण वह कोई शुभ कर्म नहीं कर पाता[3]।

इसके बाद जब वह युवावस्था को प्राप्त कर लेता है तो अनेक प्रकार की शृङ्गारिक चेष्टाओं के द्वारा अविवेक का सञ्चय कर घोर नरक में ले जाने के लिए कारण बनने वाले बुरे कर्मों के संयोग से इहलोक तथा परलोक दोनों की पवित्रता को नष्ट कर डालता है जिससे उसे न इस लोक में सुख मिलता है और न परलोक में उस की सद्गति होती है[4]। सांसारिक-सम्बन्धियों की असारता

1. अनवरतश्रुतभूरिशास्त्रस्वनैरपि न शाम्यति मोहनिद्रा । - दीनाक्र० स्तो०; पद्य = 47.
2. देखिए, भातीय दर्शन, श्री सतीशचन्द्र एवं श्री धीरेन्द्र मोहन दत्त रचित, (श्री हरिमोहन झा एवं श्री नित्यानन्द मिश्र द्वारा अनुदित) के द्वितीय संस्करण का पृ० = 10.
3. पुनरुद्भवभङ्गहेतोः -चेतो विधास्य इति चाकरवं प्रतिज्ञाम् ।-दीनाक्र०, स्तो० पद्य = 7, 8.
4. प्रशमितोभयलोकशुद्धिः -दीनाक्र० स्तो० = 10.

मनुष्य जिन माता-पिता, बन्धुओं एवं मित्रों पर गर्व करता है, उनसे अपार प्रेम करता है, वे वास्तविक दुःख के समय साथ नहीं देते।

जब मानव कुकर्म के परिणाम स्वरूप दुःख भोगने के लिए नरक में जाता है, तब वहाँ बन्धु-बान्धव, माता-पिता मित्र कोई भी उसके कष्ट में धैर्य नहीं बंधा सकते[1] ।

दुःख- कष्ट के समय तात-मात, इस प्रकार का प्रलाप व्यर्थ है क्योंकि ये सब दुःख निवारण मे असमर्थ हैं[2] ।

5. मन की चञ्चलता

इन्द्रियों में मन श्रेष्ट है। मन का संयम न होने पर इन्द्रियाँ उच्छृङ्खल रहती हैं और किसी प्रकार के अनुशासन में नहीं रहतीं। यह मन ही मनुष्य के उत्कर्ष तथा अपकर्ष में कारण बनता है। आत्मज्योति से प्रकाशित विवेक बुद्धि द्वारा ज्ञानी जन भले ही इस को वशीभूत करन में समर्थ हो, परन्तु आध्यात्मज्ञान से विमुख सामान्य व्यक्ति के लिए इसे वश में करना कठिन है। क्योंकि प्रमथन स्वभाव वाली इन्द्रियाँ बुद्धिमान् पुरुष के मन को भी बलात् हर लेती हैं-

यततो ह्यपि कौन्तेय पुरुषस्य विपश्चितः।
इन्द्रियाणि प्रमाथीनि हरन्ति प्रसभं मनः। -गीता 2/60.

मन की चञ्चलता के प्रसङ्ग में गीता में कृष्ण का कहना है कि--''विषयों में विचरती हुईं इन्द्रियों में से मन जिस इन्द्रिय के साथ रहता है, वह एक ही इन्द्रिय मानव की बुद्धि का वैसे ही हरण कर लेती है जैसे जल में वायु नाव को विचलित कर देती है[3] । मन की चञ्चलता के विषय में कवि का भी यही विचार है। भव-बन्धन से मोक्ष पाने के अनेक साधनों जैसे दान, तप, आदि में से ईश्वर-भक्ति सर्वसुलभ तथा सरल उपाय है क्योंकि दान के लिए सब में सामर्ध्य नहीं होता, इसी प्रकार तप भी प्रयत्न साध्य है। परन्तु भक्ति भी तभी सम्भव है, जब मन एकाग्र हो—चञ्चल मन से भक्ति की सिद्धि नहीं होती।

कवि कहता है मानव का मन पारे के समान अति चञ्चल है। जिस प्रकार

1. नो यत्र बन्धुरथ पिता न माता
नो वा सुहृद् धृतिमुपेत्य विधातुमीष्टे ।-दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 18.
2. आर्तिक्षणे सपदि विस्मर तात मातः- वही, पद्य = 33.
3. इन्द्रियाणां हि चरतां यन्मनोऽनुविधीयते।
तदस्य हरति प्रज्ञां वायुर्नावमिवाम्भसा।। -गीता 2/67.

पारा किसी एक स्थान में नहीं टिकता, उसी प्रकार विषयों में विचरण करने वाला मन भी अस्थिर है- अति चञ्चल है[1]।

6. भव-बन्धन से छूटने का मार्ग

शिव की स्तुति के प्रसङ्ग में कवि ने उन उपायों की ओर भी सङ्केत किया है, जिनके अनुसरण से संसारचक्र से मानव को मुक्ति मिल सकती है। कवि ने निम्न मार्गों की ओर सङ्केत दिया है:-

(क) "सज्जनोचित कार्य करने से मानव को भव बन्धन से छुटकारा मिल जाता है, इस बात की प्रतीति कवि द्वारा स्तोत्र के 13 वें पद्य में कहे गये वाक्य से हो जाती है- इष्ट जनों के वियोग से मैंने स्त्रियों की तरह विलाप तो किया पर सज्जनोचित कर्म नहीं किए, अतः मैं अभागा हूँ।

सच्चरित्रों से भ्रष्ट मानव ही यमराज के भय से त्रस्त होता है। यदि उसने सत्कर्म किए हों तो यमराज के भय से दुःखी होने की क्या आवश्यकता है[2]।

दान, तप, समाधि से भी सद्गति होती है[3]।

(ख) दीन जनों का पोषण, गुरु सेवा, सत्कार्य में अनुराग ये सब कर्म भी संसारचक्र से छुटकारा दिलाने वाले हैं।

(ग) शिव में श्रद्धा तथा उनकी भक्ति भी बन्धन से मुक्त करने में समर्थ है-

शिव पुराण के अनुसार शिव में भक्ति-भावना मनुष्य को मुक्त कर देती है।[4] और सर्वज्ञ ईश्वर शिव का दर्शन भी भक्ति से ही सम्भव है[5]।

कवि ने स्तोत्र के कई पद्यों में इस ओर सङ्केत किया है-

---

1. चित्तं न पारदमिव क्षणमुज्झतीदं चाञ्चल्यविप्लवम् .. ..। -दीनाक्र० स्तो० पद्य = 45.
2. वही, पद्य = 14
3. नासेवि तीर्थदिगसाध्यतरः समाधिः ।-वही, पद्य = 22; नादापि दानमथ नैव तपो व्यधायि। -वही, 22.
4. बहुनात्र किमुक्तेन शिवे भक्त्या विमुच्यते। -शिव पु., 1, 3, 14.
5. एष देवो महादेवः सर्वज्ञो जगदीश्वरः।। अयं तु परया भक्त्या दृश्यते नान्यथा क्वचित्।। -वही, 1, 3, 12.

संसार-रोग (बन्धन) से विह्वल मनुष्य की पीडा का निदान औषधियों के स्वामी (चन्द्र) को शिर पर धारण करने वाले शिव ही कर सकते हैं[1]।

जिन नरकों में जाकर माता-पिता बान्धव, मित्र कोई भी मनुष्य को धैर्य बंधाने में समर्थ नहीं होता वहां दयार्द्रचेता शिव ही शरणार्थी की रक्षा करने में समर्थ हैं[2]।

सच्चरित्र से भ्रष्ट व्यक्ति जब यमराज के भय से उनकी शरण में चला जाता है, तब शिव उस में अच्छे-बुरे का विचार नहीं करते उसका परित्राण करते हैं[3]।

अन्धकार से व्याप्त, सततप्रदीप्त अग्नियों से युक्त नरक में शिव को छोड़कर अन्य कौन शरण हो सकता है। क्योंकि वे तेजोमय त्रिनेत्रधारी (सूर्य-चन्द्र एवं अग्नि को धारण करने वाले) हैं, अतः अन्धकार से भी रक्षा करने में समर्थ हैं और सिर पर देवगङ्गा को धारण करने के कारण अग्नि के सन्ताप से भी रक्षा करते हैं[4]।

यौवन काल में जब इन्द्रियां शक्तिपूर्ण होती हैं। तो वे सांसारिक विषयों की ओर उन्मुख रहती हैं और जब इनकी शक्ति नष्ट हो जाती है तो ईश्वर भजन भी नहीं हो पाता। इसप्रकार जब जन्म निष्फल हो जाता है तो एकमात्र शिव ही शरण्य हैं[5]।

पुण्यज्ञान के अभाव में जब मानव दान, तप, समाधि आदि कोई भी शुभ कर्म नहीं कर पाता तब शिव का स्मरण ही रक्षक है[6]।

संसार में मनुष्य-योनि में जन्म पाना अति दुर्लभ है। इस योनि में जन्म पूर्वजन्म के प्रभूत शुभकर्मों के प्रभाव से होता है। यदि उसे पाकर भी मनुष्य ईश्वर (शिव) की भक्ति-सुख का अनुभव न करे तो मानव जन्म वृथा है[7]।

---

1. त्वामोषधिपतिभृतं सुकृतैरवाप्य,
   आवेदयामि यदहं तव तन्निदानम् ।- दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 2.
2. त्राणं त्वमेव हि जगत्सु दयार्द्रचेताः ।-वही, पद्य = 18.
3. नो साधवो विदधते सदसद्विवेकम् ।- वही, पद्य = 19.
4. धामात्रयीनयन निर्जरसिन्धुमूर्धस्त्वत्तेतरस्त्वमिव कः शरणं नराणाम् ।।- वही, पद्य = 20.
5. वही, पद्य = 21.
6. वही, पद्य = 22.
7. जातं वृथैव मम यत्र मुहुः कदापि।
   नैवान्वभावि भवदर्चनभक्तिसौख्यम् ।।- वही, पद्य = 24.

मानव-शरीर पाकर यदि स्मरण, भजन-कीर्तन आदि किसी भी प्रकार से ईश्वर के काम न आया तो उसे धिक्कार है। कवि कहता है ऐसे मानवीय शरीर से तो बैल और सर्पों का शरीर श्रेष्ट है जो शिव के वाहन और भूषण के लिए काम तो आते हैं[1]।

दुःख के समय सब कुछ भुलाकर शर्व! शङ्कर! शिव! इस प्रकार शिव की स्तुति करने से सम्पूर्ण दुःखों का क्षय हो जाता है[2]।

शिव-भक्ति के विना संसार का संकट दूर नहीं हो सकता[3]।

शिव पापियों के पाप का विनाश करते हैं, डरे हुओं को अभय दान देते हैं और इन दोनों के उद्धार के लिए हमेशा तैयार रहते हैं[4]।

इस प्रकार स्पष्ट होता है कि कवि की शिव में अपार निष्ठा थी।

7. कवि का इष्टदेव-शिव

कवि लोष्टक शिव के मूर्त-रूप का उपासक प्रतीत होता है, क्योंकि कवि द्वारा की गई स्तुति में हमें कई स्थलों में शिव के साकार-रूप से परिचय प्राप्त करने की सामग्री उपलब्ध होती है। स्तोत्र में जिन विशेषणों और सम्बोधनों से कवि ने शिव से कृपा की याचना की है, उनके अनुसार शिव का बाह्य स्वरूप निम्न प्रकार का है:-

1. शिव सिर में चन्द्रमा को धारण करते हैं[5]।
2. वे तेजोमय तीन नेत्रों वाले है[6]।
3. देवगङ्गा उनके सिर पर रहती है[7]।

---

1. मानुष्यकं तु मम धिक्कलया कयापि यन्नोपयोगमगमत्त्वयिगमच्छरीरम्। - दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 25.
2. शर्वेश शङ्कर शिवेति नुतिं भजस्व। - वही, पद्य = 33.
3. कस्तां विना च भवघोर विपद्विनाशः। - वही, पद्य = 45.
4. अहं पापी पापक्षपणनिपुणः शङ्कर भवान्.......। - वही, पद्य = 49.
5. वही, पद्य-2, 15.
6. वही, पद्य = 20.
7. वही, पद्य = 20.
8. वही, पद्य = 25, 44.

4. बैल उनका वाहन और सर्प गले का भूषण है[1]।

5. दिशाएँ उनके वस्त्र हैं अर्थात् वे नग्न रहने वाले हैं और मनुष्यों के अखण्ड मुण्ड (सिरों) को धारण करते हैं।

6. खून से गीले चर्म उनके वस्त्र हैं, महा श्मशान उनका निवास स्थल है, हड्डियां भूषण हैं और सर्प कङ्कण है तथा राक्षस और पिशाच उनके सचिव हैं[2]।

7. वे श्रीकण्ठ हैं[3]।

8. कवि द्वारा शिव के लिए प्रयुक्त अन्योन्य सम्बोधन तथा विशेषण

सम्बोधन	पद्य
शिव	1
मृड	2
नाथ	3
स्वामिन्	4
विश्वेश	5
ईश	6
अध्वनाथ	8
परमेश्वर	9
भगवन्	14
शिरसीन्दुमौले	15
शङ्कर	17
धामत्रेयीनयन; निर्जरसिन्धुमूर्धन्	20
महेश्वर	25
हर	27
शर्व	33

1. दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 28.
2. वही, पद्य = 27.
3. वही; पद्य = 34.

श्रीकण्ठ	34
फणीन्द्रहार	44
भव	38
शम्भो	43
प्रभो	45
गिरिश	50
श्रीविश्वेश्वर	53
धूर्जटे	54

9. शिव के विशेषण

ओषधिपतिभृत्	2
दयार्द्रचेताः	18
पापक्षपणनिपुण	26
युगान्तनिशाचर	27
दिगम्बरम्	28
अखण्डनृमुण्डचूडम्	28
पापक्षपणनिपुण	49
भीताभयवितरणे व्यसनिन्	
दीनोद्धरणविधिसज्ज	49
पशुपति	51

10. कवि की दीनता, करुण-क्रन्दन और शिव को उपालम्भ

कवि ने स्तोत्र में अपने हृदय की दीनता एवं सरलता और शिव की दयार्द्रता एवं उदारता का जो परिचय दिया है, वह सुन्दर बन पड़ा है।

उसका भक्ति-पूरित हृदय बच्चे के हृदय समान है, जो कभी प्रसन्न होता है और कभी दुःखी होकर क्रन्दन करने लगता है।

सांसारिक विषयों के उपभोग से श्रान्त हुआ वह कभी शिव से उनके चरणों की छाया की याचना करने लगता है[1], कभी शिव के उदात्त गुणों का वर्णन करता हुआ मुग्ध होता है[2] और फिर कभी अचानक अपने पूर्व कृत

1. दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 1.
2. वही, पद्य = 49.

दुष्कर्मों का स्मरण करके भयभीत और लज्जित हो जाता है[1], और कभी उसकी भक्ति इतनीदृढ हो जाती है कि वह शिव को उलाहना तक देने लगता है[2]।

(क) कवि की दीनता एवं करुण क्रन्दन

जन्म और मरण के चक्र में फँसे कवि की दीन पुकार देखिए-हे ईश्वर! मोह के कारण मै गेंद की तरह कभी घोर नरक में गिरता हूँ, कभी देवताओं के पवित्र स्थान स्वर्ग में आरोहण करता हूँ। इस प्रकार कब तक जन्म-मरण को सहता रहूँ?[3]

सांसारिक दुःखों से पीडित कवि का दीनतापूर्ण क्रन्दन कितना तर्क पूर्ण है:-

हे शिव! संसार रूपी कठिन रोग से अत्यन्त सन्त्रस्त मुझ पर दया कीजिए। आप ओषधिपति चन्द्र को धारण करने वाले (वैद्येश) हैं, अतः आपके अतिरिक्त कौन इस रोग का निदान कर सकता है[4]?

अपने अशुभ कर्मों के कारण सन्त्रस्त और निराश कवि की यह उक्ति कितनी स्वाभाविक है–

हे शिव! मैं डरा हूँ, अभागा हूँ, पीडित हूँ, तो इस प्रकार किस-किस दृष्टि से आप की कृपा का पात्र नहीं हूँ ? ऐसा समझ कर जैसा उचित समझें वैसा कीजिए[5]।

कवि की अपनी दीनता तथा शिव की सज्जनता से संवलित यह कथन कितना मनोहर है-

यद्यपि मैं सच्चरित्र से भ्रष्ट हूँ, फिर भी आपको मुझ दीन की रक्षा आवश्य करनी चाहिए। क्योंकि व्याकुल होकर शरण में आये दीनों के विषय में सज्जन लोग अच्छे-बुरे का विचार नहीं करते[6]।

शक्ति क्षीण होने पर ईश्वर भजन में असमर्थ इन्द्रियों के कारण दुःखी कवि

1. दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 9, 40, 48.
2. वही, पद्य = 35.
3. वही, पद्य = 4.
4. वही, पद्य = 2.
5. वही, पद्य = 17.
6. वही, पद्य = 19.

की निम्न उक्ति शिव-स्तुति के साथ-साथ हमें यह शिक्षा भी दे रही है कि भजन भी शक्तिपूर्ण इन्द्रियों से ही सम्भव है, अतः यौवन में ही भक्ति कर लेनी चाहिए:–

हे ईश! यौवन में जब मेरा इन्द्रियसमूह तीव्र शक्तिमान् था तो वह विषयों के भोग में आसक्त रहा और आज जब इन्द्रियों की शक्ति विनष्ट हो गई है तो आपका भजन कैसे करूँगा ? मेरा जन्म निष्फल है, मैं क्या करूँ?[1]

मृत्यु भय से व्याकुल कवि द्वारा शिव को किया गया यह निवेदन कितना हृदयावर्जक है:-

हे नाथ स्वस्थ अवस्था में अहङ्कार के कारण विवेक शून्य मैंने निर्भीक होकर न जाने कितने दुराचरण किए पर आज मृत्यु भय के स्मरण से इतना व्याकुल हो गया हूँ कि खाना भी नहीं खा सकता[2]।

यमराज की सेनाओं की टेड़ी भौहों और नरक-पीडा के स्मरण से विह्वल-चित्त कवि का यह क्रन्दन कितना मार्मिक है:-

हे शिव! नरक भूमियों में जहां यमदूतों की भृकुटियों का विकार और जो नई-नई पीडाएँ हैं, उन में प्रवेश करते हुए मेरी क्या दशा होगी ? मैं कहां जाऊँ? मेरा कौन रक्षक है?[3]

यमराज की सेनाओं की हुंकारों के स्मरण से ही भय से व्याकुल मैं मूर्च्छित ही रहा हूँ- मर रहा हूँ। यह कष्ट निकट ही है। हा कुकर्मों में संलग्न मेरी आगे क्या गति होगी?[4]

पाप से पीडित असहाय कवि का यह करुणक्रन्दन सुनिए–

सेकड़ों पापों से पीडित मैं अन्य किसी रक्षक को न पाकर आपके सामने क्रन्दन कर रहा हूँ। अतः शीघ्र कहीं से आकर मुझ पर दया क्यों नहीं करते ? हे विश्वव्यापी शिव मुझ दीन को आस्वासन दीजिए[5]।

भक्त कवि अपने किये पापों को शिव से नहीं छुपाता, अपने स्वामी के सामने हृदय खोलने में किसी प्रकार का सङ्कोच नहीं करता।

---

1. दीनाक्र० स्तो० पद्य = 21
2. वही, पद्य = 34
3. वही, पद्य = 39.
4. वही, पद्य = 40.
5. वही, पद्य = 41.

कवि के ही शब्दों में देखिए–

कृत्वा पापमसावपोष्यत निजः कायो न दीनो जनो-
वैवश्याल्लुठितं चिरं चरणयोः स्त्रीणां गुरूणां न तु।
लोभोऽकारि मया धने न सुकृते तेनानुतप्ये मह-
त्किं शक्यं मम तत्र कर्तुमधुना नाथ त्वमेका गतिः।।[1]

(ख) कवि का शिव को उपालम्भ

बालक जैसे अपनी मन पसन्द चीज न मिलने पर कभी हाथ पैर पटक कर क्रन्दन करता है, कभी अपनी गलती पर डरता है और कभी माँ को उलाहना देता है, वैसे ही भक्त भी अपने इष्टदेव के प्रति उवालम्भ देने लगता है।

अपने जिस इष्ट-देव की वह मुक्तकण्ठ से स्तुति करता है, उसी को वह भक्ति-विभोर होकर उपालम्भ भी दे देता है। यह उसके प्रगाढ भक्भिाव का ही परिणाम है।

दृष्टान्त के द्वारा शिव को उपालम्भ देने वाले कवि की यह उक्ति कितनी बेजोड़ हैः-

मैंने पहले कभी आप की सेवा नहीं की तो क्या शरण में आये हुए मुझ दीन पर दया नहीं करेगें ? अपने नीचे (छाया में) आने वाले व्यक्ति की थकावट को पूर्व अपरिचित होने पर क्या वृक्ष दूर नहीं करता ?[2]

निरन्तर की विपत्ति से ऊब कर शिव की शरण चाहने वाले कवि का यह कथन देखिए–

निरन्तर मेरे सङ्कट को जानते हुए भी आप दयालु मेरी उपेक्षा

क्यों कर रहे हैं ? सारी शङ्काओं को छोडकर शिव! शिव! का उच्चारण करने वाले मेरे प्रलाप को क्या आप नहीं देख रहे हैं[3]।

वह अपने स्वामी से मृत्यु से अभयदान की याचना नहीं करता, न ही किसी लौकिक ऐश्वर्य की कामना करता है। वह तो अपने सेव्य देवता के दर्शन

---

1. दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 48.
2. वही, पद्य = 35.
3. वही, पद्य = 26.

का प्यासा है। यदि वह भी उस के लिए दुर्लभ हो तो उस के लिए बड़ी दुःख की बात है:-

(श्वेत नामक राजा की तरह) न मैं मृत्यु से डरता हूँ, न (मरुत्त राज के समान) सुवर्ण की ही अभिलाषा करता हूँ, न (मुनि कुमार उपमन्यु की भांति) बालकपन के कारण दुग्ध पान का इच्छुक हूँ। मैं तो केवल आपके दर्शन की अभिलाषा करता हूँ, क्या मेरी इतनी सी अभिलाषा भी पूरी नहीं करोगे ?[1]

सचमुच कितने सुन्दर भाव हैं कवि की इन उक्तियों में।

11. कवि द्वारा अपने लिए प्रयुक्त विशेषण

विशेषण	पद्य
अविलुप्ततृष्णः	1
श्रान्तः	1
दुर्वारसंसृतिरुजा भृशकांदिशीकः	2
गुणिताविवेकः	10
विक्लवमानसेन	12
विषादवशंवदेन	13
कृपणस्य	15
भीतः	17
दुर्गततमः	17
कदर्थितः	17
पापः	17
अनवाप्तपुण्यज्ञानस्य	22
कांदिशोकमनसः	31
आहतसर्वशक्तिः	32
विह्वलः	34
अधन्यम्	37

1. दीनाक्र० स्तो०, पद्य 23.

मोहितधिया	38
कुकर्मनिमग्नवृत्तेः	40
आसन्नपापशतसंभृतघोरपीडः	41
वराकम्	41
अयुक्तिविदः	45
अनुद्गतविवेकलवः	46
अकृतात्मा	46
विगतप्रबोधम्	47
पापी	49
भीतः	49
दीनः	49
कृतिनः	52

चतुर्थ अध्याय
भाव एवं कला पक्ष

(क) भाव पक्ष

भक्तिरस तथा दीनाक्रन्दनस्तोत्र में इसका स्थान''

प्राचीन अलङ्कारशास्त्रियों ने भक्ति को रस रूप में पृथक् स्वीकार नहीं किया है। भरतमुनि ने शृङ्गारादि नौ रसों में भक्तिकी गणना नहीं की है[1] । भामह और दण्डी ने भी इसे स्वीकृति नहीं दी। इन दोनों आचार्यों ने भक्ति को प्रेय अलङ्कार में अन्तर्भूत किया है[2]। मम्मट भक्ति को भाव मानते हैं।[3] इन्हीं के अनुसरण में विश्वनाथ ने भी इसे भाव ही माना है[4]। परन्तु इसके विपरीत आधुनिक मधुसूदन सरस्वती आदि आचार्य भक्ति को रस के रूप में स्वीकार करते हैं। मधुसूदन सरस्वती के मत में भक्ति रस ही सर्वोच्च एवं परमार्थिक है,

---

1. शृङ्गारहास्यकरुणवीररौद्रभयानकाः।
   बीभत्साद्भुतशान्ताश्च नव नाट्यरसाः स्मृताः।। -नाट्यशा०, 6, 15-16.
2. (क) प्रेयो गृहागतं कृष्णमवादीद्विदुरो यथा।
   अद्य या मम गोविन्द जाता त्वयि गृहागते।।
   कालेनैषा भवेत्प्रीतिस्तवैवागमनात्पुनः।। -काव्यालं०, 3, 5.
   .(ख) प्रेयः प्रियतराख्यानम् . . . . .
   अद्य या मम गोविन्द जाता त्वयि गृहागते।
   काले नैषा भवेत् प्रीतिस्तवैवागमनात्पुनः।। -काव्याद० 2, 275-276.
3. रतिर्देवादिविषया व्यभिचारी तथाञ्जितः।
   भावः प्रोक्त . . . .।। -काव्यप्र० 4, 35.
4. सञ्चारिणः प्रधानानि देवादिविषया रतिः।
   उद्बुद्धमात्रः स्थायी च भाव इत्यभिधीयते।। -साहित्यद०-3, 260-261.

क्योंकि इस में दुःख का सर्वथा अभाव रहता है और पूर्ण सुख का अनुभव होता है। शृङ्गारादि रस इसकी तुलना में तुच्छ हैं[1]।

दीनाक्रन्दन स्तोत्र का प्रधान विषय शिव-स्तुति है। जिस में कवि ने अपनी दृढ़ भक्ति-भावना को अभिव्यक्त किया है। अतः यहाँ भक्ति रस एवं उसके प्रमुख भेदों का संक्षेप में वर्णन अपेक्षित है। डॉ० वी० राघवन् ने "दि नम्बर आफ रसज़[2]" में भक्ति रस के विषय में अनेक आचार्यों के मतों का सङ्कलन किया है। उन्हीं को आधार मानकर यहाँ भक्ति के स्वरूप, भेद आदि पर संक्षेप में चर्चा की जा रही है।

भक्ति शब्द 'भज् सेवायाम्' धातु से 'स्त्रियां क्तिन्[3]' इस सुत्र से 'क्तिन्' प्रत्यय होकर बना है। इस प्रकार भक्ति शब्द के व्युत्पत्तिनिमित्तक अर्थ में सेवाभाव की ही प्रधानता है।

मधुसूदन सरस्वती 'भक्ति' शब्द की व्याख्या नये ढंग से करते हैं। उनके अनुसार अन्तःकरण का ईश्वर के आकार का ग्रहण ही भक्ति है[4]। इन्होंने भक्ति रस की निष्पत्ति निम्नोक्त रूप में की है:-"सकलविषयविमुखमनसः महाभागस्य कस्यचित् भगवद्गुणगरिमग्रन्थनरूपग्रन्थश्रवणजनितद्रुतिरूपायां मनोवृत्तौ सर्वसाधनफलभूतायां गृहीतभगवदाकारायां विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगेन रसरूपतया विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः इति।

विभावो द्विविधः- आलम्बनविभावः उद्दीपनविभावश्च। तत्र आलम्बनविभावो भगवान्, उद्दीपनविभावः तुलसीचंदनादिः अनुभावो नेत्रविक्रियादि; व्यभिचारिणो भावाः निर्वेदादयः, व्यक्तीभवद्भगवदाकारतारूपरसाख्यः स्थायिभावः परमानन्द-साक्षात्कारात्मकः प्रादुर्भवति, स एव भक्तियोग इति, तं परमं निरतिशयं पुरुषार्थं वदन्ति रसज्ञाः[5]"।

भक्तिरस के भेद

'भक्तिरसामृत सिन्धु' में रूप गोस्वामी ने भक्तिरस के

1. कान्तादिविषया वा ये रसाद्यास्तत्र नेदृशम्।
रसत्वं पुष्यते पूर्णसुखास्पर्शित्वकारणात्।
परिपूर्णरसा क्षुद्ररसेभ्यो भगवद्गतिः।
खद्योतेभ्य इवादित्यप्रभेव बलवत्तरा।। भगवद्भक्तिरसायनम्, 3.
2. दि नम्बर आफ रसज़- डा० वी० राघवन्, पृ० = 129-137.
3. अष्टाध्यायी, 3.3.94.
4. भगवद्भक्तिरसायन, 1, 3.
5. वही, पृ० = 4.

(क) मुख्य और (2) गौण- दो भेद किये हैं।

(क) पुनः मुख्य भक्ति के निम्न पाँच भेद किये हैं:-

1. शान्त, 2. प्रीति, 3. प्रेयान्, 4. वत्सल और 5. मधुर।

(ख) गौणभक्ति के निम्न सात भेद हैं:-

1. हास्य, 2. अद्भुत, 3. वीर, 4. करुण, 5. रौद्र, 6. भयानक, और 7. बीभत्स।[1]

कविराज श्रीकृष्ण ने श्रीकृष्णभक्ति के पांच मुख्य भेद और सात गौण भेद माने हैं[2]। (क) मुख्य भेद, (ख) गौण भेद।

(क) मुख्य भेद

1. शान्त, 2. दास्य, 3. सख्य, 4. वात्सल्य, और 5. मधुर।

(ख) गौण भेद

1. हास्य, 2. अद्भुत, 3. वीर, 4. करुण, 5. रौद्र, 6. भयानक और 7. बीभत्स।

भक्ति के इन भेद, उपभेदों में से श्री कृष्ण द्वारा मान्य पांच मुख रसों का यहाँ क्रमशः संक्षिप्त विरण दिया जा रहा है-

(1) शान्त भक्ति रस

शान्त भक्तिरस का स्थायिभाव शान्त रति है। इसमें ध्यान की प्रधानता रहती है। इसमें भक्त अपने इष्टदेव कृष्ण आदि को परमात्मा या परब्रह्म के रूप में ध्यान करते हैं। निर्मल चित्त वाले योगियों में ही यह रति उत्पन्न होती है।

(2) दास्य भक्ति रस

इसका स्थायिभाव दास्यरति है। जब भक्त अपने इष्ट देव को सम्पूर्ण ऐश्वर्ययुक्त समझ कर उसको सेव्य और अपने को सेवक समझते हैं तो यह रति होती है।

(3) सख्य भक्तिरस

सख्यरति इसका स्थायिभाव है। यह रति भक्त में तब उत्पन्न होती है,

1. भक्तिरसा., दक्षिणविभाग, पंचमलहरी, 95-98, पृ० = 305-306.
2. चैतन्यचरितामृत, मध्य०, 19, पृ० = 213.

जब उसका अपने आराध्य-देव में मित्रभाव या समानता का भाव पैदा होता है। ग्वालों का श्रीकृष्ण के साथ व्यवहार ऐसा ही था।

(4) वात्सल्य भक्ति रस

इसका स्थायिभाव 'वात्सल्यरति' है। ममत्वबुद्धि के कारण जब भक्त कृष्णादि देवों को अपना पुत्र मानकर उसके प्रति पितृ-तुल्य अनुराग प्रकट करते हैं तो भक्तों के हृदयस्थित वह अनुराग वात्सल्यरति कहा जाता है। यशोदा का कृष्ण के प्रति ऐसा ही अनुराग था।

(5) मधुर भक्ति रस

इसका स्थायिभाव मधुर रति है। इसमें भक्तों का कृष्णादि देवों के साथ पति-पत्नी तुल्य सम्बन्ध होता है। गोपियों का कृष्ण के साथ यही सम्बन्ध है।

दीनाक्रन्दनस्तोत्र में दास्य भक्ति रस की प्रधानता है

इस स्तोत्र में दास्य भक्ति के उपर्युक्त लक्षण के अनुरूप कवि शिव को सम्पूर्ण कष्टों से निवारण करने में समर्थ एवं ऐश्वर्य सम्पन्न समझ कर उसकी भक्ति करता है और शिव को सेव्य तथा स्वयं को सेवक मानता है।

उदाहरणतया

इत्थं न किं व्यवहृतं न किमुक्तमात्तं
किं घ्रान्न किं न कलितं ललितं न वापि।
सर्वत्र तत्र शरणं कृपणस्य मे त्व-
मेह्येहि देहि चरणं शिरसीन्दुमौले।[1]

इस पद्य में शिव आलम्बन विभाव हैं, उनके सिर पर स्थित चन्द्रमा उद्दीपन विभाव है। कवि को अपने कर्मों पर दुःख होने से निर्वेद सञ्चारी भाव है। इन सब के द्वारा कवि-निष्ट शिव विषयक दास्यरतिभाव दास्यभक्तिरस के रूप में परिणत हो रहा है।

इसके साथ ही स्त्रोत के कुछ पद्यों में जहाँ यमराज, यमदूत एवं नरकवर्णन है, वहाँ भय स्थायी भाव है, परन्तु वह प्रधानरस भक्ति को विच्छिन्न नहीं करता। यहाँ भय का प्रयोग भक्ति की पुष्टि करता है। इस प्रकार दीनाक्रन्दनस्तोत्र में भक्ति रस का प्रधान एवं अन्य रसों का गौण स्थान है।

1. दीनाक्र. स्तो. पद्य. 15

(ख) कला पक्ष

भाषा शैली

दीनाक्रन्दनस्तोत्र की भाषा अत्यन्त सरल तथा मधुर है। शब्दचयन भावानुकूल बन पड़ा है। दीनता की अभिव्यक्ति के लिए कोमल पदावली का प्रयोग स्वाभाविक एवं प्रभावोत्पादक है। सम्पूर्ण स्तोत्र में क्लिष्टता एवं दूरान्वय का प्रायः अभाव है। यद्यपि स्तोत्र के कुछ पद्यांशों में से दूरान्वय दोष ढूंढा जा सकता है[1] परन्तु उसका प्रयोग केवल अपवाद रूप में है। कवि ने स्तोत्र में वैदर्भी रीति तथा माधुर्यगुण का समावेश किया है। वैदर्भी रीति के समस्त गुण-मधुर शब्दों का चयन, ललित पदों की योजना, समास का सर्वथा अभाव या अल्पसमास युक्त पदों का प्रयोग[2] स्तोत्र में उपलब्ध होते हैं।

यत्रेन्द्रियाणि विरमन्ति निजक्रियाभ्यो,
यात्यान्तरोऽपि करणप्रसरोऽवसादम्।
प्राणास्त्रुटन्ति च समस्तनिराशभूतं
मामेत्य शङ्कर कुतोऽपि तदा दयेथाः।।[3]

इस पद्य में न्द, न्त, ङ, क, आदि वर्णों का संयोग एवं 'ण' और 'र' का प्रयोग तथा छोटे-छोटे समासों वाली मधुर रचना ये सब माधुर्य गुण के व्यञ्जक हैं। माधुर्य एवं प्रसादगुणोपेत उपर्युक्त पद्य वैदर्भी रीति के लक्षण के अनुरूप है।

समास शून्य कोमल पदावली से युक्त एक और पद्य देखिए–

नो यत्र बन्धुरथ नैव पिता न माता
नो वा सुहृद्गतिमुपेत्य विधातुमीष्टे।
तास्वेत्य नाथ नरकभूषु कुर्या–
स्त्राणं त्वमेव हि जगत्सु दयार्द्रचेताः।।[4]

कैसी सरल तथा मधुर पदावाली है पढ़ते ही पाठकों को अर्थबोध हो जाता है।

1. दीनक्र० स्तो०, पद्य 32, 38, 39.
2. माधुर्यव्यञ्जकै वर्णै रचना ललितात्मिका।
   अवृत्तिरल्पवृत्ति र्वा वैदर्भी रीतिरीष्यते।। -सा० द०, 5.2
3. दीनाक्र० स्तो०, पद्य 30
4. वही, पद्य 18

इसके साथ ही प्रसङ्गानुरूप कहीं-कहीं ओज गुण तथा गौडी रीति का प्रयोग भी उपलब्ध होता है, जैसे–

"रूपं दिगम्बरमखण्डनृमुण्डचूडम्"।[1]

इसमें संयुक्त अक्षर 'ण ड', और 'ड' वर्ण का प्रयोग, समास एवं खण्ड, मुण्ड, चूड इन कठोर ध्वनियों का प्रयोग सभी गौडी रीति की रचना कर रहे हैं। यह पद्यांश शिव के भयानक रूप के वर्णन प्रसङ्ग में है। यहाँ पर इन कर्कश संयुक्ताक्षर इस लिए नहीं खटकते क्योकि ये भावानुरूप हैं। लेकिन इस शैली का प्रयोग कवि ने कुछ ही पद्यांशों में किया है, अधिकांश स्थलों पर प्रसन्न पदावाली का ही प्रयोग मिलता है।

उदाहरणार्थ–

कालान्न मे भयमथो कनके न लिप्सा
नैवास्मि शैशववशेन पयः पिपासुः।
त्वद्दर्शनाय तु शिव स्पृहयामि लोभा–
त्त्रापि किं तव न वा सुकरः प्रकारः।।[2]

पूरा स्तोत्र ऐसे ही सरस, सरल तथा कोमल शब्दों से भरा पड़ा है।

शब्दचयन

स्तोत्र में शब्दचयन की विलक्षणता भी दर्शनीय है। कवि की दृष्टि से कोई भी दो शब्द मूलतः परस्पर पर्याय वाचक नहीं हैं, क्योंकि प्रसङ्ग के अनुसार उनके लक्ष्यार्थ या व्यङ्ग्यार्थ बदल जाते हैं। संस्कृत में हर, भव, निर्जरसिन्धुमूर्धा, शिव, चन्द्रमौली आदि शब्द शिव के वाचक हैं और पर्याय वाचक समझे जाते हैं किन्तु लोष्टक के लिए वे वैसे नहीं हैं। इसीलिए उसने उनका प्रयोग प्रसङ्ग के अनुसार बदल कर किया है- जब वह अन्धकार से और निरन्तर जलने वाली अग्नियों से व्याप्त भूमि वाले नरक में अपनी रक्षा के लिए शिव का सम्बोधन करता है तो वह उसे शिव या अन्य शब्दों से न पुकार कर 'धामत्रयीनयन' और 'निर्जरसिन्धुमूर्धन्' आदि शब्दों के द्वारा सम्बोधन करता है। जिन से शिव की नरक से परित्राण क्षमता स्वतः स्पष्ट हो जाती है।[3]

1. दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 28.
2. वही, पद्य= 23
3. वही, पद्य= 20

जब वह अपने को संसार-रोग से पीडित कहता है तो वह शिव को ओषधीपतिभृत् (चन्द्र) कहता है[1]। जब वह स्वयं के लिए पापी, भीत, दीन आदि शब्दों का प्रयोग करता है तो वह शिव के लिए क्रमशः पापक्षपणनिपुण, भीताभयवितणव्यसन, दीनोद्धरणविधिसज्ज इन शब्दों का प्रयोग करता है[2]।

निम्न पद्य में क्रमशः विष्णु और शिव के रूप के वर्णन में प्रयुक्त शब्द अवलोकनीय हैं–

दिव्योत्तरीयभृति कौस्तुभरत्नभाजि
देवेऽपरे दधतु लुब्धधियोऽनुबन्धम्।
रूपं दिगम्बरमखण्डनृमुण्डचूडं
भावत्कमेव तु बतेश मम स्पृहायै[3]।।

यहां प्रथम चरण में कवि ने विष्णु के वैभवपूर्ण वर्णन के लिए उत्तरीय और कौस्तुभरत्न शब्दों का प्रयोग किया है। और तृतीय चरण में शिव के फकीरी रूप के लिए अखण्ड नृमुण्डचूड, दिगम्बर शब्दों का प्रयोग किया है। इस श्लोक को पढ़ते ही हमारे सामने दो भिन्न भिन्न चित्र-विष्णु के ऐश्वर्य सम्पन्न उज्ज्वल रूप और मनुष्य के पूरे सिर को गले में धारण करने वाले नग्न शिव का रूप आ जाते हैं।

अलङ्कारों का समावेश

सालङ्कारिता कवि शैली की एक प्रमुख विशेषता है। कवि ने अपनी कला-तूलिका के द्वारा विविध अलङ्कारों के वर्णो से अत्यत मनोहर सौन्दर्य-चित्रों की सृष्टि की है। कवि ने इस स्तोत्र में उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, काव्यलिङ्ग, परिकर, भाविक, विशेषोक्ति आदि अर्थालङ्कारों एवं शब्दालङ्कारों में अनुप्रास तथा वक्रोक्ति का सरस प्रयोग किया है। इन अलङ्कारों की छटा सचमुच अत्यन्त मनोहर है जो पाठकों के ह्रदय को ऊबने नहीं देती। ये अलङ्कार कहीं भी भावों को बोझिल नहीं बनाते बल्कि उनकी सरसता में सहायक बनते हैं। यहाँ कुछ प्रमुख अलङ्कारों के उदाहरणों को दिखाया जा रहा है।

---

1. दीनक्र० स्तो०, पद्य. 2.
2. वही, पद्य = 49.
3. वही, पद्य = 28.

(1) उपमा

कवि की उपमायें वर्णन में चमत्कार-उत्पादक एवं काव्य सौन्दर्य की श्रीवृद्धि करने वाली हैं। इन में नवीन कल्पनाओं की अद्भुतता दष्टिगोचर होती है। कवि ने इनमें उपमानों का चयन भौतिक जगत् के पशु-पक्षी[1], विभिन्न पदार्थ[2] एवं शास्त्रों[3] से किया है।

अपनी सन्तान के भरण-पोषण के लिए धन के नशे में डूबे धनिकों से याचना करने वाले व्यक्ति की दशा का वर्णन करते हुए कवि कहता है–

तत्पोषणाय विदुषापि मया समस्त–
मौचित्यमुज्झितवतात्तवता कुकृत्यम्।
द्वारि श्ववल्लडितमेव कदीश्वराणां
सोढावमानशतविक्लवमानसेन।।[4]

इस पद्य में उपमा कितनी सजीव है, क्योंकि हम व्यवहार में भी देखते हैं कि अपने बच्चों के लिए निर्धन लोग धनिकों का आश्रय लेते हैं, परन्तु बदले में केवल अपमान पाकर लौटते हैं। ऐसे व्यक्ति की दशा तो उदर पूर्ति के लिए द्वारा पर जाकर लाङ्गूल चालन करने वाले कुत्ते के समान ही है।

अपने चञ्चल मन में विवेक शून्यता को देखते हुए कवि उपमा के द्वारा अपनी दीनता कितने सुन्दर ढंग से प्रकट कर रहा है–

का मे गति विर्शति नैव मनो विवेकः
स्वप्नेऽपि पक्कणमिव प्रवरो द्विजानाम्।
रुद्धेऽपि तत्र न स सोढुमलं मुहूर्तं
विश्वेश मौक्तिकमिवोपरि दर्पणस्य।।[5]

यहाँ एक ही पद्य में दो उपमाओं का प्रयोग है। मन में विवेक के अप्रवेश का सादृश्य, द्विजश्रेष्ठ का चाण्डाल के घर में अप्रवेश से किया गया है और

---

1. दीनाक्र० स्तो०, पद्य–9, 12.
2. वही, 1, 5. 45,
3. वही, 3, 11, 47.
4. वही, पद्य = 12.
5. वही, पद्य = 5.

प्रयत्नपूर्वक रोकने पर भी विवेक का मन में न रुकने की दशा की उपमा शीशे के ऊपर पड़े मोती से की गई है। यहाँ दोनों उपमायें सजीव एवं रोचक हैं। पाठकों के मन में एक साथ दो चित्र उपस्थित हो जाते हैं।

परिणाम में दुःखात्मक सांसारिक सुख छोटे जलाशयों के जलों के समान हैं—

चुण्टीजलैरिव सुखैः परिणामदुः खैः[1]

... ...।

मृत्यु की अनिश्चितता का वर्णन करते हुए कवि कहता है—

अद्यैव यामि शरणं परमेश्वर त्वां
शक्ष्यामि किं ननु तदाहतसर्वशक्तिः।
मृत्यु र्यदा मम भयाय पतत्यकस्मा-
दन्धस्य वक्त्र इव हस्ततलप्रहारः[2]**।**

कैसी स्वाभाविक उपमा है। मृत्यु का क्या पता कब आ जाए क्योंकि वह तो अन्धे के मूहँ पर पड़ी चपेटिका की तरह है। जिस प्रकार नेत्रहीन व्यक्ति अपने ऊपर चपेट मारने वाले व्यक्ति को चपेट पड़ने से पूर्व नहीं देख सकता। पूर्वसूचना के न मिलने के कारण वह उससे बचाव के लिए कोई उपाथ नहीं कर पाता, वह आकस्मिक प्रहार उसे शक्ति हीन कर देता है, उसी प्रकार मृत्यु के आगमन का भी निश्चय नहीं। क्या पता वह कब द्वार पर आ खड़ी हो जाय।

अज्ञानता जन्म-मरण के चक्र में फँसा कर मानव को अनेक जन्मों तक राक्षसी की तरह पीड़ित करती है—

....।
सानेकजन्ममरणावटपातनेन।[3]
मां राक्षसीव बहुनाथ तुदत्यविद्या।।

यथार्थ ज्ञान से विमुख व्यक्ति का मन पारे के समान चञ्चल है—

---

1. दीनाक्र० स्तो०, पद्य–1.
2. वही, पद्य = 32.
3. वही, पद्य = 3.

चित्तं न पारदमिव क्षणमुञ्झतीदं
चांचल्यविप्लवमयुक्तिविदः प्रभो मे ।।[1]

अज्ञान के द्वारा कभी नरक कभी स्वर्ग में ले जाये जाते हुए मानव की दशा गेंद के समान होती है—

घोरे क्षणं विनिपतन्नरके क्षणं च
पुण्यं पदं दिविषदां सहसाधिरोहन् ।
मोहेन कन्दुकदशामिव नीयमानः
स्वामिन् सहे किमवधीनि गतागतानि ।।[2]

इष्टजनों से वियुक्त मानव का विलाप स्त्रियों के विलाप के समान होता है—

"स्त्रिवन्मया विलपितम् विहिते न किञ्चित्"[3] ।

2. उत्प्रेक्षा

इसी प्रकार उत्प्रेक्षा के सुन्दर उदाहरण स्तोत्र में उपलब्ध होते हैं, जैसे

मोहात्कृतः प्ररिणयोऽप्यनयो महीया-
न्मूलं समस्तभवबन्धनदुर्गतीनाम् ।
यस्मादुदेत्य दुरपत्यजनेन सृष्ट-
स्नेहोऽस्मि वेष्टित इवोत्कटनागपाशैः[4] ।।

विवाह के बाद व्यक्ति बच्चों के झूठे प्रेम-जाल में ऐसे फँस जाता है, मानो वह भयङ्कर नाग-पाशों से घिरा हो।

इसी प्रकार गले में मृत्यु-पाश पड़े मानव की उत्प्रेक्षा कवि ने नागेन्द्र को धारण करने वाले शिव से की है—

कण्ठे ऽर्पयत्युरगपाशमसूयया मे
यामिन्यधीशशिख मत्समये कृतान्तः ।
नूनं तदा मुहुरुपैमि फणीन्द्रहार
त्वत्तुल्यतामिति भजे मरणेऽपि हर्षम्[5] ।।

1. दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 45.
2. वही, पद्य = 4.
3. वही, पद्य 13.
4. वही, पद्य = 11.
5. वही, पद्य = 44.

3. रूपक

रूपक अलङ्कार का भी बहुत सुन्दर प्रयोग प्रस्तुत स्तोत्र में हुआ है। निम्न पद्य में कवि ने तीन रूपकों का एकत्र सन्निवेश किया है

दुःस्वप्न एष विषमो भवदुःखनामा
स्वामिन् कथं त्यजति मां विगतप्रबोधम्।
यस्मान्ममानवरतश्रुतभूरिशास्त्र-
तूर्यस्वनैरपि न शाम्यति मोहनिद्रा[1]।।

यहाँ प्रथम पाद में सांसारिक दुःख पर दुःस्वप्न का, तृतीय-चतुर्थ पाद में शास्त्र ज्ञान पर तुरही के शब्दों का एवं चतुर्थ पाद के ही अन्त में मोह पर निद्रा का आरोप किया गया है।

एवमेव संसार पर मरूस्थल का (भवमरौ-पद्य=1),

—भवबन्धन पर दुर्गतियों का- (भवबन्धनदुर्गतीनाम्-पद्य=11),

कुकर्म पर वायु का (शितिकर्मवायोः- पद्य = 8),

जन्म मरण पर कुओं का (स्वानेकजमरणावटपातनेन-पद्य= 3), आरोप नितान्त अवलोकनीय हैं।

4. काव्यलिङ्ग

काव्यलिङ्ग का प्रयोग भी मनोरम है, एक उदाहरण देखिए:-

कृत्वा पापमसावपोष्यत निजः कायो न दीनो जनो
वैवश्याल्लुठितं चिरं चरणयोः स्त्रीणां गुरूणां न तु।
लोभो कारि मया धने न सुकृते तेनानुतप्ये मह-
त्किं शक्यं मम तत्र कर्तुमधुना नाथ त्वमेका गतिः[2]।।

कवि को सन्ताप इस कारण हो रहा है कि उसने पाप करके अपने शरीर का पोषण तो किया, दीन जनों का पोषण नहीं किया, विवश होकर स्त्रियों के पैरों में तो गिरा, गुरु-चरणों की सेवा नहीं की, धन का तो लोभ किया पर पुण्यकर्म में मन न लगाया।

---

1. दीनाक्रं० स्तो०, पद्य = 47.
2. वही, पद्य = 48.

इसी प्रकार के काव्यलिङ्ग के कई उदाहरण स्तोत्र में मिलते हैं।

5. अनुप्रास

अनुप्रास का भी यथा स्थान प्रयोग है। कुछ उदाहरण यहाँ प्रस्तुत हैं–

> **अहं पापी पापक्षपणनिपुणः शङ्कर भवा-**
> **न्नहं भीतो भीताभयवितरणे ते व्यसनिता।**
> **अहं दीनो दीनोद्धरण विधिसज्जस्त्वमितर-**
> **न्न जानेऽहं वक्तुं कुरु सकलशोच्ये मयि दयाम्[1]।।**

यहाँ एक ओर तो प-प, भ-त, द-न, वर्णों की सकृत् आवृत्ति ने छेकानुप्रास की सृष्टि की है। दूसरी ओर भक्त और उनके उपास्य देव के मध्य एक निकट सम्बन्ध भी स्थापित किया है। कवि स्वयं को पापी बताता है और शिव को पापक्षपणनिपुण, स्वयं को भीत बताता है तो शिव को भीताभयवितरणव्यसन और अपने आप को दीन कहता है तो शिव को दीनोद्धरणविधिसज्ज कहता है।

इसी प्रकार

(क) ...... **लग्नोऽनिशं शिव शिवेति मम प्रलापः**– पद्य = 26.

(ख) ...... **ह ह हा हतोऽस्मि**– पद्य = 13.

(ग) ..... **निगूढदृढमूढदशाम्** ... पद्य = 8.

(घ) ...... **भुजङ्गमपुङ्गवानाम्**– पद्य = 25.

इत्यादि में भी अनुप्रास स्पष्ट है।

6. **अर्थान्तर न्यास**– का भी सुरुचिपूर्ण प्रयोग है। अर्थान्तरन्यास द्वारा कवि की यह स्तुति कितनी मनोहर है–

> **भ्रष्टोऽस्मि यद्यपि सतां चरितात्तथापि**
> **मां त्रातुमर्हसि कृतान्त भिया श्रयन्तम्।**
> **प्रह्वेषु विह्वलतया शरणागतेषु**
> **नो साधवो विदधते सदसद्विवेकम्[2]।।**

मैं सज्जनों के चरित्र से गिरा हूँ। तो भी मृत्यु से डरकर आप की शरण

1. दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 49.
2. वही, पद्य =19

लेने वाले मेरी रक्षा आपको अवश्य करनी चाहिए क्योंकि दुःखी होकर शरण में आये दीनों पर सज्जन अच्छे बुरे का विचार नहीं करते।

यहाँ उत्तरार्द्ध के सामान्य द्वारा पूर्वार्द्ध के विशेष का समर्थन है।

7. **स्वभावोक्ति** अलङ्कार का प्रयोग भी कवि ने किया है—

रक्तार्द्रचर्मवसनाय महाश्मशान-
धाम्नेऽस्थिभूषणभृते फणिकङ्कणाय।
रक्षःपिशाच सचिवाय वलिं प्रयामो
रूपाय ते हर युगान्तनिशाचराय।।[1]

यहाँ शिव का स्वभाविक वर्णन हुआ है।

इसी प्रकार स्तोत्र के 30 वें पद्य में मृत्यु अवस्था का स्वभाविक वर्णन है।[2]

8. **परिकर** अलङ्कार के प्रयोग में भी कवि ने अपनी निपुणता दिखाई है

येष्वन्धकारनिकरेण करालिता भू-
र्यत्र ज्वलन्ति नरकेष्वनिशं हुताशाः।
धामत्रयीनयने निर्जरसिन्धुमूर्ध -
स्तत्रेतरस्त्वमिव कः शरणं नराणाम्[3] ।।

यहाँ शिव के दोनों विशेषण-धामत्रयीनयन और निर्जरसिन्धुमूर्धन् साभिप्राय हैं।

इसी प्रकार—

दुर्वारसंसृतिरुजा भृशकांदिशीकै-
स्त्वामोषधीपतिभृतं सुकृतैरवाप्य[4] ।

इस में ओषधीपतिभृत् साभिप्राय है।

9. **भाविक** अलङ्कार का भी स्तोत्र में प्रयोग हुआ है—

1. दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 27
2. देखिए, प्रस्तुत ग्रन्थ पृ० 61
3. वही, पद्य = 20.
4. वही, पद्य = 2.

या विक्रिया यमभटभ्रुकुटिच्छटानां
पीडाश्च या नवनवा नरकावनीषु।
ता निर्विशन्भव कथं भवितास्म्यमुत्र
कुत्र व्रजामि शरणं कतरं प्रपद्ये।।[1]

यहाँ भविष्यत् अद्‌भुत पदार्थ यम सैनिकों की भौहों एवं नरक पीडाओं का प्रत्यक्षवत् अनुभव दिया गया है।

इस प्रकार अन्यान्य अलङ्कारों के सरस स्वाभाविक प्रयोग से कवि ने अपने अलङ्कार-ज्ञान का परिचय दिया है।

(3) छन्दोरचना

वसन्ततिलका

काव्य में छन्द का चयन भी मनोहर है। स्तोत्र के प्रथम 47 श्लोकों में वसन्त तिलका छन्द का प्रयोग है। इस छन्द के प्रत्येक चरण में क्रम से एक तगण (ऽ ऽ ।) एक भगण (ऽ । ।) दो जगण (। ऽ ।, । ऽ ।) एवं दो गुरु (ऽ ऽ) होते हैं-**उक्ता वसन्ततिलका तभजा जगौ गः**[2]।-

शार्दूल विक्रीडितम्

स्तोत्र के तीन पद्यों (48, 53, 54) में शार्दूल विक्रीडित छन्द है। इस छन्द के प्रत्येक चरण में क्रम से मगण, सगण, जगण सगण और दो तगण तथा एक गुरु होता है–

सूर्याश्वै र्मसजस्तताः सगुरवः शार्दूलविक्रीडितम्[3]।

शिखरिणी

स्तोत्र के 49 वें पद्य में शिखरणी छन्द है। इस छन्द के प्रत्येक चरण में क्रम से एक यगण और एक मगण तथा नगण एवं एक सगण और एक भगण तथा एक लघु एवं एक गुरु होता है। छः और ग्यारह में यति होती है–

'रसै रुद्रैश्छिन्ना यमनसभलाः गः शिखरिणी'[4]।

---

1. दीनाक्र० स्तो०, पद्य = 39.
2. वृत्तरत्नाकर–श्री केदारभट्ट विरचित, 3य अ०, का० = 79.
3. वही, का० = 101.
4. वही, का० = 93.

मन्दाक्रान्ता

स्तोत्र के 51 वें पद्य में इस छन्द का प्रयोग है। इस छन्द के प्रत्येक चरण में क्रम से एक मगण, भगण, नगण और दो तगण तथा दो गुरु होते हैं। चार, छः और सात पर यति होती है–

'मन्द्राक्रान्ता जलधिषडगैर्म्भौ नतौ ताद्गुरुचेत्[1]'।

स्रग्धरा

इस छन्द का प्रयोग स्तोत्र के 52 वें पद्य में है। इस छन्द के प्रत्येक पाद में क्रम से एक मगण, रगण, भगण, नगण और तीन यगण होते हैं। सात, सात पर यति होती है:–

म्रभ्नैर्याणां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम्[2]।

इस प्रकार छः विभिन्न एवं मनोहर छन्दों का कवि ने वर्णन किया है।

---

1. वृत्तरत्नाकर - श्री केदार भट्ट रचित, 3 य अ०, का० = 97.
2. वही, का० = 104.

[illegible]

[illegible]

[illegible]
[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]
[illegible]

[illegible]

[illegible]

द्वितीय भाग

मूल पाठ

अनुवाद

टिप्पणी

[illegible]

[illegible]

—

[illegible]

महाकवि श्री लोष्टक विरचित
दीनाक्रन्दनस्तोत्र
सटिप्पण अनुवाद

चुण्ठीजलैरिव सुखैः परिणामदुःखै-

रास्वादितैरपि मनागविलुप्ततृष्णः।

श्रान्तोऽस्मि हा भवमरौ सुचिरं चरित्वा

तच्छायया चरणयोः शिव मां भजेथाः ॥ १॥

अर्थ

छोटे कुओं के जलों के समान परिणाम में दुःख देने वाले (विषय भोग आदि सांसारिक) सुखों का स्वाद लेने पर भी जिस की इच्छा थोड़ी-सी भी पूर्ण नहीं हुई, ऐसा मैं, संसार-रूपी मरुस्थल पर दीर्घकाल तक विचरण करके थक गया हूँ। अतः हे शिव! मेरा सेवन कीजिए अर्थात् मुझे अपना कर मेरी रक्षा कीजिए।

टि०- परिणाम में दुःखात्मक सांसारिक विषयों के उपभोग से मानव कभी तृप्त नहीं होता। वह ज्यों- ज्यों इनका उपभोग करता है, त्यों- त्यों इनके प्रति तृष्णा प्रबल होती जाती है। यह भाव है।

यहाँ प्रथम पाद में विषयों की परिणाम दुःखात्मकता का सादृश्य छोटे जलाशयों (छोटे कुओं) के जलों से दिखाया गया है, अतः उपमा अलङ्कार है।

'भवमरौ' में उपमेय- 'भव' पर उपमान- 'मरुस्थल' का आरोप किया गया है, इसलिए रूपक है—

'रूपकं रूपितारोपो विषये निरपह्नवे' —सा० द०, 10-28.

संसार रूपी मरुस्थल पर चिरभ्रमण से श्रांत होना, शिव के चरणों की छाया के लिए प्रार्थना करने का कारण है। अतः काव्यलिङ्ग अलङ्कार भी है-

1. लतावितानसंछन्न-शिलाकीर्णोऽकृत्रिमो जलाशयश्चुण्ठी। -दी.क्र., पद्य 1 की टीका।

हेतो र्वक्यपदार्थत्वे काव्यलिङ्गं निगद्यते।

सा० द०10-63.

इन सब के द्वारा भक्त कवि एवं शिव में क्रमशः सेवक सेव्यभाव पुष्ट होने से-**दास्यभक्तिरस** है।

दुर्वारसंसृतिरुजा भृशकांदिशीक-
स्त्वामोषधीपतिभृतं सुकृतैरवाप्य।
आवेदयामि यदहं तव तन्निदानं
तत्रावधेहि मृड मा कुरु मय्यवज्ञाम्।।2।।

अर्थ

संसार-रूपी कठिन रोग से अत्यन्त संत्रस्त (किं कर्तव्यविमूढ) मैं औषधियों के स्वामी चन्द्रमा को धारण करने वाले आपको अपने शुभकर्मों द्वारा प्राप्तकर निवेदन कर रहा हूँ कि आप उस रोग का निदान (विश्लेषण) करें। सब को सुख देने वाले हे शिव! मेरी उपेक्षा न कीजिए।

टि० संसार एक भयङ्कर रोग है, क्योंकि इस में जन्म लेकर मानव विषयों में आसक्त होकर संसार से छुटकारा नहीं पा सकता। कवि शिव से प्रार्थना कर रहा है कि वे ही वैद्य बनकर इस रोग का निदान करें। क्योंकि यह संसार-रोग अति भयङ्कर है। इसलिए, शिव ही इससे मुक्त करने में समर्थ हैं।

पद्य के प्रथम पाद में संसार पर रोग का आरोप है, इसलिए **रूपकालङ्कार** है। शिव का विशेषण 'ओषधीपतिभृत्' साभिप्राय है, इसलिए **परिकर** भी है—

"उक्तै विंशेषणैः साभिप्रायैः परिकरो मतः"

सा० द०, 10.57

यहाँ भी **दास्य भक्ति रस** है।

दुर्वासनाशतवशादशुचित्वमीक्ष्य
या मे हठात्कृतवती मनसि प्रवेशम्।
सानेकजन्ममरणावटपातनेन
मां राक्षसीव बहु नाथ तुदत्यविद्या।।3।।

अर्थ

सैकड़ों दुर्वासनाओं के कारण को देखकर जिसने मेरे मन में बलात् प्रवेश

किया, हे प्रभो वह अविद्या राक्षसी की तरह अनेक जन्म-मरण-रूपी कुओं में गिरा कर मुझे बहुत कष्ट दे रही है—सता रही है।

टि० भाव यह है कि अज्ञान दुर्वासनाओं से ग्रस्त मन में ही प्रवेश करता है, और यही जन्म-मरण का कारण बनता है।

यहाँ पूर्वार्द्ध में प्रथम पाद का वाक्यार्थ दूसरे पाद के वाक्यार्थ का हेतु है अतः काव्यलिङ्ग अलङ्कार है।

तृतीय पाद में जन्म-मरण पर कुओं का आरोप होने से रूपक अलङ्कार है।

एवं चतुर्थ पाद में अविद्या की समानता राक्षसी से की गई है, अतः उपमा है। 'साम्यं वाच्यमवैधर्म्यं वाक्यैक्य उपमा द्वयोः' -सा० द० 10.14

रस दास्य भक्ति है।

घोरे क्षणं विनिपतन्नरके क्षणं च
पुण्यं पदं दिविषदां सहसाधिरोहन्।
मोहेन कन्दुकदशामिव नीयमानः
स्वामिन्सहे किमवधीनि गतागतानि ।।4।।

अर्थ

हे स्वामिन्! किसी क्षण में घोर नरक में गिरता हुआ, और पल भर में देवताओं के पुण्य स्थान में चढ़ता हुआ, मैं गेंद की तरह लुढ़कता हुआ, आवागमन के चक्कर को सहता रहूँ क्या?

टि० यहाँ उन्नति और अवनति दोनों क्षणिक हैं यह भाव व्यङ्ग्य है।

मानव के नरक और स्वर्ग में क्रमशः अवरोहण एवं आरोहण की दशा का सादृश्य गेंद से की गई है, इस कारण उपमा अलङ्कार है।

प्रथम पाद में व्यञ्जनसमूह 'क्ष' और 'ण' व्यंजन का स्वरूप और क्रम से एक बार आवृत्ति हुई है, अतः छेकानुप्रास भी है 'छेको व्यञ्जनसङ्घस्य सकृत् साम्यमनेकधा' -सा० द० 10.3

यहाँ कवि की दास्य भक्ति अधिक प्रखर रूप से है।

का मे गति विंशति नेव मनो विवेकः
स्वप्नेऽपि पक्वकणमिव प्रवरो द्विजानाम्।
रुद्धेऽपि तत्र न स रोद्धुमलं मुहूर्तं
विश्वेश मौक्तिकमिवोपरि दर्पणस्य ।।5।।

अर्थ

हे सकल जगत् के स्वामिन्! मेरा क्या हो सकता है ? (मै कहां जाऊं ?) मन में विवेक (सद्बुद्धि) स्वप्न में भी उसी प्रकार प्रवेश नहीं करता जिस प्रकार चाण्डाल के घर में द्विजश्रेष्ठ (सपनें में भी नहीं जाता) और वह (विवेक) वहाँ (मन में) रोकने पर क्षणभर भी उसी प्रकार रोका नहीं जा सकता जिस प्रकार शीशे के ऊपर पड़ा मोती (वहाँ एक क्षण भी नहीं टिकता-गिरा जाता है)।

टि० यहाँ भाव यह है कि वासनाओं से अपवित्र मन में विवेक का प्रवेश नहीं होता, निर्मलमन में ही विवेक आता है।

यहाँ पूर्वार्द्ध में' विशति नैव मनो विवेक, यह उपमेय वाक्य है और, द्विजानां प्रवरः स्वप्नेऽपि पक्वणम् (नैव विशति) यह उपमान वाक्य है, प्रवेशरूप साधारण धर्म है, 'इव' वाचक शब्द है। अतः पूर्णोपमा अलङ्कार है–

'सा पूर्णा यदि सामान्यधर्म औपम्यवाचि च।
उपमेयं चोपमानं भवेद् वाच्यम्' - सा० द०, 10.15

इसी प्रकार उत्तरार्द्ध में मन में विवेक की अस्थिरता का सादृश्य दर्पण के ऊपर पड़े मोती से किया गया है, अतः यहाँ भी उपमा है। दोनों उपमायें स्वतन्त्र हैं, अतः उपमा-संसृष्टि है।

पित्रोर्जघन्यरसबिन्दुयुगं गृहीत्वा
हन्तासकृत्पतितवानधिगर्भवासम्।
तद्दुःखमन्वभवमीश गभीरकुम्भी-
पाकं वराक इति यस्य पुरो गृणन्ति।।६।।

अर्थ

हा दुःख की बात है! मैं माता-पिता के गुप्ताङ्गों के निंद्य रस (रज तथा वीर्य) की दो बूँदों को लेकर अनेक बार गर्भ में गिरा और दया के योग्य (विवश) मैंने गम्भीर कुम्भीपाक सदृश उस (गर्भ के) दुःख का अनुभव किया, ऐसा जिस की वुद्धियाँ स्तुति करती हैं–कहती हैं।

टि० गर्भवास के दुःख की समानता कुम्भीपाक से की गई है। अतः उपमा अलङ्कार है।

यहाँ जुगुप्सा सञ्चारी भाव से शान्त रस की परा पुष्टि हो रही है।

तत्र स्थितस्तदनु तत्तदनेकपूर्व-
जन्मान्तरस्मरणविस्मयदुःखितात्मा।
अस्मान्निसृत्य पुनरुद्भवभङ्गहेतो-
श्चेतो विधास्य इति चाकरवं प्रतिज्ञाम्।।७।।

अर्थ

तत्पश्चात् उस गर्भ में रहते हुए उन- उन अनेक पूर्वजन्मों के स्मरण एवं तत्सम्बन्धी विस्मय के कारण दुःखी मन वाले मैंने इस (गर्भ) से निकलकर पुनर्जन्म के विनाश के लिए (ईश्वर - भजन आदि शुभ कर्मों में) मन लगाऊँगा ऐसी प्रतिज्ञा की।

टि० इस का भाव यह है कि जब मानव मातृ-गर्भ में होता है, उसे पूर्वजन्मों की स्मृतियाँ आती हैं, जिन में उसने अनेक प्रकार के दुःख भोगे। उन सब से दुःखी होकर वह गर्भ में ही यह प्रतिज्ञा करता है कि अब की बार गर्भ से निकलने पर ऐसा कर्म करूंगा जिससे मुझे पुनः जन्म ग्रहण करना न पड़े।

पद्य के प्रथम चरण में 'त' वर्ण की अनेक बार आवृत्ति हुई है, अतः वृत्यनुप्रास अलङ्कार है–

'... .... **एकस्य सकृदप्येषः** ... ...'

—सा० द० : 10.4.

गर्भवास के समय की गई प्रतिज्ञा का कवि ने स्मरण किया है, जिससे उसके मन में निर्वेद का सञ्चार हो रहा है।

तेनाध्वनाथ निसृतोऽस्मि ततः स्मृतेऽपि
यस्मिन्निकाममभिमानधना[1]स्त्रपन्ते।
संस्पर्शतस्तु शतशः शितिकर्मवायोः
प्रायो निगूढ दृढमूढदशामवापम्।।८।।

अर्थ

और इस (प्रतिज्ञा) के बाद उस (गर्भ) के रास्ते से मैं निकला हूँ, जिसके स्मरण मात्र से अभिमानी लोग भी अत्यन्त भयभीत हो जाते हैं। (गर्भ से

1. कश्मीर की शारदा प्रति का पाठ।

निकलने के बाद) बहुधा दुष्टकर्म रूपी वायु के सैकड़ों बार स्पर्श से चुपचाप (सहन करने योग्य) एवं मूर्च्छाभरी (दयनीय) अवस्था को प्राप्ति हो गया हूँ।

टि० यहाँ गर्भ से निकलने के बाद जीवात्मा की विवशता का निरूपण है। वह गर्भ से तो पुनर्जन्म के कारण के विनाश की प्रतिज्ञा करके निकलता है परन्तु जन्म लेने के बाद दुष्कर्मों से घिरकर वह मूर्च्छित-सा हो जाता है, जिससे वह शुभ कर्म नहीं कर पाता।

पद्य के तृतीय चरणान्त में कुकर्म पर वायु का आरोप किया गया है। अतः रूपक अलङ्कार है।

और पद्य के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ पाद में क्रमशः 'त', 'न', 'श', 'द' वर्णों की अनेक बार आवृत्ति हुई है, अतः छेकानुप्रास अलङ्कार है।[1]

तिर्यग्दशामिव शनैरविवेकसेका-
द्वर्षाण्यवाप्य परमेश्वर पञ्चषाणि।
तत्तत्कृतं पतदपि स्मृतिसीम्नि यद्य-
त्सद्यो ह्रियं जडधियोऽपि हृदि प्रसूते।।९।।

अर्थ

हे परमेश्वर! पशु-पक्षी की दशा के समान धीरे- धीरे अविवेक (अज्ञान) के प्रसार के कारण पाँच-छः वर्ष का होकर मैंने जो- जो कर्म किए वे स्मृति की सीमा पर आने पर (स्मरण आने पर) मूर्ख के भी हृदय में तत्क्षण लज्जा को उत्पन्न करते हैं।

टि० शैशवकाल में बालक अज्ञानवश छोटे जीव-जन्तुओं की हत्या, आपस में कलह आदि करते हैं। बचपन की इन्हीं शरारतों के प्रति कवि ने इङ्गित किया है।

पद्य के तृतीय पाद में 'त' वर्ण की अनेक बार आवृत्ति हुइ है, अतः वृत्त्यनुप्रास अलङ्कार है।

रस पूर्ववत् दास्य भक्ति है।

दोष—यहाँ लज्जा सञ्चारी भाव का शब्दतः कथन होने से सञ्चारी भाव का स्वशब्दवाच्यत्व दोष है।[2]

1. छेको व्यञ्जनसङ्घस्य सकृत् साम्यमनेकधा। – सा० द०, 10.3
2. व्यभिचारिरसस्थायिभावानां शब्दवाच्यता
.... रसे दोषाः स्युरीदृशाः।। – का०प्र०-7.60-62

आसाद्य यौवनमथो बहुभिः प्रकारैः
शृङ्गारभङ्ग्यनुगुणै र्गुणिताविवेकः।
जातोऽस्मि घोरनरकावहकर्मयोगा-
द्भोगाशया प्रशमितोभयलोकशुद्धिः ॥१०॥

अर्थ—

इसके बाद यौवन को प्राप्त कर अनेक प्रकार के शृङ्गारिक चेष्टाओं के अनुसरण से अविवेक का सञ्चय करने वाले मैंने (विषयों के) भोग की इच्छा से घोर नरक में ले जाने वाले कर्मों के संयोग से दोनों लोकों की शुद्धता को नष्ट कर डाला है।

टि० भाव यह है कि मानव युवावस्था में यौन विषयों में फंस कर अविवेकी बन जाता है, और नरक के योग्य कुकर्म करता है, जिससे उसे इस लोक में भी सुख नहीं मिलता और परलोक में भी सद्गति नहीं होती। साथ ही भक्त कवि ने यह शोक प्रकट किया है कि जवानी में उसने विषय वासनाओं में लिप्त रहकर अज्ञान की वृद्धि की और दोनों लोकों की पवित्रता को नष्ट कर डाला।

भोग की लालसा से नरक योग्य कर्मों के संयोग को, दोनों लोकों की शुद्धि के विनाश का कारण कहा गया है, अतः काव्यलिङ्ग अलङ्कार है।

द्वितीय पाद में 'ग' वर्ण की तथा चतुर्थ पाद में 'श' वर्ण की अनेक बार आवृत्ति हुई है, अतः वृत्त्यनुप्रास भी है।

मोहात्कृतः परिणयोऽप्ययनो महीया-
न्मूलं समस्तभवबन्धनदुर्गतीनाम्।
यस्मादुदेत्य दुरपत्यजनेन सृष्ट-
स्नेहोऽस्मि वेष्टित इवोत्कटनागपाशैः ॥११॥

अर्थ—

मोह (अज्ञान) से किया गया विवाह भी बड़ी भारी विपत्ति है (और) सम्पूर्ण सांसारिक बन्धनरूप दुर्गति का मूल कारण है। जिससे (विवाह के परिणाम स्वरूप) उत्पन्न हुई दुष्ट सन्ततियों के साथ प्रेम करने से मैं भयङ्कर नाग-पाशों से लपेटा-सा गया हूँ।

टि० यहाँ कवि ने विवाह को भवबन्धन का प्रधान कारण कहा है, उसका कारण यह है कि विवाह के परिणाम स्वरूप जब बच्चे पैदा हो जाते हैं तो मानव उनके प्रेम-पाश में ऐसा बंध जाता है कि वह उन के लिए कर्तव्य अकर्तव्य सब करने को मजबूर हो जाता है; जिससे उसे संसार में बार-बार जन्म ग्रहण करना पड़ता है। उस पर भी यदि सन्तान दुष्ट हो तो माता-पिता का कष्ट और बढ़ जाता है।

यहाँ उत्तरार्द्ध में उपमेय सन्तति-प्रेम पर उपमान नाग-पाश की सम्भावना की गई है इस कारण उत्प्रेक्षा अलङ्कार है- '**भवेत्संयम्भावनोत्प्रेक्षा प्रकृतस्य परात्मना**'- सा० द० एवं पूर्वार्द्ध में '**भवबन्धनदुर्गतीनाम्**' इस वाक्य में भवबन्धन पर दुर्गति का आरोप होने से रूपक भी है।

तत्पोषणाय विदुषापि मया समस्त-
मौचित्यमुज्झितवतात्तवता कुकृत्यम्।
द्वारि श्ववल्लडितमेव कदीश्वराणां
सोढावमानशतविक्लवमानसेन॥ २२॥

अर्थ

विद्वान् होते हुए भी, उन (सन्तान) के पोषण के लिए सम्पूर्ण उचित कर्मों को छोड़ कर, बुरे-कर्मों को स्वीकार करने वाले मेरे द्वारा सैकड़ों अपमानों से दुःखी मन वाला होकर, कुत्सित (बुरे) स्वामियों के द्वार में (पूंछ हिलाकर पिण्ड याचना करने वाले) कुत्ते के समान गिड़गिड़ाना (याचना के लिए) हाव भाव दिखाना ही सहा गया।

टि० इस पद्य के द्वारा कवि ने उस व्यावहारिक तथ्य की ओर सङ्केत किया है, जिस में मानव अपनी सन्तान के भरण- पोषण के लिए जान बूझ कर भी बुरे कर्मों में प्रवृत्त हो जाता है और अनेक अपमान सहता है। झूठी ममता से हुआ पतन इस में चित्रित है।

पद्य में याचना आदि के लिए दूसरों के द्वारे द्वारे भटकने वाले व्यक्ति की दशा का साम्य कुत्ते से की गई है, अतः उपमा अलङ्कार है।

पूर्वार्ध में विद्वान् होते हुए भी दुष्कर्म किए इस रूप में विद्वत्ता गुण का कुकृत्य ग्रहण रूप क्रिया से विरोध है, अतः विरोध अलङ्कार है।

जातिश्चतुर्भिर्जात्याद्यैर्गुणो गुणादिभिस्त्रिभिः।
विरुद्धमेव भासेत विरोधोऽसौ दशाकृतिः॥- सा० द० 10.68

यहाँ निर्वेद सञ्चारी भाव है।

प्राणाधिकैरथ वियोगमवाप्य तैस्तैः
रिष्टैररुन्तुदविषादवशंवदेन।
स्त्रीवन्मया विलपितं विहितं न किञ्चि-
त्कृत्यं सतां समुचितं ह ह हा हतोऽस्मि।।१३।।

अर्थ

और प्राणों से भी अधिक (प्रिय लगने वाले) उन उन प्रेमीजनों से अलग होकर मर्मभेदी (तीक्ष्ण) दुःख के वशीभूत होकर मैंने स्त्री के समान विलाप तो किया, पर सज्जनोचित कोई कर्म नहीं किया। हा मैं कितना अभागा हूँ ?

टि० "तैः तैः वियोगमवाप्य" इस वाक्य में पञ्चमी के अर्थ में तृतीया का प्रयोग हुआ है। सामान्यतः अपादान अर्थ में पंचमी होती है—**अपादाने पञ्चमी**[1]।

मृत्यु को निरन्तर देखते हुए भी मानव की सत्कर्मों में प्रवृत्ति नहीं होती-यह शोचनीय है।

प्रियजनों के वियोग से उद्विग्न व्यक्ति के विलाप को सादृश्य स्त्रियों के विलाप से किया गया है, अतः उपमा अलङ्कार है। चतुर्थ पाद में 'ह' वर्ण की अनेक बार आवृत्ति हुई है, अतः वृत्त्यनुप्रास भी है। प्रेमियों के वियोग से विलाप करने वाले और बाद में तत्त्वज्ञान होने पर अपने को कोसने वाले भक्त की इस उक्ति में निर्वेद सञ्चारी भाव है।

सांसारिकेषु विषयेषु निपत्य राग-
द्वेषैकनिष्टहृदयो भगवन्नभूवम्।
आसीददन्तकभयप्रतिकूलवृत्ति
किञ्चिन्मया न रचितं विदितं न वापि।।१४।।

अर्थ

हे भगवन् लौकिक विषयों में फँस कर मैं एकमात्र राग और द्वेष में ही मन लगाने वाला हो गया। (और) सब को निगलने वाले यमराज के डर के प्रतिकूल अर्थात् यमराज के भय से छुटकारा पाने के लिए, कोई कार्य न मैंने (स्वयं) किया, न जाना।

1. अष्टाध्यायी, 2.3.28

टि० कवि को यह दुःख है कि उसने सांसारिक विषयों में लिप्त रहकर मृत्यु अर्थात् जन्म-मरण चक्र के विनाश के लिए न तो कोई शुभ कर्म किए न किसी शास्त्र अथवा गुरु से ज्ञान ही प्राप्त किया। कवि के इस कथन में निम्न अभिप्राय है

1. सभी सांसारिक विषय राग और द्वेष पैदा करने वाले होते हैं।
2. रागद्वेष के वशीभूत मानव मृत्यु भय को भी भूल जाता है।

कवि ने अपनी सांसारिक विषयों में आसक्ति से चिन्ता प्रकट की है, अतः निर्वेद सञ्चारी भाव है।

इत्थं न किं व्यवहृतं न किमुक्तमात्तं
किं वा न किं न कलितं ललितं न वापि।
सर्वत्र तत्र शरणं कृपणस्य मे त्व–
मेह्येहि देहि चरणं शिरसीन्दुमौले।।१५।।

अर्थ

इस प्रकार मैंने क्या नहीं किया ? क्या नहीं कहा ? क्या नहीं (अपने लिए) लिया ? (स्वार्थसिद्धि के लिए) क्या नहीं सोचा ? क्या नहीं चाहा ? उन सब में (सत्यासत्यविवेकशून्य) मुझ नीच का तुम ही रक्षक हो। सिर पर चन्द्र को धारण करने वाले हे शिव जी! (मेरे समीप) आइए और मेरे सिर पर अपना चरण रखिए।

टि० कवि की कृपणता इस पद्य में अवलोकनीय है। उसने अपनी दीनता, हीनता को व्यक्त किया है। उसका कहना है कि निःसार सांसारिक विषयों को सारवान् समझ कर सारा जीवन उन्हीं के उपार्जन एवं आस्वादन में व्यतीत कर दिया, किन्तु बाद में अपनी त्रुटि को पहचान कर शिवजी से सेवक बनाने की प्रार्थना कर रहा है।

पद्य के द्वितीय पाद में 'क' और 'ल' वर्ण की अनेक बार आवृत्ति हुई है, अतः वृत्त्यनुप्रास है। तथा इसी पाद में एक ही स्वरूप वाले 'ल', 'त' वर्ण समूह की क्रमशः एक बार आवृत्ति हुई है, अतः छेकानुप्रास भी है।

सेवक भक्त ने स्वामी से चरणों की याचना की है, अतः दास्यभक्ति रस है।

याः प्रोत्कटा भ्रूकुटयो यमकिङ्कराणां
पीडाश्च या नवनवा नरकावनीषु।

ताश्चिन्तिता अपि भयाय ममाधुनैव
सोढास्मि ताः कथमहो विषमो विषादः।।१६।।

अर्थ

यमराज के सेवकों (यमदूतों) की जो भयङ्कर भौहें हैं और नरक-स्थलियों में जो नई - नई पीड़ाएं हैं, वे सोचने पर भी अभी मेरे भय का कारण बन रही हैं। मैं उनको कैसे सहन करूँगा, हा बहुत दुःख है ?

टि० कवि ने पद्य में यमदूतों और नरक के भीषण वातावरण का वर्णन किया है, जिससे उसके भागवत का ज्ञान स्पष्ट होता है[1]।

द्वितीय पाद में 'न' और 'व' का स्वरूपतः एवं क्रमशः सकृत् आवृत्ति हुई है, अतः छेकानुप्रास है।

यमराज के भौहों एवं नरकपीडाओं को भय के कारण के रूप कथन होने से काव्यलिङ्ग भी है। भाविक अलङ्कार भी है[2]।

निर्वेद सञ्चारी भाव से शान्तरस पुष्ट हो रहा है।

भीतोऽस्मि दुर्गततमोऽस्मि कदर्थितोऽस्मि
पापोऽस्मि विस्मृतसदध्वपरीग्रहोऽस्मि।
तत्केन केन न पथाऽस्मि कृपास्पदं ते
मत्वेति शङ्कर यथोचितमाचरेथाः।।१७।।

अर्थ

मैं डरा हुआ हूँः अत्यन्त कष्टग्रस्त हूँ, पीडित हूँ, पापी हूँ और सन्मार्ग्रग्रहण करना भूला हूँ। इसलिए हे शिव! किस-किस मार्ग से मैं आपकी कृपा का पात्र नहीं हूँ, ऐसा (मेरी दीन अवस्था) समझ कर जैसा उचित समझें वैसा कीजिए।

---

1. यमस्य पुरुषा धोराश्चण्डालसमदर्शनाः।
   ....
   तत्र वैतरणी नाम नदी ग्राहसमाकुला।।
   दुष्प्रवेशा च घोरा च मूत्रशोणितवाहिनी।। इत्यादि।
   —श्री मन्महाभागवत, चतुर्थ भाग, अध्याय - 145.
2. देखिए— प्रस्तुत स्तोत्र का पद्य = 39.

टि० यह पद्य भी शिव के पौराणिक वर्णन के निकट है क्योंकि पुराणों में शिव भीत, पापी, पीडित भक्तों के रक्षकरूप में वर्णित हैं। पद्य में, 'स्मि' की अनेक बार आवृत्ति हुई है, अतः वृत्त्यनुप्रास है।

'अवगुणों से घिरा हूँ, अतः कृपास्पद हूँ, इस रूप में कृपा के पात्रत्व के लिए अवगुणों को कारण रूप में कहा गया है, इसलिए काव्यलिङ्ग भी है।

दास्य भक्ति रस है।

नो यत्र बन्धुरथ नैव पिता न माता
नो वा सुहृद्धृतिमुपेत्य विधातुमीष्टे।
तास्वेत्य नाथ नरकभूषु कुर्या-
स्त्राणं त्वमेव हि जगत्सु दयार्द्रचेताः।।१८।।

अर्थ

जहाँ न तो सगे- सम्बन्धी, और न ही माता-पिता तथा न ही कोई मित्र पहुँच कर धैर्य बंधाने में समर्थ हो पाता है, हे स्वामिन्! उन नरक भूमियों में पहुँचकर मेरी रक्षा कीजिए क्योंकि सम्पूर्ण भुवनों में केवल आप ही तो दया से प्लावित चित्त वाले हैं।

टि० कवि ने इस पद्य में शिव की दयालुता और सांसारिक सम्बन्धियों की निष्फलता का कथन किया है।

भुवनों में आप ही दयालु हैं, अतः मेरी रक्षा कीजिए, इस रूप में दयालुता का परित्राण के लिए कारण रूप में कथन है, अतः काव्यलिङ्ग अलङ्कार ध्वनिगम्य है।

दास्यरति स्थायी भाव है।

भ्रष्टोऽस्मि यद्यपि सतां चरितात्तथापि
मां त्रातुमर्हसि कृतान्तभियाश्रयन्तम्।

---

1. सर्वावस्थां गतो वापि मुक्तोऽयं सर्वपातकैः।
शिवध्यानान्न सन्देहो यथा रुद्रस्तथा स्वयम्।।
हत्वा भीत्वा च भूतानि भुक्त्वा चान्यतोऽपि वा।
शिवमेकं सकृत् स्मृत्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।।

—लिङ्ग पुराण, 2य भाग, अ० 45, श्लोक 34, 35.

प्रद्वेषु विह्वलतया शरणागतेषु

नो साधवो विदधते सदसद् विवेकम् ।।१९।।

अर्थ

यद्यपि मैं सज्जनों के चरित्र से अर्थात् शुभकर्मों से गिरा हुआ हूँ, फिर भी यमराज (मृत्यु) के भय के कारण (आपका) आश्रय लेने वाले मेरी रक्षा आपको करनी चाहिए क्योंकि व्याकुलता के कारण शरण आये दीनों पर साधु लोग अच्छे बुरे का विचार नहीं करते।

टि० कवि का विचार है कि शिव शरणागत की रक्षा करने वाले हैं, चाहे शरणागत सत्पथ से विचलित क्यों न हो।

यहाँ उत्तरार्द्ध के सामान्य वाक्य द्वारा पूर्वार्द्ध के विशेष का समर्थन है। अतः अर्थान्तरन्यास अलङ्कार है-

सामान्यं वा विशेषेण विशेषस्तेन वा यदि।

कार्यं च कारणेनेदं कार्येण च समर्थ्यते।

साधर्म्येणेतरेणार्थान्तरन्यासोऽष्टधा ततः।।

-सा० द० 10.67

येष्वन्धकारनिकरेण करालिता भू-

यंत्र ज्वलन्ति नरकेष्वनिशं हुताशाः।

धामत्रयीनयन निर्जरसिन्धुमूर्ध-

स्तत्रेतरस्त्वमिव कः शरणं नराणाम् ।। २०।।

अर्थ

जहाँ पर की भूमि अन्धकार समूह में व्याप्त है और जहाँ नरकों में अग्नियाँ निरन्तर जलती रहती हैं, तेजोमय तीन नेत्रों को धारण करने वाले और देवगङ्गा को शिर पर धारण करने वाले हे शिव! वहाँ मनुष्यों का आपके सदृश कौन शरण (रक्षक) हो सकता है?

टि० यहाँ शिव के दोनों विशेषण धामत्रयीनयन, और निर्जरसिन्धुमूर्धन्, साभिप्राय हैं क्योंकि नरक भूमि अन्धकारमय है, इसलिए वहाँ ऐसे रक्षक की आवश्यकता है जो शरणार्थी को उस अन्धकार से बचा सके, और वहाँ अग्नियाँ

जलती रहती हैं, उस ताप से भी बचा सके—शिवजी तेजोमय तीन नेत्र धारण करते हैं, अतः अन्धकार से बचाने में समर्थ हैं, इसी प्रकार शिर पर गङ्गा को धारण करने के कारण—वहाँ की अग्नियों के ताप से भी रक्षा कर सकते हैं। अतः इन साभिप्राय विशेषणों के कारण यहाँ परिकर अलङ्कार है।

दास्यभक्ति रस इस में भी है।

प्राग्यावदिन्द्रियगणः पटुशक्तिरासी-
त्स्वामिन् स तावदगमद् विषयेषु निष्ठाम्।
शक्तिक्षयेऽद्य स कथं भजते भवन्तं
जन्मेति मे विफलमीश किमाः करोमि॥२१॥

अर्थ

हे प्रभो! पहले जब तक मेरा इन्द्रिय समूह प्रचंण्ड सामर्थ्यवान् था तब वह (सांसारिक) विषयों में अनुरक्त रहा। आज वह शक्तिक्षीण होने पर आपकी आराधना कैसे करे। इस प्रकार हे जगदीश्वर! मेरा जन्म निष्फल है हाय मैं क्या करूँ ?

टि० कवि का विचार है कि ईश्वर भक्ति भी युवावस्था में ही सम्भव है। वृद्ध होने पर जब इन्द्रियाँ शिथिल पड़ जाती हैं, तब भक्ति भी नहीं होती। अतः यौवन में ही इन्द्रियों को सांसारिक विषयों से हटाकर ईश्वर चिन्तन में लगाना चाहिए।

"ईश्वर भजन के अभाव में जन्म विफल है," इस रूप में ईश्वर भजन के अभाव को जन्म के विफल होने में कारण बताया गया है; अतः काव्यलिङ्ग अलङ्कार है।

अपने पूर्व कर्मों से कवि को दुःख हो रहा है। अतः निर्वेद सञ्चारी भाव है।

नादायि दानमथ नैव तपो व्यधायि
नासेवि तीर्थदिगसाध्यतरः समाधिः।
तत्का परत्रगतिरस्त्यनवाप्तपुण्य-
ज्ञानस्य मे भव भवत्स्मृतिमन्तरेण।।२२।।

अर्थ

न (किसी) को दान दिया, न कोई तप किया और न ही किसी तीर्थ दिशा

1. यह श्लोक वल्लभदेव ने सुभाषितावली में कर्ता के नामोल्लेख के विना उद्धृत किया है। -द्रष्टव्य, दी.क्र..,पद्य 22 पद पादटिप्पणी

में अर्थात् किसी तीर्थ में जाकर कोई दुस्साधनीय समाधि की। अतः हे शम्भो! पुण्य ज्ञान से विमुख मेरे लिए आपके स्मरण के अतिरिक्त परलोक में कौन-सी गति होगी-मेरा क्या होगा?

टि० इस श्लोक की वल्लभदेव ने सुभाषितावली में उद्धृत किया है। वहाँ इसके कर्ता के बारे में कुछ सङ्केत नहीं है।

पुण्य के अनेक साधन है, जैसे- दान, तप, समाधि आदि। परलोक प्राप्ति के लिए कोई अच्छा कर्म न करके, मैं पापी बना रहा अब तो शिव स्मरण ही मेरे लिए परलोक का साधन बन सकता है। कवि का यह भाव यहाँ ध्वनित हो रहा है।

पद्य के चतुर्थ पाद मे एक ही स्वरूप वाले दो वर्णों (भ, व) की क्रमशः सकृत् आवृत्ति है, अतः छेकानुप्रास है।

कालान्न मे भयमथो कनके न लिप्सा
नैवास्मि शैशववशेन पयः पिपासुः।
त्वद्दर्शनाय तु शिव स्पृहयामि लोभा-
त्तत्रपि किं तव न वा सुकरः प्रकारः।।२३।।

अर्थ

न मुझे मृत्यु से डर है, न सुवर्ण प्राप्त करने की इच्छा है, और न ही बालपन के कारण दूध पीने का इच्छुक हूँ, परन्तु हे शङ्कर! तुम्हारे दर्शन के लिए लोभ से चाहना करता हूँ, क्या उस में भी तुम्हारा सरल ढँग नहीं है? अर्थात् मुझे दर्शन भी नहीं दे सकते?

टि०—कवि ने इस पद्य द्वारा तीन पौराणिक आख्यानों की ओर सङ्केत किया है-

1. श्वेतराजा को शिव द्वारा यमराज के भय से छुड़ाना।

2. शिव द्वारा मरुत्त राजा के नगर में सात दिन तक सुवर्ण वर्षा। और

3. मुनिकुमार उपमन्यु के लिए दुग्ध प्रदान करना।

ये आख्यान हमें कवि के पौराणिक ज्ञान से परिचित कराते है।

---

1. देखिए-काव्यमाला गुच्छक षष्ठ भाग : (नारायण सागर प्रेस, बम्बई सन्- 1890) में प्रकाशित दीनाक्रन्दन स्तोत्र के 23 वें श्लोक की टिप्पणी।

कवि की दृढ भक्ति यहाँ शिव को उपालम्भ दे रही है।

शिव-दर्शन की तुलना में सांसारिक ऐश्वर्य तुच्छ है, यह व्यतिरेक ध्वनि है।

चतुर्थ चरण के "सुकरः प्रकारः" में अनुप्रास अलङ्कार है।

दास्यभक्ति रस है।

यज्जन्म दुर्लभमुशन्ति मनुष्यलोके
तत्प्राप्तिमप्यतनुपूर्वशुभप्रभावात्।
जातं वृथैव मम यत्र मुहुः कदापि
नैवान्वभावि भवदर्चनभक्तिसौख्यम्॥ (२४)॥

अर्थ

मर्त्य-लोक में दुष्प्राप्य जिस (मनुष्य) जन्म की (सभी आत्मायें-या लोग) चाहना करते हैं, पूर्वजन्म के अनल्प शुभकर्मों के प्रभाव से पाया हुआ भी मेरा वह (मनुष्य जन्म) व्यर्थ ही हुआ, जिस में कभी मैंने थोड़ी देर के लिए भी आपकी पूजा और भक्ति के सुख का अनुभव नहीं किया।

टि० पिछले जन्म के अनेक शुभ कर्मों के फलस्वरूप मनुष्य जीवन मिला है, परन्तु उसमें भगवान् का ध्यान न किया जाए तो वह व्यर्थ समझा जाता है।

इस श्लोक में 'यत्र मुहुः ... भक्तिसौख्यम्' इस वाक्यार्थ को, 'यज्जन्म ... जातं वृथैव मम' इस वाक्यार्थ के कारण रूप में कथन किया गया है। अतः काव्यलिङ्ग अलङ्कार है।

इसी प्रकार श्लोक के प्रथम तथा तृतीय पाद में 'म' की, द्वितीय पाद में 'प' की तथा चतुर्थ पाद में 'भ' वर्ण की असकृत् आवृत्ति हुई है, अतः वृत्त्यनुप्रास भी है।

भगवान् की पूजा के अभाव से कवि चिन्तित है। अतः निर्वेद सञ्चारी भाव है।

जाति महेश्वर भुजङ्गमपुङ्गवानां
स्तुत्या वरं भवदलङ्कृतिवाहकृत्यैः।
मानुष्यकं तु मम धिक्कलया कयापि
यन्नोपयोगमगमत्त्वयि मच्छरीरम्॥ २५॥

अर्थ

हे महेश्वर! सर्प और बैल की जाति (क्रमशः) आपके अलङ्कार और वाहन कर्मों के करने के कारण स्तुति के योग्य हैं। परन्तु मेरे मानव देह को धिक्कार है जो किसी भी कला (कुशलता) से आपके उपयोग में नहीं आ सका।

टि० मनुष्य जन्म पाकर यदि ईश्वर का भजन-पूजन न किया जाए तो वह व्यर्थ है।

यहाँ ईश्वर के काम न आने वाले मनुष्य से भगवान् का काम आने वाला पशु अच्छा है। यह व्यतिरेक ध्वनि है।

मानव शरीर का भगवान् के काम न आना, उसकी व्यर्थता में कारण है। अतः काव्यलिङ्ग अलङ्कार है।

प्रथम चरण में "भुजङ्गमपुङ्गवानाम् "मे ङ्ग", की सकृत् आवृत्ति के कारण छेकानुप्रास भी है।

निर्वेद सञ्चारी भाव है।

शश्वद् भृशव्यसनितामपि मेऽवधार्य
धत्से कथं परमकारुणिकोऽप्यवज्ञाम्।
किं नाथ पश्यसि न परिहृत्य शङ्का
लग्नोऽनिशं शिव शिवेति मम प्रलापः ॥२६॥

अर्थ

मेरी नित्य (रहने वाली) अत्यधिक संकट (विपत्ति) को निश्चित जानकर भी, अत्यन्त दयाशील होते हुए भी आप (मेरी) अवहेलना क्यों क्यों कर रहे हैं?

हे स्वामिन्! मेरा विलाप (अपना दास बनाओगे या नहीं, इस प्रकार की) दुविधा को छोड़ कर निरन्तर शिव शिव की रट में लगा है क्या (यह सब आप) नहीं देख रहे हैं ?

टि० यहाँ कवि की शिव के प्रति दृढ भक्ति व्यक्त हो रही है। शिव को सामान्य जन की श्रेणी में रखकर वह उससे प्रश्न पूछ रहा है।

शिव अत्यन्त दयालु हैं, सङ्कट मोचक हैं। कवि का विश्वास है कि सङ्कट के समय आस्था पूर्वक शिव, शिव का उच्चारण किया जाए तो सब विपत्तियां दूर हो जाती हैं।

इस पद्य के चतुर्थ पाद में एक ही स्वरूप वाले दो व्यञ्जनों-'श' और 'क' का क्रमशः सकृत् आवृत्ति है, अतः छेकानुप्रास है।

कवि की शिव के प्रति सेव्य-भावना द्वारा भक्ति रस की पुष्टि कर रही है।

'शङ्का' सञ्चारी भाव का शब्दतः कथन है, अतः आचार्य मम्मट के अनुसार स्वशब्दवाच्यत्व दोष है।[1]

रक्तार्द्रचर्मवसनाय महाश्मशान-
धाम्नेऽस्थिभूषणभृते फणिकङ्कणाय।
रक्षःपिशाचसचिवाय बलिं प्रयामो-
रूपाय ते हर युगान्त-निशाचराय।।२७।।

अर्थ

हे शङ्कर! रक्त से गीले चमड़े के वस्त्रों को धारण करने वाले महाश्मशान को अपना धामसमझने वाले, हड्डियों के आभूषणों से युक्त, सर्पों को कङ्कण बनाने वाले, एवं राक्षसों और पिशाचों को सचिव (सहचर या मन्त्री) बनाने वाले, एवं प्रलयरूपी रात्रि में विचरण करने वाले आप के रूप के लिए भेंट बन जाते हैं।

टि० भक्ति-विभोर कवि यहाँ अपने को शिव को न्योछावर कर रहा है। यहाँ शिव के कर्म एवं रूप का स्वाभाविक वर्णन होने से स्वभावोक्ति अलङ्कार है।

'स्वभावोक्ति दुरूहार्थ स्वक्रियारूपवर्णनम्' - सा० द०, 10. 92. एवं युगान्तनिशाचराय' में प्रलय पर रात्रि का आरोप होने से रूपक भी है।

दास्यभक्ति रस है।

दिव्योत्तरीयभृति कोस्तुभरत्नभाजि
देवेऽपरे दधतु लुब्धधियोऽनुबन्धम्।
रूपं दिगम्बरमखण्डनृमुण्डचूडं
भावत्कमेव तु बतेश मम स्पृहायै।।२८।।

अर्थ

उज्ज्वल अथवा सुन्दर उत्तरीय वस्त्र को पहनने वाले, कौस्तुभमणि को (सिर पर) धारण करने वाले, दूसरे देव (विष्णु) में लोभी बुद्धि वाले, प्रेम करते,

1. का० प्र० 7.60

फिरें। परन्तु हे स्वामिन्! मेरे लिए तो दिशा रूपी वस्त्रों और मनुष्य के पूरे सिर को धारण करने वाले आपका ही रूप स्पृहणीय है अर्थात् मुझे तो अपका ही रूप पसन्द है।

